e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 32

रविवार

02.02.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

**सुविचार**

जरुरी नहीं सब कुछ हासिल हो जाए कुछ किस्से दिल में धड़कते ही रह जाते है!

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## आम बजट : 2025-26

# मिडिल क्लास मालामाल

केंद्र की मोदी सरकार ने आम बजट 2025 में आम आदमी को बड़ा सरप्राइज दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए इनकम टैक्स स्लैब को लेकर बड़ा ऐलान किया। अब देश में 12 लाख रुपये की कमाई पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। सरकार के इस फैसले ने सबको चौंका दिया। बजट से पहले माना जा रहा था कि सरकार मिडिल क्लास के लिए राहत दे सकती है, लेकिन यह नहीं सोचा था कि राहत इतनी बड़ी होगी।

### नया टैक्स स्लैब

12 लाख की इनकम टैक्स वाले को कोई टैक्स नहीं देना होगा.
12 से 16 लाख की इनकम पर 15 फीसदी का टैक्स लगेगा.
16 से 20 लाख की इनकम पर 20 फीसदी का टैक्स लगेगा.
20 से 24 लाख पर 25 फीसदी का टैक्स लगेगा.
24 लाख रुपये से ऊपर की सालाना आय पर 30 फीसदी टैक्स लगेगा.

**अब 12** लाख रुपये तक कोई टैक्स नहीं

**अब 04** साल तक रिटर्न दाखिल किया जा सकेगा

**5 लाख** माइक्रो उद्यमों के लिए के क्रेडिट कार्ड

**100** फ़ीसदी लोगों तक नल का पानी पहुंचाने का लक्ष्य

◎ अगले सप्ताह आएगा नया टैक्स बिल ◎ बुजुर्गों के लिए टीडीएस की सीमा दुगुनी- अब एक लाख

## प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत की जाएगी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारण ने बीमा क्षेत्र के लिए एफडीआई की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि पेंशन उत्पादों के नियामकीय समन्वय व विकास के लिए फोरम की स्थापना की जाएगी। केवआईसी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 2025 में संशोधित केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री शुरू की जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा,आयकर के मामले में इस बात पर जोर दिया जाएगा कि पहले विश्वास करें, फिर छानबीन करें। नया आयकर कानून अगले हफ्ते आएगा। बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100त किया जाएगा। इससे बीमा कंपनियां द्वारा ग्राहकों से मिलने वाली पूरी प्रीमियम राशि को भारत में ही निवेश कराना सुनिश्चित किया जा सकेगा। जन विश्वास बिल 2.0 के तहत 100 से ज्यादा प्रावधानों को अपराध के दायरे से हटाया जाएगा। बीमा कंपनियां आगामी केंद्रीय बजट में खरीदारों को कर लाभ देने और पॉलिसी बेचने के लिए प्रोत्साहन मांग कर रही थीं। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) के अनुसार, 2023-24 में देश की बीमा पहुंच 2022-23 की 4 प्रतिशत की तुलना में 3.7 प्रतिशत रहेगी। जीवन बीमा उद्योग का विस्तार पिछले वर्ष के 3 प्रतिशत से मामूली रूप से घटकर 2023-24 के दौरान 2.8 प्रतिशत रह गया। गैर-जीवन बीमा उद्योग के मामले में यह आंकड़ा 2023-24 के दौरान 2022-23 की तरह 1 प्रतिशत पर ही बना रहा।

## महिलाओं, एससी-एसटी और पिछड़े वर्ग के लिए बड़ा ऐलान, मिलेगा 2 करोड़ तक का टर्म लोन

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार पहली बार उद्यम शुरू करने वाली पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए दो करोड़ रुपये का ऋण शुरू करेगी। वित्त मंत्री ने 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश करते हुए यह भी कहा कि एसएमई और बड़े उद्योगों के लिए एक विनिर्माण मिशन स्थापित किया जाएगा।इसके अलावा सरकार श्रम-प्रधान क्षेत्रों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सुविधाजनक उपाय करेगी। उन्होंने कहा कि ऋण गारंटी 'कवर' को दोगुना करके 20 करोड़ रुपये किया जाएगा और गारंटी शुल्क को घटाकर एक प्रतिशत किया जाएगा। मंत्री ने बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना करने की घोषणा भी की। इस बजट में ढ्ढञ्जक्र और टीडीएस की सीमा बढ़ाई गई है। टीडीएस की सीमा बढ़ाकर 10 लाख की गई है। टैक्स डिडक्शन में बुजुर्गों के लिए बड़ा ऐलान किया गया है। चार साल तक रिटर्न भर सकेंगे। सीनियर सिटीजन को टैक्स पर छूट दोगुनी की गई है। छूट को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख किया गया है।

## मेक इन इंडिया के सभी समान होंगे सस्ते

वित्त मंत्री निर्माल सीतारमण ने बजट 2025 पेश करते हुए स्मार्ट टीवी और स्मार्टफोन की कीमतों को लेकर बड़ा ऐलान किया है। अब आप इन प्रोडक्ट को पहले से कम कीमत में खरीद सकेंगे। वित्त मंत्री की घोषणा के मुताबिक भारत में बनने वाले यानी मेक इन इंडिया के सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान सस्ते होंगे। वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए मोबाइल फोन पर कस्टम ड्यूटी घटाने का ऐलान किया है। इसका सबसे बड़ा असल भारत में मैन्युफैक्चर होने वाले मोबाइल फोन्स की लागत पर पड़ेगा। कस्टम ड्यूटी घटने से मोबाइल फोन्स की कीमतों में भी गिरावट आएगी जिससे ग्राहकों को डायरेक्ट फायदा होगा। अब ग्राहकों को स्मार्टफोन खरीदने के लिए कम खर्च करना होगा।

## केंद्र सरकार ने बढ़ाया रक्षा बजट

केंद्र सरकार ने रक्षा बजट के लिए 6,81,210 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। यह रकम पिछले साल के 6,21,940 करोड़ रुपये के परिव्यय से अधिक है। वहीं कुल पूंजीगत परिव्यय 1,92,387 करोड़ रुपये आंका गया है। राजस्व व्यय 4,88,822 करोड़ रुपये रखा गया है। पेंशन के लिए 1,60,795 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

## हर जिले में बनेगा डे-केयर कैंसर सेंटर

केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े कई एलान किया है। सरकार ने कैंसर और दुर्लभ बीमारियों के रोगियों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने 36 जीवन रक्षक दवाओं को बेसिक सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट दी है। इसके अलावा 37 और दवाओं व 13 नए रोगी सहायता कार्यक्रमों को भी बेसिक सीमा शुल्क से छूट दी गई है। वहीं छह जीवन रक्षक दवाओं पर 5 प्रतिशत शुल्क का एलान किया गया है।

### समाज कल्याण

- सक्षम आंगनबाड़ी पोषण 2.0 में 8 करोड़ बच्चे होंगे
- पीएम स्वनिधि स्कीम को और बढ़ाया जाएगा
- ई श्रम पोर्टल पर गिग वर्कर्स का रजिस्ट्रेशन होगा
- 100 फ़ीसदी लोगों तक नल का पानी पहुंचाने का लक्ष्य
- एक लाख करोड़ का अरबन चैलेंज फंड बनेगा
- 125 शहरों के लिए एक नई उड़ान योजना
- मध्यवर्गीय लोगों के 40,000 अधूरे घर बनाए जाएंगे

### विकास / वृद्धि

- 50 सैलानी स्थल राज्यों की मदद से विकसित होंगे
- 2047 तक 100 गीगावॅट नाभिकीय ऊर्जा का लक्ष्य
- एक लाख करोड़ का अरबन चैलेंज फंड बनेगा एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन बनाया जाएगा.
- अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए भारत ट्रेड नेट बनेगा



### स्टार्ट-अप

- स्स्स्थ्व की कारोबार सीमा और बढ़ाई जाएगी.
- स्टार्ट अप को 20 करोड़ तक का लोन.
- माइक्रो उद्यमों के लिए 5 लाख के क्रेडिट कार्ड.
- 5 लाख दलित-आदिवासी महिलाओं के लिए 2 करोड़ लोन.

## बजट से फिर सबको चौंका गए पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली:** केंद्र की मोदी सरकार ने आम बजट 2025 में आम आदमी को बड़ा सरप्राइज दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए इनकम टैक्स स्लैब को लेकर बड़ा ऐलान किया। अब देश में 12 लाख रुपये की कमाई पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। सरकार के इस फैसले ने सबको चौंका दिया। बजट से पहले माना जा रहा था कि सरकार मिडिल क्लास के लिए राहत दे सकती है, लेकिन यह नहीं सोचा था कि राहत इतनी बड़ी होगी।

## मिडिल क्लास को चौंका दिया

शनिवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2025 पेश किया। इस दौरान उन्होंने कई बड़े ऐलान किया। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार अगले सप्ताह नया इनकम टैक्स बिल लेकर आ रही है। इसके साथ ही मोदी सरकार ने मिडिल क्लास को राहत देते हुए इनकम टैक्स स्लैब में बड़ा बदलाव किया। अब 12 लाख रुपये तक कमाई पर कोई इनकम टैक्स नहीं लगेगा।



## मोदी पहले भी चौंका चुके

ऐसा पहली बार नहीं है, जब मोदी सरकार ने ऐतिहासिक फैसले करके सबको चौंका दिया। मोदी ने 2016 में अचानक नोटबंदी का फैसला किया था। मोदी ने 8 नवंबर साल 2016 को रात 8 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित किया और रात 12 बजे 500 और 1000 के नोट को चलन से बाहर कर दिया था। इसके अलावा मोदी सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक, कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाना, जीएसटी कानून, तीन तलाक कानून और सीएए-एनआरसी से कई चौंकाने वाले फैसले किए।

## किसानों के लिए सरकार ने खोला खजाना

वित्तमंत्री ने किसानों के लिए पीएम धन धान्य कृषि योजना का ऐलान किया. यह योजना के 100 जिलों में राज्य सरकारों के सहयोग से चलाई जाएगी.ये वे जिले होंगे, जिनमें कृषि उत्पादकता कम है. इससे 1.7 करोड़ किसानों को फायदा होगा. इसके साथ ही वित्त मंत्री ने बिहार में मखाना का उत्पादन करने वाले किसानों के लिए मखाना बोर्ड बनाने की घोषणा की. इसका मकसद मखाने की खेती करने वाले किसानों की मदद करना और मखाना की पैदावार बढ़ाना है. इस बजट में सरकार ने किसानों के लिए ये ऐलान किए हैं. सरकार का ध्यान अगले 6 साल तक मसूर, तुअर (अरहर) जैसी दालों की पैदावार बढ़ाने पर रहेगा. वित्तमंत्री ने कहा कि खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के लिए सरकार राष्ट्रीय तेल मिशन चला रही है. उन्होंने कहा कि सरकार ने 10 साल पहले हमने ठोस प्रयास किए थे. इससे दलहन में आत्मनिर्भरता हासिल हुई थी. तब से आय में वृद्धि और बेहतर आर्थिक क्षमता की वृद्धि हुई है. उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों में पंजीकरण और करार करने वाले किसानों से चार साल के दौरान सभी दलहन खरीदी जाएगी. कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए सरकार पांच साल की एक योजना चलाएगी. इससे देश का कपड़ा उद्योग मजबूत बनेगा. सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये तक करने की घोषणा की है.इससे किसानों, पशुपालकों और मत्स्यपालकों को छोटी अवधि का कर्ज मिलता है. वित्तमंत्री ने घोषणा की है कि छोटे उद्योगों को विशेष क्रेडिट कार्ड, पहले साल 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे. इसके अलावा सरकार ने असम के नामरूप में 12.7 लाख मीट्रिक टन की वार्षिक क्षमता वाला यूरिया कारखाना लगाने की घोषणा की है. इसके साथ ही सरकार ने पूर्वी क्षेत्र में बंद पड़े यूरिया कारखानों को खोलना का दावा किया है. सरकार ने सहकारी क्षेत्र के लिए कर्ज उपल्बध कराने के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को समर्थन देगी.

### शिक्षा



- बिहार में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी
- सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब बनेंगे
- भारतीय भाषाओं की किताबों के लिए अलग योजना
- सभी माध्यमिक स्कूलों में ब्रॉड बैंड सुविधा होगी
- 5 नेशनल सेंटर फॉर एक्सिलेंस बनाए जाएंगे
- 2014 के बाद बने 5 IITs में बढ़ेंगी सुविधाएं
- शिक्षा के लिए सेंटर ऑफ एक्सिलेंस इन AI बनेंगे
- मेडिकल कॉलेजों में 10,000 सीटें और बढ़ेंगी
- 5 साल में पीएम रिसर्च फेलोशिप में 10,000 फेलोशिप
- शैक्षिक संस्थानों, संग्रहालयों और निजी संग्रहकर्ताओं के साथ पांडुलिपी विरासत के सर्वेक्षण, प्रलेखन और संरक्षण के लिए ज्ञान भारतम मिशन बनाने का प्रस्ताव. इसके तहत 1 करोड़ से अधिक पांडुलिपियां शामिल की जाएंगी.

### सस्ता

36 कैंसर दवाएं. मेडिकल उपकरण.स्स्वष्ठ सस्ती होगी. भारत में बने कपड़े.मोबाइल फोन बैटरी.82 सामानों से सेस हटाया गया है. लेदर जैकेट, जूते, बेल्ट, पर्स.ईवी वाहन.LCD, LED टीवीहैंडलूम कपड़े.

### महंगा

इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले पर कस्टम ड्यूटी 10 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी कर दी गई है. इससे इनके दाम भी बढ़ेंगे.

## बजट में बिहार को मिला खास तवज्जो

आम बजट में बिहार को खासा तवज्जो दी गई है। इसमें मखाना बोर्ड की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता और आईआईटी पटना की क्षमता में विस्तार सहित कई बड़े एलान शामिल हैं। वित्त मंत्री ने यह भी घोषणा की कि केंद्र, भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्य में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के निर्माण के अलावा बिहार में एक राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान भी स्थापित करेगा।

## बजट पर प्रतिक्रिया



### ये जनता जर्नादन का और देश के लोगों की जेब भरने वाला बजट : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि पेश किया गया बजट बचत, निवेश, खपत और विकास को तेजी से बढ़ाएगा. मैं इस जनता जनार्दन के बजट के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं.

### राहुल गांधी ने बजट को बताया- गोली के घाव पर मरहम पट्टी



कांग्रेस पार्टी ने बजट में अर्थव्यस्था से जुड़े संकट के समाधान के लिए कुछ नहीं होने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बजट के बारे में कहा है कि गोली लगने के घाव पर मरहम पट्टी की गई है।

### झामुमो ने कहा यह चुनावी बजट है

झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि पड़ोसी राज्य बिहार को बहुत कुछ मिला है, और मिलना भी चाहिए, लेकिन झारखंड के साथ अन्याय क्यों? मनोज पांडेय ने कहा कि यह बजट पूरी तरह से चुनावी बजट है.

## भारत के विकास का दूसरा इंजन है एमएसएमई

वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों (एमएसएमई) को भारत के विकास का दूसरा इंजन बताया. उन्होंने कहा कि यह सेक्टर साढ़े सात करोड़ लोगों को रोजगार देता है. उन्होंने कहा कि देश के कुल निर्यात में इस क्षेत्र का हिस्सा 45 फीसदी का है. निर्माण क्षेत्र में इसका योगदान 36 फीसदी का है. एमएसएमई के लिए वित्तमंत्री ने घोषणा की कि एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश की सीमा 2.5 गुना बढ़ाई जाएगी. समृद्ध एमएसएमई युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने का विश्वास देगा. सरकार ने फुटवियर और लेदर क्षेत्र के लिए फोकस प्रोडक्ट स्कीम शुरू की जाएगी. इसका मकसद उत्पादकता, गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है.इससे 22 लाख लोगों को रोजगार मिलने, चार लाख करोड़ रुपये का टर्नओवर और 11 लाख करोड़ रुपये का निर्यात होने की संभावना है.वित्तमंत्री ने बताया कि सरकार ने पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के उद्यमियों के लिए पहली बार एक योजना का ऐलान किया है. इसके तहत अगले पांच साल दो करोड़ रुपये तक का टर्म लोन दिया जाएगा. इसके तहत उद्यमिता और प्रबंधन कौशल के लिए ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जाएगी.




असर्फी कैंसर संस्थान
हर प्रकार के कैंसर का इलाज अब धनबाद में
Comprehensive Cancer care Hospital
Scope Of Services
Medical Oncology
PET SCAN
Surgical Oncology
Mammography
Radiation Oncology
Onco. & Histo. Pathology
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

# बच्चों को निखारने में शिक्षकों का अहम योगदान : अरुणा शंकर

## गुरुकुल विद्या निकेतन का 9 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर हाई स्कूल स्थित शनिवार को गुरुकुल विद्या निकेतन आवासीय विद्यालय में 9वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रथम महापौर अरुणा शंकर, जिसा के अध्यक्ष अविनाश वर्मा, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, विद्यालय के प्रबंध निर्देशक सिकंदर अजाम व निर्देशक अब्दुल हक्यू के द्वारा माता सरस्वती के फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की संचालन शोभा देवी ने किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना,स्वागत गीत,राधे राधे, जंगल का रखवाला डांस, गैंगस्टर डांस, फनी डांस, नाटक अनपढ़ नेता, रिपोर्टर नाटक आदि की बेहतरीन प्रस्तुति कर स्कूली





बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है साथ ही उन्होंने कहा कि भले ही झारखंड खनिज के क्षेत्र में अव्वल हो लेकिन आर्थिक क्षेत्र में यह काफी पिछड़ा है। शिक्षा से ही इस राज्य की आर्थिक, सामाजिक क्षेत्र में उन्नति संभव है। इस क्रम में उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने पलामू जिला को डेवलप करें और सभी अपने जीवन को सार्थक बनाएं। उन्होंने कहा कि अपने साकारात्मक कार्यो से सभी अपने अभिभावकों और शिक्षकों का नाम रोशन करें। जिसा के अध्यक्ष अविनाश वर्मा ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है।शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए।जिस तरह स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ऐसे में लगता है कि शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते हैं और उन्होंने सभी का उत्साहवर्धन भी किया। विद्यालय के प्रबंध निर्देशक सिकंदर अजाम ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। आज का दौर शिक्षा व विज्ञान का दौर है। इस दौर में अशिक्षित व्यक्ति का समाज में कोई महत्व नहीं है।उन्होंने कहा कि शिक्षित होने से मनुष्य की सोचने समझने की शक्तियां बढ़ती है। जिससे वह अपने जीवन को सही दिशा दे पाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य करने एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखते हुए आगे बढ़ने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक गण मौजूद थें।

## डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल में इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल सम्पन्न



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल में शनिवार को इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बड़े उत्साह के साथ खेला गया। यह रोमांचक मैच आइंस्टीन हाउस और क्यूरी हाउस के बीच हुआ। छात्रों और शिक्षकों ने इस खेल का भरपूर आनंद लिया। यह मैच 10 ओवर का रखा गया था। आइंस्टीन हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 103 रन बनाए। आइंस्टीन हाउस के तरफ से निखिल राज दुबे ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 8 गगनचुंबी छक्कों के साथ 69 रन बनाएं। जवाब में क्यूरी हाउस की टीम सिर्फ 44 रनों पर सिमट गई, जिससे आइंस्टीन हाउस ने 59 रनों से शानदार जीत दर्ज की। आइंस्टीन हाउस की तरफ से निखिल राज के शानदार पारी के बदौलत उनको मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। स्कूल के निदेशक इंजीनियर विनय मेहता ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। इस आयोजन ने छात्रों में खेल भावना, टीमवर्क और अनुशासन के महत्व को बढ़ावा दिया।

## व्यवसाई वर्ग के हित में है बजट : धनंजय सोनी



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष सह सोना महल के प्रोपराइटर धनंजय सोनी ने बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि व्यवसाय कर रहे हर व्यक्ति के लिए यह बजट लाभदायक होगा। साथ ही कहा कि 12 लाख तक की इनकम पर कोई भी टैक्स नहीं देने से छोटे-बड़े व्यवसाईयों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में स्मार्ट टीवी और स्मार्टफोन की कीमतों को लेकर बड़ा ऐलान किया गया है। अब इन प्रोडक्ट को पहले से कम कीमत में खरीद सकेंगे। वित्त मंत्री की घोषणा के मुताबिक भारत में बनने वाले यानी मेक इन इंडिया के सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान सस्ते होंगे। वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए मोबाइल फोन पर कस्टम ड्यूटी घटाने का ऐलान किया है। इसका सबसे बड़ा असल भारत में मैन्युफैक्चर होने वाले मोबाइल फोन्स की लागत पर पड़ेगा। कस्टम ड्यूटी घटने से मोबाइल फोन्स की कीमतों में भी गिरावट आएगी जिससे ग्राहकों को डायरेक्ट फायदा होगा। अब ग्राहकों को स्मार्टफोन खरीदने के लिए कम खर्च करना होगा। धनंजय सोनी ने कहा कि यह बजट मिडिल क्लास, व्यवसाय वर्ग और महिलाओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

# बिश्रामपुर थाना में हुआ शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुयी. बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी राकेश तिवारी व संचालन थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने किया. बैठक में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया. इसके अलावा तय रूट व निर्धारित समय पर विसर्जन जुलूस निकालने पर भी सहमति बनी. सीओ राकेश तिवारी ने कहा कि आपसी भाईचारे के बीच पर्व मनाने से उसका महत्व और बढ़ जाता है. नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने कहा कि मां सरस्वती विद्यादायनी हैं. विद्या की देवी के पूजा में किसी भी प्रकार का



गलत कार्य नहीं होना चाहिए. थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि पूजा व विसर्जन जुलूस के दौरान कोई भी कमिटी का सदस्य शराब का सेवन नहीं करे. पुलिस असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी. पूजा के दौरान पुलिस गस्त भी बढ़ा दी जायेगी. बैठक में नावाडीह कला ओपी प्रभारी चंदन कुमार, एसआई शिवनाथ कुमार, जिला पार्षद विजय रविदास, पूर्व नप उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बड़कू सिंह, इदरीश हवारी, गोपाल सोनी, सलीमुदीन अंसारी, अनीस अंसारी, देवनाथ यादव, अवधेश सोनी, दिलीप चंद्रवंशी, कृष्ण केसरी, गोलू गुप्ता सहित काफी संख्या में दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।

# नक्सल विरोधी अभियान के तहत आईईडी एवं हथियार बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के शीर्ष नक्सली नेता नितेश यादव उर्फ ईरफान उर्फ किरानी, संजय यादव उर्फ गोदराय यादव, इम्तियाज अंसारी उर्फ ठेगन मिया अपने दस्ता सदस्यों के साथ महुदंड एवं हुसैनाबाद क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों के लिए भ्रमणशील थे। प्राप्त सूचना के आलोक में पलामू पुलिस द्वारा व्यापक नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) राकेश सिंह एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हुसैनाबाद मो. याकुब के मार्गदर्शन में किया गया। अभियान में झारखंड जगुआर (एसॉल्ट ग्रुप-34), जैप-08 एच कंपनी, आईआरबी-10 डी कंपनी एवं डीएपी सैट-25, 30, 32, 34 टीमों को मिलाकर चार टीमें गठित की गई। अभियान के दौरान दिनांक 30.01.2025 को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दुधिया के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुँचाने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक आईईडी (8-9 कि.ग्रा.) एवं एक देशी कट्टा बरामद किया गया।सुरक्षा की दृष्टि से दिनांक 01.02.2025 को बम निरोधक दस्ते द्वारा मौके पर ही आईईडी को नष्ट कर दिया गया।

## पिपरा के प्रेमनाथ बने शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य



**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पिपरा के ग्राम अखाड़ा पिपरा निवासी प्रेमनाथ सिंह को शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला का प्रधानाचार्य बनाया गया. बताते चलें के पूर्व प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार सिंह के सेवानिवृत्ति के पश्चात महाविद्यालय के वरीय व्याख्याता प्रेमनाथ को शासी निकाय के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव तथा अंतरिम सचिव श्रीमती सुशीला मिश्रा जी के आदेशानुसार प्रधानाचार्य का पदभार दिया गया. महाविद्यालय के सभी शिक्षकों के द्वारा प्रेमनाथ सिंह को शाल एवं माला पहनाकर बधाई दिया गया. शिक्षक अरविंद कुमार सिंह कृष्ण कुमार सिंह शंभू शरण सिंह संजय कुमार सिंह नागेंद्र सिंह धनंजय कुमार सिंह अनिल कुमार सिंह कंचन सिंह आकाश सिंह मोहम्मद मुखसीद अमित रंजन मिश्रा अरुण सिंह अंशुल सिंह दिग्विजय सिंह आमोद ममता सिंह आशुतोष इंदु शेखर नागेंद्र सिंह हरिहर प्रसाद मेहता के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों ने प्रेमनाथ सिंह को शुभकामना दिया है।

## कांग्रेसी नेताओं ने देवड़ी मंदिर में किया पूजा, क्षेत्र की खुशहाली के लिये मांगी मन्नत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी ने कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ शनिवार को देवड़ी मंदिर में पूजा अर्चना किया.देवड़ी मंदिर में पूजा अर्चना करने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस विधायक दल के नेता राजेश कच्छप, सोशल मीडिया चेयरमैन गजेंद्र सिंह व मीडिया सेल के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी का नाम प्रमुख है. वरीय कांग्रेसी नेता सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि पूजा अर्चना के दौरान मां से प्रदेश के खुशहाली व हरियाली की मन्नत मांगी गयी।

# आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** दिनांक 1 फरवरी 2025 को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनाबाद में आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष अंगद किशोर, सचिव आलोक कुमार, कोषाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार तथा डॉ अखिलेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से आचार्य सिद्धेश्वर पाठक की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नेत्र चिकित्सा शिविर सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए फाऊंडेशन के अध्यक्ष सह साहित्यकार एवं इतिहासकार अंगद किशोर ने कहा कि आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन के जनक आचार्य सिद्धेश्वर पाठक हैं, जिन्होंने संस्था को एकमुश्त 51 लाख रुपए बतौर दान दिया है, जिसके ब्याज से इस प्रकार की सामाजिक सेवा की जाती है। डॉ अखिलेश गुप्ता ने कहा बाबा सिद्धेश्वर पाठक का संपूर्ण जीवन मानवता के लिए समर्पित था। सचिव आलोक कुमार ने कहा कि संस्था द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन विगत 2012 से अनवरत जारी है। सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार ने कहा कि आज सिद्धेश्वर पाठक नहीं हैं, मगर उनके द्वारा दिए गये अनुदान से विभिन्न सामाजिक कार्य अनवरत काल तक चलता रहेगा। नेत्र चिकित्सक डॉ धीरज प्रसाद ने 80 मरीजों का आपरेशन किया। संध्या में संस्था के सौजन्य से सभी मरीजों के बीच कंबल का वितरण किया गया। अन्य उपस्थित लोगों में संस्था के व्यवस्थापक सह पत्रकार कमलेश कुमार विश्वकर्मा, रवि कुमार, कुलदीप कुमार, रवीन्द्र कुमार आदि उल्लेखनीय थे।

## समाजसेवी की माता का निधन शोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के देवरी कला पंचायत क्षेत्र के मिस्त्री लाइन निवासी सह युवा समाजसेवी संदीप ठाकुर की 65 वर्षीय माता केशरी देवी का शुक्रवार की देर रात निधन हो गया. वह पिछले कई माह से बीमार चल रहीं थी. उनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी स्थित मुक्तिधाम पर किया गया. पति दशरथ ठाकुर ने मुखाग्नि दी. इनके निधन पर स्थानीय विधायक संजय कुमार यादव, युवा समाजसेवी शेर अली, मुखिया मनोज भारती, अफरोज आलम, शमशेर खान, सचिन शर्मा, रमेश कुमार, मन्नू पांडेय, आलमगीर अंसारी,बसपा नेता अजय भारती,घूरा प्रसाद पाल, रवि कुमार सिंह, छोटू पासवान, पूर्व मुखिया रामाशंकर चौधरी, सरवर खान, समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में 2025-26 का बजट पेश किया.केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में पेश किये गये बजट पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओ ने अपनी मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त किया है।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री विकास स्वदेशी ने कहा कि बजट में सभी वर्गो का ध्यान रखा गया है.यह बजट काफी संतुलित है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला ने कहा कि कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये बजट पेश किया गया है. बजट में बेरोजगारी दूर करने, किसानों के लिये एम एसपी के लिये कुछ नही है. बजट गरीब, किसान, मजदूर, नवजवान विरोधी है।

झामुमो जिला संयोजक मंडल के सदस्य निर्मल पासवान ने कहा कि यह बजट लोकलुभावन है.बजट में गरीब,किसान, दलित, पिछड़े वर्ग के लिये कुछ नही है।

पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने कहा कि बजट में सभी वर्गो का ख्याल रखा गया है.बजट जनहित में है. बजट मे मध्यम वर्ग के लोगो का पूरा ध्यान रखा गया है. अब 12 लाख रुपये तक कि आय पर कोई आयकर नही देना होगा।

कांग्रेस सेवा दल के जिला मुख्य संगठक ईश्वरी चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा देश को गुमराह करने की राजनीति को जनता समझ चुकी है.बजट के नाम पर झूठी घोषणा की जा रही है.बजट में गरीबों के लिये कुछ नही है।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि बजट में देश के एवं राज को आम साधारण व्यक्ति एवं अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति महिलाओं को खास लाभ मिलने वाला है. आंगनबाड़ी केंद्र का विस्तार होगा. देश के 20 राज्यों में 11000 से अधिक मिशन सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का शुरुआत किया जायेगा, जिससे झारखंड को काफी लाभ मिलेगा. झारखंड में 3 लाख से अधिक कुपोषित बच्चे हैं एससी ,एसटी, महिला उद्यमियों को ऋण एवं सरकारी स्कूलों को ब्रांड बैंड से जोड़ना जनहित में है.उन्होंने भारत सरकार के वित्त मंत्री के द्वारा पेश किये गये बजट की सराहना किया है।

# विद्या विहार वाटिका में पांच दिवसीय रजत जयंती संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** प्रखंड अंतर्गत लठेया में अवस्थित विद्या विहार वाटिका की स्थापना के 25 वर्ष पूरे हो गए। इस उपलक्ष्य में पांच दिवसीय रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। सायंकालीन सत्र में भव्य दीपोत्सव एवं श्री राम कथा के साथ समारोह का समापन किया गया। इस अनूठे कार्यक्रम के आयोजक तथा विद्या विहार वाटिका के महानिदेशक डॉ. रामरेश यादव ने कहा कि यह कार्यक्रम अद्भुत रहा। किसी विद्यालय के द्वारा आयोजित यह बहुआयामी कार्यक्रम अद्वितीय है। बताते चलें कि विद्या विहार वाटिका, लठेया (पलामू) की स्थापना 30 जनवरी 2000 को हुई थी। तब से लेकर आज तक इस विद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर अनेक विद्यार्थी विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी पदों पर आसीन होकर निष्ठा और लगन के साथ सेवा दे रहे हैं। पूरे इलाके में विद्या विहार वाटिका द्वारा प्रदत शिक्षा और संस्कार का स्पष्ट प्रभाव दिखता है। यहां के विद्यार्थी देश तथा दुनियां के जिस कोने में हैं, वहां उनके साथ इस विद्यालय का अद्भुत अनुशासन तथा विराट व्यक्तित्व का प्रभाव साफ नजर आता है। समापन सत्र की



शुरुआत दीपोत्सव से हुई। पूरे क्षेत्र के सभी गांवों के कुछ घरों तथा सभी मंदिरों में दीपोत्सव हुआ एवं विद्या विहार वाटिका प्रांगण में ढ़ाई हजार एक दीप जलाए गए एवं डांडिया नृत्य हुआ जिसमें लगभग ढाई सौ महिलाएं भाग लीं। समारोह में वाटिका के अनेक पूर्व विद्यार्थी जो कई सरकारी एवं गैर सरकारी पदों पर कार्यरत हैं, यथा - डॉ अभिषेक प्रसाद, गौतम प्रसाद, निधि गुप्ता, हरेंद्र प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, पंकज पासवान आदि ने अपने भावोद्गारों को व्यक्त किया। विद्यालय के सभी पूर्व एवं वर्तमान शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों तथा उपस्थित कई अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्या सुप्रिया सिंह, शिक्षक प्रमोद कुमार, मालिक चंद कुमार रवि, दिनेश कुमार यादव, एम के दीपक, महेश्वर यादव, अजीत कुमार, दीपक कुमार, सुधीर कुमार तथा शिक्षिका वर्षा कुमारी, रीता कुमारी, दीप ज्योति सिंह, ब्यूटी कुमारी आदि ने भरपूर सहयोग किया। कई विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सफलता पर बधाई भी दी और सफल आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग भी किया। विद्यार्थियों के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत, संगीत, नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। निधि गुप्ता, रिया, चांदनी, ज्योति, अंशुप्रिया, संगम, साक्षी, सत्यम, पीयूष, ज्योति, नीलम, खुशी, गौतम, छोटू, शिवम, अभिमन्यु, अनुषा, सोनाली, विजय विश्वकर्मा, रामजस कुमार, उमेश कुमार, उपेंद्र कुमार धनंजय कुमार आदि उपस्थित रहे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

### बंधु तिर्की ने पार्टी महासचिव से दिल्ली में किया मुलाकात

रांची। झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल से दिल्ली में मुलाकात की . इस मुलाकात के दौरान संगठन के काम दू काज और संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा हुई . झारखंड में कांग्रेस का लगातार सफल कार्यक्रम चल रहा है . जिसमें आम जनता की बड़ी गोलबंदी देखने को मिल रही है . झारखंड में आने वाले दिनों में संगठन की मजबूती और उसके विस्तार के लिए रणनीति तैयार की जा रही है . बंधु तिर्की ने बताया कि गठबंधन वाली सरकार की योजनाओं से हर दिन लाभुकों की संख्या में इजाफा हो रहा है . ग्रामीण इलाकों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने में संगठन के कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका है . संगठन को इस दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी .

### प्रो अजीत कुमार साहु को दी गई विदाई

रांची । हटिया स्थित रविन्द्र नाथ टैगोर इंटर महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो अजीत कुमार साहु का 60 वर्ष की उम्र होने पर 31 जनवरी को महाविद्यालय से सेवा समाप्त होने पर रविन्द्र नाथ टैगोर इंटर महाविद्यालय के सभागार में एक विदाई समारोह का आयोजन कॉलेज के छात्र छात्राओं के साथ ही महाविद्यालय परिवार एवं अन्य विभाग के शिक्षक एवं कर्मचारीगण अपनी उपस्थिति में महाविद्यालय के संस्थापक काल से अपनी महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रो अजीत कुमार साहु को बिदाई देते हुए उनके द्वारा कॉलेज स्थापना काल से ही शिक्षण सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन से रविन्द्र नाथ टैगोर इंटर महाविद्यालय को काफी ख्याति प्राप्त हुई है। प्रो अलका सिंह, प्रो मंजूषा कुमार, प्रो देवेन्द्र प्रसाद, प्रो गायत्री कुमारी, प्री चंद्रकला, प्रो सुनीता के अलावे कालेज में कार्य करने वाले कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# आम बजट 2025 : कहीं खूशी, कहीं गम

## गांव,युवा,अन्नदाता और नारी आधारित विकसित भारत का यह बजट : मरांडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आम बजट(2025..26) परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिसमें प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी,प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका,आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक सीए जेपी शर्मा ,विधि प्रकोष्ठ के सुधीर श्रीवास्तव , डॉक्टर रामादीन सहित बड़ी संख्या में सीए,सीएस,अधिवक्ता,प्राध्यापक, चिकित्सक गण, सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्राध्यापक गण पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।सभी क्षेत्र के विशेषज्ञों बजट को सुना एवं उसकी बारीकियों को बताते हुए बजट को सराह। बजट की सराहना करते हुए प्रतिक्रिया देने वालों में सीए जेपी शर्मा, सीए उदय जायसवाल,डॉ संदीप कुमार,सीएस राजीव कुमार, डॉ अभिषेक रामदीन,प्रवक्ता अमित मंडल,आदि शामिल हैं।बजट की सराहना करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को ऐतिहासिक बजट पेश करने केलिए बधाई शुभकामनाएं दी।आभार प्रकट किया। मरांडी ने कहा कि यह बजट (ज्ञान) गरीब,अन्नदाता,युवा और महिला को विकास की मुख्यधारा में जोड़ते हुए विकसित भारत के सपने को तेजी से साकार करने वाला बजट है।कहा कि एक तरफ कोई नया कर नहीं लगाया गया है वहीं दूसरी ओर करदाताओं को अप्रत्याशित लाभ प्रदान किया गया है। बजट की सराहना करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह सहित अन्य शामिल हैं।

## विकसित भारत के निर्माण में हर वर्ग की सहभागिता का है यह बजट : संजय सेठ



रांची । रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आम बजट 2025-26 को विकसित भारत के सपने को पूर्ण करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा है कि इस बजट में देश के हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने का रोडमैप है। गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति के साथ मध्यमवर्ग को राहत देने वाले इस बजट के लिए सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट के माध्यम से विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में हर वर्ग की सहभागिता को सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। निस्संदेह यह बजट विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने में नींव का मजबूत पत्थर सिद्ध होगा। सेठ ने कहा कि यह पहली बार हुआ है, जब जोमैटो, स्विग्गी सहित विभिन्न प्लेटफार्म पर जुड़कर घर-घर सामान पहुंचाने का काम करने वाले युवाओं को अलग से पहचान पत्र देने की बात हुई है। इसके साथ ही भारत सरकार उनका बीमा भी करेगी। यह देश के लाखों युवाओं के लिए कल्याणकारी होगा। 12 लाख तक की आय पर किसी तरह इनकम टैक्स नहीं लगाने का निर्णय भी देश के करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। खिलौनों को वैश्विक पहचान देने के लिए भारत को खिलौने का वैश्विक केंद्र बनाने का निर्णय भी सराहनीय है। वहीं किसान क्रेडिट कार्ड को 3 लाख से बढ़कर 5 लाख तक की सीमा का किया जाना, किसान हित में उठाया गया शानदार कदम है। इसके अतिरिक्त इस बजट में मोदी सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखा है ताकि विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में देश का हर वर्ग अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके।

## केंद्रीय बजट से झारखंड को अनेक योजनाओं में सीधा लाभ मिलेगा : प्रतुल

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि केंद्रीय बजट में की गई घोषणाओं से झारखंड सीधे तौर पर लाभान्वित होगा। भारत नेट परियोजना के अंतर्गत स्कूलों और प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्शन से जोड़ने की योजना है।राज्य के 35000 स्कूल और हजारों प्राथमिक चिकित्सा केंद्र इस से लाभान्वित होंगे।इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ने से झारखंड में पीछे चल रही इस योजना का लाभ जनता तक पहुंच सकेगा। सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र और पोषण 2.0 योजना ,किसान क्रेडिट कार्ड , एसटी महिला उद्यमियों को ऋण और विभिन्न स्टार्टअप की सुविधा देने में प्राथमिकता से भी झारखंड सीधे तौर पर लाभान्वित होगा। आकांक्षी जिलों की तर्ज पर उन्नत खेती के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य किसान योजना में देश के 100 जिलों के चुनाव में झारखंड के हिस्से में भी कई जिलों के आने की संभावना है।

## यह बजट लोक कल्याणकारी और देश को समर्पित दूरदर्शी बजट है : रघुवर दास



रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री,ओडिसा के तत्कालीन राज्यपाल रहे रघुवर दास ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वर्ष 2025 का केंद्रीय बजट विकासवादी और प्रगतिशील बजट है। चंद शब्दों में कहे तो यह बजट लोक कल्याणकारी और देश को समर्पित दूरदर्शी बजट है। यह गांव, गरीब, किसान, नारी शक्ति, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, वंचित समेत मध्यम वर्ग के साथ उद्यमियों को सशक्त और समर्थवान बनाने वाला बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट पेश किया है। बजट में कर सुधारों के माध्यम से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान की गई है। नए कर ढांचे के तहत 12 लाख तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा। इससे मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति में वृद्धि होगी और घरेलू उपभोग, बचत, और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने के लिए, सरकार ने उच्च उपज वाली फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना शुरू करने की घोषणा की है। योजना से देश के करीब 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी। बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सृजन पर जोर दिया गया है, जिससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। कुल मिलाकर यह बजट भारत की आर्थिक प्रगति के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगा, जो 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अहम योगदान देगा।

## यह आम बजट न होकर खास तबके का बजट है : भाकपा



रांची। सीपीआई के राज्य कार्यालय सचिव सह रांची जिला मंत्री अजय सिंह ने आम बजट को पूंजीवादी को व्यवस्था को मजबूत बनाने बाला बजट बताया।आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स और इंश्योरेंस सेक्टर में 100 प्रतिशत एफ डी आई इसका प्रमाण है, महंगाई और बेरोज़गारी शिक्षा पर मूलभूत सुविधाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं है,कृषि और किसानों के लिए खाद्य और उपकरणों पर कोई घोषणा नही हुई। झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है।खनिज और संपदाओं पर नजर तो है परन्तु कोई विशेष पैकेज का ऐलान नहीं किया गया है,रेल रोड और यहां के लोगों के लिए बजट के कुछ भी नहीं है ।केंद्र की सरकार झारखण्ड की उपेक्षा कर रही है। मनरेगा , खाद्य सुरक्षा , कार्य कर्मो के बजट में कटौती ,यह दर्शाता है।बजट देश को आर्थिक गुलामी की और ले जाने के की और एक कदम है।इस देश के नौजवानों , छात्रों , महिलाओं किसानों और मिडिल क्लास के लोगों को शिक्षा स्वास्थ ,रोजगार और महंगाई से निजात पाने बाला बजट चाहिए। न कि केवल सुनहरे सपने दिखाए।

## यह समावेशी और प्रगतिशील बजट देश के हर वर्गों के लिए बेहतर है : डॉ आरिफ बट



रांची। भारत सरकार का केंद्रीय बजट 2025 का काफी सुखद है। खासकर भारतीय लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में इस बजट का महत्वपूर्ण कदम है। यह समावेशी और प्रगतिशील बजट किसान, गरीब, महिला, युवा समेत मध्यम वर्ग के शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार, स्टार्टअप, नवाचार और निवेश के लिए उत्तम है। मध्यमवर्गीय लोगो के लिए राहत की बात है कि 12 लाख तक इनकम फ्री किया गया है, स्वस्थ्य लोन 10 करोड़ तक किया गया, महिलाओं को लोन और बिजनेस करने का अवसर मिलेगा। बहुत ही सोचा समझा और अच्छे बजट है इस बार का। उक्त बयान झारखंड प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री डॉ आरिफ नसीर बट ने दी।

## बजट में टीडीएस के प्रावधानों में सुधार की बात कही गई है : पूर्व चैंबर अध्यक्ष

रांची। बजट में टीडीएस के प्रावधानों में सुधार की बात कही गई है। वर्षों से इसमें छूट बढाने की मांग की जा रही थी। टैक्स में दी गई छूट से मिडिल क्लास को बहुत बडी राहत मिलेगी और आनेवाले वर्ष में बाजार में काफी फंड आयेगा। बजट के माध्यम से अगले सप्ताह नया इन्कम टैक्स बिल लाने की बात कही गई है। इसमें काफी सरलीकरण होने की उम्मीद है। जो कडे प्रावधान हैं, लोगों को समझ नहीं आते हैं, उन जटिलताओं को सिंपल किया जायेगा। इस लिहाज से सरकार का बहुत बढिया कदम है। यह बातें सीए रंजीत गाडोदिया पूर्व अध्यक्ष, झारखण्ड चैंबर ने दी। मैन्युफैक्चरिंग एमएसएमई के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना की मंजूरी स्वागतयोग्य है। यह विशेष रूप से छोटे और मझोले उद्योगों को सहारा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है. ओवरऑल संतुलित बजट है। इनकम टैक्स में छूट से बड़ी संख्या में लोगों को राहत दी गई है। बजट में झारखण्ड के लिए कुछ विशेष उल्लेख नहीं होने से निराशा हुई । उक्त बातें रोहित पोद्दार कार्यकारिणी सदस्य ने कही।

**गंभीर बीमारियों की दवा को सस्ती की गई है जो स्वागत योग्य हैं: जबीउल्लाह:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ये लगातार 8वीं केंद्रीय बजट है और इस बजट मे कुछ चीजें सस्ती की गई है । खास कर गंभीर बीमारियों की दवा को सस्ती की गई है जो स्वागत योग्य हैं। साथ ही 12 लाख तक टैक्स फ्री किया गया है । लेकिन इस बार अलपसंखयक कल्याण विभाग को 3350 करोङ की ही राशि आवंटित की गई है जो पिछले साल के बजट से 166 करोङ ज्यादा है, लेकिन काफी नहीं है।

## केंद्रीय बजट समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम : सुदेश कुमार महतो



रांची। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025, समावेशी विकास और सामाजिक न्याय पर विशेष जोर देता है। यह बजट देश के गरीब, किसानों, मध्यम वर्ग और उद्यमियों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए, आर्थिक संतुलन और समृद्ध समाज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस बजट में बिहार की तरह झारखंड की अपेक्षाओं को भी प्रमुखता दी गई है। झारखंड में बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोग रहते हैं, साथ ही महिला उद्यमियों की भी अच्छी-खासी संख्या है। इस बजट में इन वर्गों के विकास के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। वित्त मंत्री ने 5 लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए 10,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त कोष की घोषणा की है। इसके तहत अगले 5 वर्षों में 5 लाख लोगों को 2 करोड़ रुपए तक का दीर्घकालिक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेगा और इन उद्यमियों की प्रबंधन क्षमता विकसित होगी। यह झारखंड और बिहार सहित देशभर के आर्थिक रूप से वंचित वर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

## खेल पत्रकार सुशील मंटू ने पत्रकारिता के छात्रों को खेल पर रिपोर्टिंग के गुर सिखाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एंव जन संचार विभाग में खेल पत्रकार सुशील सिंह मंटू को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। सुशील सिंह मंटू ने पत्रकारिता के छात्र छात्राओं को खेल के विषय पर कैसे खबर लिखे और किन किन बातों पर खेल पत्रकार को ध्यान देना है इस पर कम समय में ही बारीकी से समझाया। सुशील सिंह मंटू ने छात्रों को समझाते हुए कहा कि खेल पत्रकारिता और खेल के पीछे के खेल को भी पकड़ने की



जरूरत है। छात्रों को आगे बताया कि खेल पत्रकारिता मतलब सिर्फ क्रिकेट नहीं, बल्कि फुटबॉल, हॉकी, चेस,कबड्डी सहित बहुत सारे खेल हैं जिनका आयोजन बहुतायत में होता है। कुछ खेल विलुप्त हो रहा है उसपर भी फोकस करने की जरूरत है। खेल जहाँ होने वाला है मैदान, ग्राउंड, स्ट्रफ, खिलाड़ी,खिलाड़ी का परिविरिक जीवन, संघर्ष और कोच की मेहनत आदि पर भी खेल पत्रकारों और फोटो जर्नलिस्ट की नजर होनी चाहिए। आगे यह भी बताया कि डिजिटल प्लेटफार्म खेल पत्रकारिता में कैरियर /अवसर को बताया और छात्रों को अच्छी खेल रिपोर्टिंग लिखने पर पुरस्कृत करने का वादा भी किये। छात्रों के सवालों का जवाब भी दिए। इस मौके पर छात्र छात्राएं एंव शिक्षक मनोज शर्मा मौजूद रहे।

## सरस्वती पूजा कल, डेली मार्केट थाना प्रभारी ने बैठक कर दिये कई निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** सरस्वती पूजा बेहतर तरीके से मनाया जाए और विसर्जन भी शांतिपूर्वक संपन्न हो, किसी तरह का किसी को कोई परेशानी नहीं हो, इसको लेकर पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा ने सभी थाना प्रभारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि अपने अपने थाना क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों के साथ शांति समिति की बैठक करें और सरस्वती पूजा से संबंधित दिशा निर्देश जारी किया गया है उसका पालन करने के लिए निर्देश दें। ऐसी क्रम में डेली



मार्केट थाना प्रभारी प्रकाश राणा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी में अपने थाना क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों को बुलाकर उन्हें दिशा निर्देश दिया कहा कि सरस्वती पूजा 3 फरवरी को मनाया जा रहा है, जो लोग भी पंडाल बना रहे हैं वे इस बात का ध्यान दें कि पंडाल में रात्रि में दो-चार लोग अवश्य रहे, इसके अलावा डीजे बजाने से परहेज करें , सड़क जाम ना हो इसका ख्याल रखें , साथ ही विसर्जन समय पर करें , विसर्जन के दौरान ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह से मौजूद रहेगी। और जो समय निर्धारित किया गया है पुराने मार्ग से ही विसर्जन करने के लिए जाएंगे। इस बीच किसी तरह के कोई समस्या हो तो थाना को तुरंत सूचित करेंगे। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सह झारखंड फुटपाथ संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि हर साल की तरह इस साल की शांति समिति की बैठक हुई है और हम लोग सरस्वती पूजा धूमधाम से शांतिपूर्वक मनाएंगे और साथी विसर्जन भी शांतिपूर्ण तरीके से हर साल की तरह इस साल भी किया जाएगा। इस मौके पर थाना क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन के चुनावी मैदान में अध्यक्ष पद के लिये कूदे योगेन्द्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का सप्तम महाविधेशन चुनाव का नामांकन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष पद पर रहे योगेंद्र सिंह ने फिर से अध्यक्ष पद के लिए चुनाव के मैदान में कूद पड़े हैं। इसके अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष पद के लिए मो.महताब आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष रामाकांत उपाध्याय, महामंत्री पद के लिए अरविंद प्रसाद यादव /प्रदेश सयुंक्त सचिव.1 पद के लिए श्रीकांत शर्मा / सयुंक्त सचिव मनोज पासवान, प्रदेश संगठन सचिव पद के लिए निर्मल कुमार यादव ने नामांकन दाखिल किया गया।जिसमें रंजन कुमार , अंजनी कुमार यादव संगठन सचिव,जुबेर , रमेश कुमार यादव, बसंत मारी, अनिल यादव, नरेश कुमार यादव ,नरेंद्र भाई,उमानाथ सिंह, बालेश्वर भैया,अब्दुल मन्नान, शमशाद, इश्तियाक



अहमद, ग्यास खान, मोहम्मद कमाल,जैकी इमाम, गुलाम ,नौशाद आलम, नेमतुल्लाह, शोएब , जाफरान, फिरोज , धर्मेंद्र कुमार सिंह, योगेश सिंह, नवल कुमार सिंह ,संजीव कुमार सिंह,प्रमोद यादव ,जे.पी.प्रदुमन सिंह, भीमसेन आदि उपस्थित थे।

## ठगी मामले में सीआईडी ने एक को किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची अंतर्गत साईबर क्राईम थाना काण्ड संख्या 227/24 04.11.2024 धारा 318 (2)/318(3)/ 318 (4)/319 (2)/ 336 (2)/ 336(3)/ 338/ 340 (2)/ 61(2) एवं 66 (बी)/66 (सी)/66 (डी) आई0 टी0 एक्ट के वादी थाना बाघमारा, जिला धनबाद द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर काण्ड दर्ज किया गया है।

दर्ज काण्ड में साईबर अपराधियों ने वादी को फोन के माध्यम से संपर्क कर पॉलिसी क्लेम की राशि को बढाने का प्रलोभन देते हुए एचडीएफसी के पॉलिसी के पैसे को वापस कराने के बदले में सितम्बर 2024 से अक्टुबर 2024 तक वादी के बैंक खाते से



कुल 15,45,900/ रूपये विभिन्न बैंक खाताओं में हस्तांतरण कराया गया है।

अनुसंधान के क्रम में संलिप्तता के बिंदु पर अनुसंधान करते हुए अनुसंधानकर्ता द्वारा 01 (एक) साईबर अपराधकर्मी सैकत दास, उम्र 26 वर्ष, पे0 स्व नारायण बरण दास, सा0 12/च, पिताम्बर सरकार लेन, वार्ड नं0-76, थाना, वाटगंज, जिला- कोलकाता, पश्चिम बंगाल को कोलकाता पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया, तथा इसके पास से जप्त मोबाईल एवं अन्य काण्ड से संबंधित कागजातो की बरामदगी की गई है।

**गिरफ्तार किये गये साईबर अपराधकर्मी की अपराधशैली निम्न प्रकार है:** इस अपराध को करने के लिए साईबर अपराधी द्वारा विभिन्न फर्जी नम्बरो से लोगो को कॉल करते है और डेड इंसुरेंस पॉलिसी, पॉलिसी क्लेम तथा लोन दिलाने के नाम पर लोगो को प्रलोभन देकर विभिन्न बैंक खाताओं में धोखे से विश्वास में लेकर पैसे की ठगी कर लेते है।

**गिरफ्तार अभियुक्त:** सैकत दास, उम्र 26 वर्ष, पे0 स्व नारायण बरण दास, सा0 12/च, पिताम्बर सरकार लेन, वार्ड नं0-76, थाना, वाटगंज, जिला- कोलकाता, पश्चिम बंगाल

**बरामदगी :** मोबाईल एक, सिम एक, बैंक खाता एवं ई-मेल से लिंक्ड आधार कार्ड 01 जब्त किया गया है।

## उप प्रशासक ने राजस्व शाखा के पदाधिकारियों के साथ किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में राजस्व शाखा के पदाधिकारियों, निगम के कर संग्रहकर्ताओं एवं मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के कर संग्रहकर्ताओं के साथ एक बैठक आहूत की गई, जिसमें मुख्य रूप से निगम द्वारा चलायी जा रही जाँच अभियान एवं फिल्ड की गतिविधियों की समीक्षा की गई।

उनके द्वारा सभी कर संग्रहकर्ताओं को इस वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को प्राप्त करने निम्न दिशा-निर्देश दिए गए~ सभी कर संग्रहकर्ता अपने अपने आवंटित्त वार्ड में शत प्रतिशत डोर टू डोर विजिट करते हुए लक्ष्य प्राप्त करें। हर भवन की होल्डिंग एवं इसके उपयोग (रेजिडेंशियल / कमर्शियल) की जांच करना सुनिश्चित करें। जिनके द्वारा भवन में कमर्शियल उपयोग किया जा रहा है परन्तु रेजिडेंशियल होल्डिंग टैक्स दे रहे है, उन्हें चिन्हित करते हुए 100 प्रतिशत पेनल्टी के साथ डिमांड निर्गत कराए। प्रॉप्टर्टी को चिन्हित करते हुए डिमांड खड़ा करे। नए भवनों का re-assess-



ment करवाना सुनिश्चित करें। हर वार्ड के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस की जांच करे, जिनके द्वारा अब तक ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया गया है उन्हें जल्द से जल्द ट्रेड लाइसेंस लेने हेतु निर्देशित करे। जिस क्षेत्र या वार्ड में अधिक मानव बल की आवश्यकता है, वहां अतिरिक्त टीम लगाकर लक्ष्य को प्राप्त करे। जो कर संग्रहकर्ता उत्कृष्ट कार्य कर रहे है, उन्हें प्रोत्साहित करे एवं जिनके द्वारा कार्य के प्रति रुचि नहीं दिखा रहे है, उनपर विधिसम्मत कार्रवाई करें।बैठक में सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, निगम के कर संग्रहकर्ता एवं मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के कर संग्रहकर्ता उपस्थित थे।

## राज्यस्तरीय सविधान जिंदाबाद प्रोग्राम की सफलता को लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन हुसैन खान की अध्यक्षता में 01 फरवरी 2025 को अपराह्न 03 बजे कांग्रेस भवन, रांची में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 09 फरवरी 2025 को शौर्य सभागार, डोरंडा, रांची में आयोजित राज्यस्तरीय ''सविधान जिंदाबाद'' प्रोग्राम की सफलता पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उक्त संविधान जिन्दाबाद कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन सह राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी बतौर मुख्य अतिथि के रूप शिरकत करेंगे। रांची महानगर कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन हुसैन खान ने बताया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी की अगुवाई में आगामी 09 फरवरी 2025 को शौर्य सभागार, डोरंडा, रांची में आयोजित राज्यस्तरीय ''सविधान जिंदाबाद'' में राज्य के समस्त अल्पसंख्यक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, प्रदेश पदाधिकारी, जिला, प्रखंड पदाधिकारियों को आमंत्रित किये जायेंगे। संविधान की रक्षा एवं अल्पसंख्यकों के समुचित विकास और अधिकारों पर जोर दिया जाएगा। बैठक में प्रवेज खान ,सन्नी खान, सचिव नाज परवीन अली अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष रसीद अंसारी, परवेज खान ,फैज अहमद, समीर तबरेज, पिंकू ,कार्यलय प्रभारी मो. सफार आदि शामिल थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## झामुमो प्रखंड संयोजक मंडली का गठन

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी ज़िला संयोजक प्रमुख ज़ुबैर अहमद कि अध्यक्षता में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा कार्यालय खूंटी में संयोजक मंडली के सदस्यों के उपस्थिति में सर्वसहमति से प्रखंड संयोजक मंडली का गठन किया गया, और गठित मंडली को उनके दायित्वों को बताया गया, गया और सभी को निर्देशित किया गया कि अपने




अपने प्रखंड में सदस्यता अभियान के तहत झामुमो का सदस्य बनाते हुए पंचायत कमिटी का गठन टीम बनाकर करे.कर्रा प्रखंड से प्रखंड संयोजक मंडली शेख फिरोज, तौकिर आलम, गंदुर मुंडा, राजेश मुंडा, चंदा उरांव, विनोद भेंगरा, सुनील मुंडा, रशीद खान, विरेन्द्र सिंह, महादेव मुंडा, विरेन्द्र कुमार साहू, सुलेमान धान, विनोद उरांव, राहूल केशरी, नामजन होरो को सक्रिय सदस्य के रूप में चुना गया इस अवसर पर मुख्य रूप से संयोजक मंडली प्रमुख जुबैर अहमद संयोजक मंडली सदस्य स्नेहलता कंडुलना ,मकसूद अंसारी , सुशील पाहन, मगन मंजीत तिरु,अमृत हेमब्रोम ,ऊषा धान भोला लाल के अन्य सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू स्थित पाँच परगना किसान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रामकृष्ण मिशन राँची के संयुक्त तत्वावधान पर ग्राम जड़ेया बुण्डू में एक नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहयोग किया तथा अपने नेत्र जाँच करवाए। इस



शिविर में लगभग 50 व्यक्तियों को जाँच के उपरांत नि:शुल्क दवा एवं चश्मा वितरण किया गया। इनमें से 15 व्यक्ति ऐसे चिन्हित किए गए जिनको मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की आवश्यकता थी। उन सभी के नि:शुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था के लिए निरामय अस्पताल रांची में की गई है। इस मौके पर ग्राम प्रधान पुष्कर मुण्डा ने कार्यक्रम के आयोजक रामकृष्ण मिशन राँची के ब्रह्मचारी महाराज राजीवचैतन्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ तारकेश्वर कुमार, डॉ आराधना तिवारी एवं संगीता जायसवाल एवं स्वयंसेवकों को आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

## अजीज क्लासेस का हुआ उद्घाटन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अल अजीज एजुकेशनल ट्रस्ट के तत्वाधान में रांची के मस्जिद हारून छोटा तालाब रोड के पास निज़ाम नगर में अजीज क्लासेस का उद्घाटन शहर के सामाजिक कार्यकर्ता और मौलाना आज़ाद कॉलेज के संस्थापक सदस्य वकील मोहसिन हुसैन अमान साहब द्वारा किया गया। इस कोचिंग सेंटर में



कमजोर एवं गरीब वर्ग के बच्चों को बेहद किफायती शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायी जायेगी और उन्हें ऐसे शैक्षणिक केंद्रों का लाभ मिलेगा और उन्होंने आगे भी अपनी ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है.

## तनवीर आलम रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के कोषाध्यक्ष बने

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के जेहलीटांड़ निवासी तनवीर आलम को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस का कोषाध्यक्ष पुनः बनाया गया. उनके मनोनयन को लेकर कांग्रेस रांची जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने पत्र जारी किया है. तनवीर आलम इससे पुर्व भी रांची जिला कमिटी के जिला अध्यक्ष पद पर रह चुके है. वहीं तनवीर आलम को कोषाध्यक्ष बनाए



जाने पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, खिजरी विधायक सह विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, प्रदेश महासचिव विनय सिंहा दीपू, प्रदेश लेबर सेल महासचिव राजन सिंह राजा, प्रदेश सचिव इंदिरा देवी तुरी, जिला सचिव राजेश सिंह मिंटू, जिला सचिव रहमतुला अंसारी, रांची जिला को कॉडिनेटर सोशल मीडिया कांग्रेस गोपाल सिंह, कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, खलारी प्रखण्ड अध्यक्ष साबीर अंसारी, इटकी प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, कांके विधानसभा विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, इटकी मण्डल अध्यक्ष अब्बूमाज अंसारी, पूर्व जिला परिषद खलारी अब्दुल्ला अंसारी, विधायक प्रतिनिधि खेलारी मोनू रजक,रांची जिला ग्रामीण एसी सेल अध्यक्ष रौशन लाल, अरविन्द सिंह, रंजन सिंह बिट्टू, रमेश चौहान, विक्की सिंह, बाबु खान, प्रकाश कुजुर, राजा केशरी, पारसनाथ उरांव, फिरोज आलम, इकबाल खान, सुरेन्द्र चौहान, टुन्नु साव, सलामत अंसारी, बबलु उर्फ अजय, विनय राम, भोला यादव, भेंटन यादव, आशीष यादव, शशि मुंडा, राजेश गंझू, सुंदरलाल गंझू, अशोक महतो, किशुन लोहारा, सोनू पांडे, सुनील सिंह, अस्लम अंसारी, सुल्तान अंसारी, मारूति देवी, सुधा झा, सुमन देवी, अनिता पासवान आदी ने बधाई दी है.

## दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरना एकेडमी कुसुम टोला में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी. इस अवसर पर स्कूल के निदेशक महेंद्र उरांव, प्रधानचार्य गोपाल सिंह, उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गुप्ता उपस्थित थे. विदायी समारोह में विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों और यादों को साझा किया.



प्रधानाचार्य गोपाल सिंह ने विद्यार्थियों को उनके उज्ववल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और सफलता के लिए प्रेरित किया. मौके पर निदेशक महेंद्र उरांव कहा कि यह हमारे लिए एक भावुक पल है, क्योंकि हम अपने प्रिय विद्यार्थियों को विदा कर रहे हैं. हमें उम्मीद है कि वे अपने भविष्य में सफलता प्राप्त करेंगे. इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे.

## छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को शिक्षा विभाग द्वारा मध्य विद्यालय के कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। वितरण प्रखंड शिक्षा विभाग के बीपीओ देव कुमार राम देखरेख में बीडीओ राहुल उरांव के द्वारा किया गया। मौके पर बीडीओ राहुल उरांव ने कहा कि सामान्य



वर्ग के छात्र छात्राओ को भी अब शिक्षा विभाग के द्वारा साईकिल दिया जा रहा है। साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब स्कुल आने-जाने में सुविधा होगी। वही समय मिलने पर बच्चे मन लगाकर पढ़ेंगे, यही सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। मौके पर स्कुल के शिक्षक, अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# असामयिक घटना से समाज ने दो होनहार युवकों को खो दिया : सन्नी टोप्पो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** कल देर शाम सड़क दुर्घटना में चान्हो क्षेत्र के मृत दोनों युवकों की परिजनों से मिले मांडर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सन्नी टोप्पो परिजनों का ढ़ाढ़स बंधाया और कहा की इस विपरीत परिस्थिति में परिजनों के साथ खड़े हैं । दोनों युवक उनके छोटे भाई की तरह थे उनका अचानक इस तरह थे उनका देवलोक चला जाना समाज के लिए भी काफी क्षति है वह उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं ईश्वर उन्हें अपने श्री



चरणों में स्थान दें ज्ञात हो की कल संध्या 8 बजे के करीब चान्हो थाना क्षेत्र के पकरियो में शुक्रवार रात लगभग आठ बजे एक पिकअप वैन ने खराब खड़े हाईवा में टक्कर मार दी। इस हादसे में वैन चालक सुबोध गोप (26) और विनय उरांव (26) की मौके पर मौत हो गई, जबकि अनिल उरांव और विष्णु उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी युवक गुमला से बीजूपाड़ा लौट रहे थे। घटना के तुरंत बाद चान्हो पुलिस ने घायलों को सीएचसी चान्हो पहुंचाया, जहां से उन्हें रिम्स रेफर किया गया। सुबोध गोप एक आइसक्रीम फैक्ट्री के लिए सामान लाने निकले थे। हादसे के बाद टांगर गांव में शोक की लहर है। भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने मृतकों के परिवारों से मिलकर ढ़ाढ़स बंधाया और इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त किया और उनके अंत्येष्टि में शामिल हुए।

# कृषि पशुपालन और सहकारिता विकास विभाग का प्रखण्ड स्तरीय समन्वय सह समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** शनिवार दोपहर 3 बजे से चान्हो प्रखण्ड विकास पदाधिकारी वरुण कुमार की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन और सहकारिता विकास विभाग के सभी प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों जनसेवकों तकनीकी प्रबंधक कृषक मित्रों उद्यान मित्र और मत्स्य मित्र की प्रखण्ड स्तरीय समन्वय सह समीक्षा बैठक प्रखंड सभागार हुई इसमें प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, डॉ चूमनु तिर्की प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक चान्हों प्रखण्ड के सभी जनसेवक सभी



कृषक मित्र, उद्यान मित्र, मत्स्य मित्र शामिल हुए।बैठक का उद्देश्य कृषि मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देशानुसार कृषि, पशुपालन और सहकारिता विकास विभाग के सभी प्रखण्ड स्तरीय अधिकारियों, जनसेवकों और कर्मियों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना था। इस बैठक में कृषि, पशुपालन, सहकारिता विभाग के द्वारा अलग अलग संचालित सभी योजनाओं के संबंध में सभी उपस्थित विभागीय प्रतिनिधियों के द्वारा विस्तार से बताया गया और गहन परिचर्चा की गई, जिससे लाभुक किसानों के चयन, संगत दस्तावेजों के संकलन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता और संगत विभागों का आपस में सामंजस्य स्थापित करने आसानी ही सके।

# दसवीं के छात्रों का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नारो स्थित हॉली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में दसवीं के छात्रों को विदाई दी गई । कार्यक्रम की शुरुआत दसवीं के बच्चो को गुलाब का फूल देकर किया गया । स्वागत गान के साथ वर्ग नर्सरी से लेकर वर्ग नवम के बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। दसवीं के बच्चो में अधिकांश बच्चो ने तेरह वर्षो से इस विद्यालय में अध्ययनरत है और अब इनकी विदाई सह सम्मान समारोह होना एक भावुक पल था । सभी ने विद्यालय में बिताए गए पलो और उनके अनुभवों को साझा किया। विद्यालय के निदेशक आलोक विपिन टोप्पो ने अपने संबोधन में कहा कि माता पिता के घर के बाद विद्यालय ही उनका दूसरा घर होता है जहां वे अपने जीवन के अधिकांश समय व्यतीत करते है यहाँ उन्हें ज्ञान के साथ संस्कार भी दिया जाता है। उन्होंने उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी आगे की पढ़ाई के लिए




शुभकामनाएं दी । वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में छात्रों को जीवन निखारने हेतु कई जानकारी देते हुए उनको आशीर्वाद दिया। वर्ग दसवीं के छात्रों को स्मृति चिन्ह और गुलदस्ता देकर विदाई दिया गया।यह बहुत ही भावुक पल था। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए सगीर अहमद, नूतन टोप्पो, महावीर उरांव, शालिनी तिर्की,पुनीत खलखो, परिणीता तिर्की, पिंकी टोप्पो, जेवियर एक्का, डहरु टोप्पो, पुष्पा एक्का, मरियम तिग्गा,मनीषा खाखा, रजनी किस्पोट्टा, आशीष कच्छप, रीता केरकेट्टा , कलावती देवी ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

# भुमि संबंधित विवाद समाधान को लेकर भुमि अदालत कक्ष का हुआ उद्घाटन

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार 12 बजे मांडर अंचल कार्यालय में कृषि पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देशानुसार भुमि संबंधित विवाद समाधान को लेकर भुमि अदालत कक्ष का उद्घाटन प्रमुख फिलीप सहाय एक्का विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक अंचलाधिकारी चंचला कुमारी और थाना प्रभारी राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से किया इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक ने कहा कि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने देखा की मांडर प्रखंड में जमीन को लेकर यहां के जनता रोज अंचल कार्यालय का चक्कर लगाते रहते है कभी कभी तो आपस में लड़ाई झगडे तक कर लेते हैं और थाना में बैठे रहते हैं इसी को लेकर प्रत्येक शनिवार को भुमि सुधार एवं उसका निपटारा किया जाय जिसमें अंचल और थाना के अलावा जन प्रतिनिधि जमीन निपटारा करने में सहयोग करेंगे जिससे आम जनता को परेशानी से निजात मिलेगी।



# इटकी प्रखंड से झामुमो के 9000 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य : मुश्ताक आलम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** शनिवार को त्रिविंधा चौंक स्थिति मदीना मैरेज हॉल में झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला संयोजक मंडली प्रमुख मुस्ताक आलम के अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। बैठक में इटकी प्रखंड झामुमो संयोजक मंडली का गठन किया गया। साथ ही प्रखंड मंडली के सदस्यों को दस दिनों के अंदर पंचायत स्तरीय समिति का गठन कर केंद्रीय कार्यालय में सूची जमा करने का निर्देश दिया गया। इटकी प्रखंड संयोजक मंडली प्रमुख वसीम



इकबाल को बनाया गया। संयोजक सदस्य सुमित मिंज, शमीम अंसारी, नौशाद आलम, शीला मिंज, रफीक अंसारी, रफीक कुरैशी, सोमरा उरांव, मंगल, फिरोज मंसूरी, मनीर अंसारी, आशिक अंसारी, ज़बैर अंसारी, रॉयल तिर्की, बिमल सुभाष कुजूर, महादेव धान, समीर अंसारी, अमृत सिंह, कमल यादव, रेहान खान, इमरान अहमद, जमाहिर अंसारी, इकराम कुरैशी, मन्नान अंसारी, अबुबकर सिद्दकी को बनाया गया है। बैठक मे मुख्य रूप से संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, धर्मेंद्र सिंह, नयनतारा उरांव, जयवंत तिग्गा, झब्बूलाल महतो, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा, केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, कलाम आजाद, मुन्ना बड़ाइक, महावीर विश्वकर्मा, संजय राय, आफताब आलम, आदिल इमाम, सुजीत कुजूर, परवेज आलम, जावेद अख्तर अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

# अफीम की खेती के खिलाफ जिला प्रशासन की लागातर कार्रवाई जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त, लोकेश मिश्रा के निर्देशन में जिले में अफीम की खेती को विनष्ट करने हेतु व्यापक अभियान जारी है। अभियान के तहत आज अड़की, मुरहू प्रखंड सहित अन्य प्रखंड में अफीम की पौधे को नष्ट करने की कार्रवाई की गई। विनष्टिकरण की कार्रवाई में ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों का उपयोग कर अफीम की फसलों को पूरी तरह से



नष्ट किया।उक्त कार्रवाई में पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। अफीम की खेती करने के मामले में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर एफआईआर समेत अन्य कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त ने अफीम की खेती में संलिप्त लोगों से अपील की है कि अफीम की खेती सहित अन्य अवैध गतिविधियों को त्यागकर वैकल्पिक खेती को अपनाएं ताकि जिला को अफीममुक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा है कि वैकल्पिक खेती करने हेतु कृषकों को जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

# बुढ़मू में यादव समाज का वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** यादव समाज के द्वारा बुढ़मू प्रखंड के मॉडल विद्यालय बुढ़मू के समीप मैदान में वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित किया गया। यादव समाज के वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड सरकार के श्रम नियोजन एवं उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव, हुसैना बाद के विधायक संजय सिंह यादव, बरही के विधायक मनोज यादव, कोडरमा के विधायक डॉ नीरा यादव, यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास यादव, यादव समाज के रामजी यादव, रामाशीष यादव, यादव समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव, छात्र नेता मनोज यादव, यादव समाज के महिला नेत्री अनिता यादव, शोभा यादव, छात्र नेता मनोज यादव, रमेश गोप, गिरधारी गोप,समेत यादव



समाज के कई अतिथी, नेता और समाज सेवी लोग पहुंचे। और यादव समाज के वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम को संबोधित किया। यादव समाज के वनभोज सह मिलन समारोह में आए अतिथियों ने अपने संबोधन में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यादव समाज में एकजुटता बनाने, यादव समाज के कमियों को दूर करने, यादव समाज में मिलजुकर रहने, एवं शिक्षा ,स्वास्थ्य और रोजगार पर ध्यान देने सहित समाज से जुड़े कई बाते कही।

## कर्रा बिहार रेजिमेंट के सेवा निवृत पांच जवानों भव्य स्वागत

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय सेना से सेवा निवृत होकर वापस लौटेने पर बिहार रेजिमेंट के पांच जवानों का कर्रा में भव्य स्वागत किया गया. पुरे देश कि 25 वर्ष रक्षा करने के बाद सभी सेवा निवृत घर लौटने पर आदिवासी समाज ने सभी जवानों का कर्रा मसमानो से स्वागत करके कर्रा प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. जिसके बाद कोसांबी गांव के सरना में मां सिंगबोंगा कि अराधना करने के बाद सभी जवानों जुलूस द्वारा कर्रा सरना लाया गया जहां सभा का आयोजन किया गया. वही सरना जागृति विकास मंच कर्रा बैनर तले सेवानिवृत जवान में कर्रा पलसा के जवान जेना कच्छप, रांची मधुकम के विक्की तिर्की, बेड़ों के जयनाथ उरांव , बेड़ों के हिरालाल तिर्की, गुमला चैनपुर राजन मिंज के को सम्मानिक तो किया गया. और सरना जागृति विकास मंच कर्रा के द्वारा देश सेवा में जुड़े क्षेत्र के सभी जवानों को सम्मानित करने व प्रोत्साहित करने की परम्परा चलाने पर जोर दिया गया. कार्यक्रम के दौरान बिहार रेजिमेंट के सेवा निवृत पांच जवान सहीत कार्यक्रम कर उपस्थित लोगों ने अपने विचारों का साझा किया. कार्यक्रम के दौरान सभी सेवानिवृत सभी जवान परिजन मौजूद रहे. सेवा निवृत जवानों? ने कार्यक्रम को देखकर गर्वावित महसूस किया. और आदिवासी परम्परा व रिती-रिवाज में गर्व महसूस किया.पुरा कार्यक्रम सेना के जवान पुरन धान के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. वही कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत व भारत माता का जय, वीर शहिद अमर रहे, भारतीय सेना जिन्दाबाद के नारे लगाये गये। इस मौके पर कर्रा मुखिया रश्मि लकड़ा, बमरजा मुखिया अनूप कुजूर, मेहा मुखिया अजय खलखो, शहीद जवान के छोटे भाई सुखनाथ कच्छप, धर्म अगुवा छुनकू मुंडा, शिबू होरो, जय मंगल मुंडा, भिमसेन कैथा, चन्दा पहान, जिता मिंज, गुरुवार हेरेंज, हरिष मुंड़ा के अलावे अन्य सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## सेवानिवृत शिक्षक और शिक्षिकाओं अन्य कर्मियों को किया गया सम्मानित

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला शिक्षा अधीक्षक, खूंटी द्वारा जिला अंतर्गत प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के जनवरी माह 2025 में सेवानिवृत होने वाले शिक्षक और शिक्षिकाओं एवं अन्य कर्मियों को सेवानिवृति के दिन ही कार्यालय कक्ष में पेंशन पावना पत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें शुभकामनाएं दी गई। सेवानिवृत शिक्षक-शिक्षिकाओं में मो मुबारक हुसैन अंसारी, फिलोमिना होरो, बिजेष्वर सिंह, राजेश्वर प्रसाद गुप्ता, उर्मिला कुमारी, सुषमा कुमारी, रमेश साहू, और अन्य शामिल हैं।

## कृषि पशुपालन और सहकारिता विकास विभाग का प्रखण्ड स्तरीय समन्वय सह समीक्षा बैठक

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार दोपहर 3 बजे से चान्हो प्रखण्ड विकास पदाधिकारी वरुण कुमार की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन और सहकारिता विकास विभाग के सभी प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों जनसेवकों तकनीकी प्रबंधक कृषक मित्रों उद्यान मित्र और मत्स्य मित्र की प्रखण्ड स्तरीय समन्वय सह समीक्षा बैठक प्रखंड सभागार हुई इसमें प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, डॉ चूमनु तिर्की प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक चान्हों प्रखण्ड के सभी जनसेवक सभी कृषक मित्र, उद्यान मित्र, मत्स्य मित्र शामिल हुए बैठक का उद्देश्य कृषि मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देशानुसार कृषि, पशुपालन और सहकारिता विकास विभाग के सभी प्रखण्ड स्तरीय अधिकारियों, जनसेवकों और कर्मियों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना था। इस बैठक में कृषि, पशुपालन, सहकारिता विभाग के द्वारा अलग अलग संचालित सभी योजनाओं के संबंध में सभी उपस्थित विभागीय प्रतिनिधियों के द्वारा विस्तार से बताया गया और गहन परिचर्चा की गई, जिससे लाभुक किसानों के चयन, संगत दस्तावेजों के संकलन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता और संगत विभागों का आपस में सामंजस्य स्थापित करने आसानी ही सके।

## मांडर में सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना परिसर में शनिवार शाम 4 बजे सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष पूजा समिति व आमजनों के द्वारा क्षेत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी के साथ साथ सरस्वती पूजा शांति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने पर चर्चा की गई। बताते चलें कि इस वर्ष 3 फरवरी को सरस्वती पूजा मनाया जएगा और पांच तारीख को विसर्जन है। बैठक में अंचल सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चंचला कुमारी और थाना प्रभारी राहुल कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कहीं भी किसी के द्वारा अश्लील गाना नहीं बजाया जायेगा। साथ ही कहां पूजा और विसर्जन के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी निगाह रहेगी। किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना थाना को देने की अपील की।

## वरिष्ठ नागरिक संघ के सदस्यों ने वरिष्ठ सेवा निवृत शिक्षक को घर जाकर किया सम्मानित

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरिष्ठ नागरिक संघ के सदस्यों ने शनिवार को 96 वर्षीय वरिष्ठ शिक्षक परमानंद साय को उनके सिल्ली जाम टोला स्थित आवास पर जाकर मुलाकात किया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक संघ के निर्मल चंद्र साहु, राधेश्याम साहु, अजीत कुमार साहू एवं गणेश प्रसाद साहु आदि ने परमानंद साय को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर निर्मल चंद्र साहु ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल वरिष्ठ शिक्षक को सम्मानित करने के लिए था, बल्कि यह वरिष्ठ नागरिकों के बीच सामाजिक संबंधों को मजबूत बनाने और उनके योगदान को पहचानने का एक पहल भी है। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने परमानंद साय के आवास परिसर में उनकी पत्नी काली दासी देवी, बड़े पुत्र राजेंद्र प्रसाद साय एवं पुत्र वधु पुर्णिमा सिंह देव के साथ वृक्षारोपण भी किया।

## सिल्ली कॉलेज में रक्त दान शिविर 10 फरवरी को

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आगामी 10 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रबंधन ने इसकी जानकारी देते हुए शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को शिविर में उपस्थित होने एवं रक्तदान करने की अपील की है।


## मिडिया व पुलिस इलेवन एवं हिंडाल्को इलेवन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी हिंडालको मैदान में शुक्रवार को हिंडालको प्रबंधन की ओर से हिंडाल्को खेल मैदान में नव वर्ष के उपलक्ष में मिडिया व पुलिस इलेवन एवं हिंडाल्को इलेवन के बीच रात्रि मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें हिंडाल्को इलेवन ने 7 विकेट से मैच जीत लिया । टॉस जीतकर हिंडाल्को इलेवन ने क्षेत्र रक्षण का फैसला किया। मिडिया व पुलिस इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 96 रन बनाया । वही जवाबी पारी खेलने उतरे हिंडाल्को इलेवन के टीम 3 विकेट खोकर मैच जीत लिया। प्रतियोगिता में मिडिया इलेवन के तारकेश्वर प्रसाद को मेन आफ द मैच, बेस्ट बेस्टमैन चंदन कुमार को एवं बेस्ट फिल्डर का पुरस्कार अरविंद विश्वकर्मा को हिंडाल्को के एकाउंट हेड, अभिजीत सेन, श्याम कुमार गुप्ता, प्रभात एवं चंद्र मणी प्रसाद द्वारा दिया गया। हिंडाल्को के एचआर हेड अरुण कुमार रॉय ने सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। हिंडाल्को प्रबंधन की ओर से सभी खिलाड़ियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## बुंडू में शांति समिति की बैठक

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू थाना परिसर में बसंत पंचमी को लेकर थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें सरस्वती पूजा सादगी, भाईचारा और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय हुई। वहीं विसर्जन के दिन सावधानी हेतु विशेष चर्चा हुई। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी समिति सावित्री कुमारी अंचल अधिकारी हंस हेंब्रम, सी प्रदीप कुमार, समाजसेवी बबलू कुंडू रोशन महतो, निरंजन कुमार, अब्बू अब्बास अली, रंजीत महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

Ph.D Awarded



By the order of Vice Chancellor, Ranchi University Ranchi Jharkhand, Dr. RAINA IMRAN (Assistant Professor, Department of English, St. Xavier's College, Ranchi) D/o Advocate Imran Ahmad Khan & Mrs. Sarwari Begum, Bariatu Ranchi is declared to have passed her Doctorate Examination in the month of November, 2024 on the topic of the research "ENIGMA OF IDENTITIES IN THE NOVELS OF M-G. VASSANJI" She carried out her research work under the supervision of Dr. Vishnu Charan Mahto, Principal of Ram Lakhan Singh Yadav College, Ranchi & the former Head of the University Department of English, Ranchi University, Ranchi.

# केंद्रीय बजट को सत्तापक्ष ने बताया आमजनों का, विपक्ष ने गरीब की अनदेखी और कॉरपोरेट ने समावेशी रोडमैप



## सीमा शुल्क घटाना भारतीय इस्पात निर्माताओं को पहले से ज्यादा प्रतिस्पर्धी बना देगा : मनोज कुमार अग्रवाल



**जमशेदपुर :** आधुनिक ग्रुप के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार अग्रवाल ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत के नागरिकों के लिए बजट है। वित्त मंत्री ने आने वाले पांच सालों में 10 लाख करोड़ के इंफ्रा का प्लान रखा है। इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास और स्टील की खपत को बढ़ावा मिलेगा। करदाता की सीमा बढ़ाई गई है तो उन्हें भी लाभ मिलेगा। लेकिन इस्पात क्षेत्र के अलावा, इस्पात पर सीमा शुल्क 25 फीसदी से घटाकर 15 फीसदी कर दिया गया है, जो भारत में वैश्विक आयात की तुलना में इस्पात निर्माताओं को अधिक प्रतिस्पर्धी बना देगा। आने वाले दिनों में इस्पात के कम लागत वाले उत्पादक बचे रहेंगे और टिके रहेंगे। दूसरों को मुश्किल दिनों का भुगतान करना होगा जब तक कि कोयले पर पर्यावरण उपकर में कमी नहीं की जानी चाहिए, और सभी राज्यों में अधिक से अधिक लौह अयस्क खदानों को नीलामी के लिए रखा जाना चाहिए। जिससे आने वाले वर्षों में सेकेंडरी स्टील निर्माताओं को सस्ता कच्चा माल मिलेगा।

## देश की प्रगति को मजबूत आधार प्रदान करेगा बजट : रघुवर दास



**जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए वित्तिय वर्ष 2025-26 के बजट लोक कल्याणकारी और देश को समर्पित दूरदर्शी बजट है। यह गांव, गरीब, किसान, नारी शक्ति, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, वंचित समेत मध्यम वर्ग के साथ उद्यमियों को सशक्त और समर्थवान बनाने वाला बजट है। बजट में कर सुधारों के माध्यम से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान की गई है। नए कर ढांचे के तहत ? 12 लाख तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा। इससे घरेलू उपभोग, बचत, और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना शुरू करने की घोषणा की गई है। इस योजना से देश के करीब 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी। बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सृजन पर जोर दिया गया है, जिससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। कुल मिलाकर यह बजट भारत की आर्थिक प्रगति के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगा, जो 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अहम योगदान देगा।

## राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है केंद्रीय बजट : डॉ. अजय



**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ अजय कुमार ने संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपनी राजनीतिक लाभ के लिए बनाया है. उन्होंने कहा कि नौकरियाँ तो हैं नहीं, मध्यम वर्ग हर तरफ से शोषित है. वहीं 80 करोड़ जनता मुफ्त भोजन पर निर्भर है.10 साल तक मध्यम वर्ग पिस्ता रहा है. महँगाई चरम सीमा पर है. सबसे बड़ी बात है कि एक तरफ इन्कम टैक्स में छूट देने की घोषणा की गई वहीं दूसरी ओर पॉपकॉर्न पर जीएसटी लगा दिया गया. बजट में वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा की गई है. कृषि प्रधान देश में किसान अपने अधिकारों ( न्यूनतम समर्थन मूल्य) के लिए वर्षों से लड़ रहे हैं. मोदी सरकार में अमीरों का कर्ज तो माफ हो जाता है लेकिन किसानों को अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करना पड़ता है. कर्ज के बोझ तले दबे किसानों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ता है. और अब तो वित्त मंत्री ने बजट में 12 लाख वाला लॉलीपॉप आम जनता को थमा दिया है.

## बजट भारत की लचीलापन और महत्वाकांक्षा का प्रतीक : एस.के. बेहरा



**जमशेदपुर :** केंद्रीय बजट 2025 पर एस.के. बेहरा, चेयरमैन, सीआईआई पूर्वी क्षेत्र, एमडी एवं उपाध्यक्ष, आरएसबी ग्रुप ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट 2025 एक परिवर्तनकारी और समावेशी रोडमैप है, जो समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं को संबोधित करते हुए भारत के आर्थिक विकास की मजबूत नींव रखता है। मैं सरकार की इस दूरदर्शी पहल की सराहना करता हूं, विशेष रूप से मध्यम वर्ग को प्रदान की गई महत्वपूर्ण राहत, जो इस बजट का एक प्रमुख आधार है। ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और कौशल निर्माण पर बजट का ध्यान इस क्षेत्र में समावेशी विकास और जीवन स्तर में सुधार लाएगा। अंत में, यह बजट भारत की लचीलापन और महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। यह न केवल अर्थव्यवस्था की तात्कालिक जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि एक उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

## बजट में गरीबों की अनदेखी : चंदा सिंह राजपूत



**जमशेदपुर :** चंदा सिंह राजपूत, गृहणी एवं उपाध्यक्ष जमशेदपुर महानगर (इंटक) ने पेश बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, यह बजट आगामी चुनाव को देखते हुए राजनीतिक लाभ के लिए बनाया है। नौकरियाँ तो हैं नहीं, मध्यम वर्ग हर तरफ से शोषित है। बजट में वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा की गई है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए वर्षों से लड़ रहे हैं। इनकम टैक्स का स्लैब बढ़ाने से क्या रोजगार मिल जाएगा। लोगो के पास नौकरी ही नहीं रहेगा तो टैक्स का फायदा। कुल मिलकर बजट में गरीबों की अनदेखी की गई है बजट में।

## बजट झारखंड के गरीब, पिछड़े, किसान के लिये निराशाजनक : प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा



**खरसावां :** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा ने बजट को झारखंड में भाजपा की करारी हार के बाद केंद्रीय बजट को राज्य के लिए निराशाजनक और पक्षपाती बताया गया है। कहा कि इस बजट में झारखंड के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। उनका मानना है कि यह बजट देश के नहीं बल्कि केंद्र सरकार के राजनीतिक भय और बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पेश किया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मिडिल क्लास को कुछ राहत देने की कोशिश की गई है। लेकिन महंगाई की मार से वे पहले से ही परेशान है। इस आम बजट से किसानों, युवाओं,गरीबों,मजदूरों एवं आम जनता के लिए कोई राहत की बात नहीं है। झारखण्ड के साथ अनदेखी की गयी है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमीरों को ध्यान में रखकर बजट बनाया है।

## सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट : प्रेम झा



**जमशेदपुर :** भाजपा जमशेदपुर महानगर जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा ने केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों को छूने वाला सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट है। उन्होंने कहा कि बजट में 12 लाख तक के आय को टैक्स फ्री करने, स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये, सरकार के 10,000 करोड़ रुपये के योगदान से स्टार्टअप्स के लिए फंड की व्यवस्था, मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ाने का ऐलान और पांच आईआईटी में एडिशनल इंफ्रास्ट्रक्चर, एआई एक्सिलेंस सेंटर, किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख समेत ईवी को बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले 35 एडिशनल चीजों पर से कस्टम ड्यूटी को हटाने एवं कैंसर की दवाओं को सस्ती करने जैसी कई घोषणाएं सराहनीय है।

## बजट में गरीबों के लिए कुछ राहत नहीं : सुधीर कुमार पप्पू



**जमशेदपुर :** समाजवादी चिंतक और अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लोक लुभावना और जनता को ठगने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा 10 सालों में जो भी बजट पेश किया गया किसी को पूरा नहीं किया गया। किसानों युवाओं गरीबों मजदूरों और आम जनता के लिए बजट में कोई राहत की बात नहीं है। बिहार और झारखंड के साथ अनदेखी की गई है। अमीरों को ध्यान में रखकर बजट बनाया जाता है। रेलवे के क्षेत्र में भी कुछ लग्जरी ट्रेन चलाई जाएगी और गरीबों को कोई राहत नहीं मिलेगी। पिछले वर्ष जो भी वादे किए गए थे वह वादे आज तक पूरा नहीं हुए। केंद्रीय सरकार का यह बजट चुनावी बजट है।

## अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा बजट : सरयू राय



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट जन हितकारी है। सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ इस बजट में है। मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली है। अब वो ज्यादा बचत करेंगे, ज्यादा निवेश करेंगे, ज्यादा खर्च करेंगे। इसका फायदा अर्थव्यवस्था को होगा। जीडीपी बढ़ेगी और ओवरऑल अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

## बजट मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम : प्रशांत पोद्दार



**जमशेदपुर :** भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार ने बजट को मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने मध्यम वर्ग को राहत दी है। 12 लाख रूपये तक की आय पर नहीं देना होगा कोई टैक्स। ये बजट काफी बढ़िया है। देश के साथ साथ परिवार के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बहुत बढ़िया बजट का निर्माण किया गया है। इस बजट में, प्रस्तावित विकास उपाय, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ज्ञान) को ध्यान में रखकर दस व्यापक क्षेत्रों तक फैला हुआ है।

## वित्तमंत्री ने शानदार बजट दिया : प्रमोद मिश्रा



**जमशेदपुर :** बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने बजट को विकसित भारत के संकल्प की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया है। मध्यमवर्ग को राहत देते हुए वित्तमंत्री ने 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय को आयकर से छूट दी है,यह अत्यंत ही स्वागत योग्य कदम है। सरकार का आम बजट सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के साथ विकसित भारत के नवनिर्माण को नयी दिशा प्रदान करेगा। इसमे गांव, गरीब, किसान जवान के साथ साथ टूरिज्म एवं विकसित भारत के लिए परमाणु उर्जा के कार्यक्रम पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। कुल मिलाकर वित्तमंत्री ने शानदार बजट दिया है।

## 12 लाख तक के आमदनी पर टैक्स छूट ऐतिहासिक निर्णय : सुधांशु ओझा



**जमशेदपुर :** शनिवार को प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 का भाजपा जमशेदपुर जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सराहना करते हुए प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है। बजट को मध्यम वर्ग की आमदनी बढ़ाने, खर्च घटाने, क्रय शक्ति बढ़ाने और समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि 12 लाख 75 हजार रुपए तक की आमदनी पर टैक्स में पूरी तरह छूट दी गई है। बजट में उद्योग, शिक्षा, टैक्स सुधार और विकास के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। बजट देश के प्रत्येक नागरिक के सशक्तिकरण और समृद्ध भविष्य की ओर बड़ा कदम है।

## चंद्रशेखर टुडू ने गोबरघुसी में 500 बुजुर्गों के बीच किया कंबल वितरण



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के सौजन्य से शनिवार को पटमदा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने 500 कंबलों का वितरण किया। उन्होंने पटमदा प्रखंड अंतर्गत गोबरघुसी पंचायत के सुदूरवर्ती गांव सारी, मोहनपुर, पांडुकोचा, बाटालुका, बूढ़ीगोड़ा व आमदापाहाड़ी गांव में शनिवार को असहाय व बुजुर्गों के बीच वितरण किया। टुडू ने बताया कि ठंड को देखते हुए विधायक ने क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल उपलब्ध कराई थी। कार्यकर्ताओं के माध्यम से चिन्हित करते हुए कंबल वितरण किया गया। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ता संजय सिंह, सुफल टुडू, कालीराम सिंह व सरोज सिंह सरदार आदि उपस्थित थे।

## झामुमो नेता अजय रजक ने खेडुआ सबर टोला में बांटे 60 कंबल



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमो के वरिष्ठ नेता अजय रजक ने शनिवार को पटमदा प्रखंड के खेडुआ सबर टोला में 60 लोगों के बीच कंबल वितरण किया। अजय रजक ने बताया कि जाड़े के मौसम में हर साल पटमदा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दौरा करते हुए बुजुर्गों को चिन्हित करते हुए अपने स्तर से कंबल का वितरण करता हूं ताकि ठंड में बुजुर्गों को राहत मिल सके। इस दौरान उनके साथ डॉ. अवतार सिंह सिंधु, झामुमो नेता प्रीतम हेम्ब्रम, सपन रॉय, सुशील बेसरा, कालीपद महतो व लखीराम मुर्मू उपस्थित थे।

## तिलका मांझी फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू, अफ्रीका, घाना, युगांडा, आइवरी कोस्ट के खिलाड़ी हुए शामिल



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आदिवासी तिलका फुटबॉल एसोसिएशन, सिंहभूम की ओर से कोलाबीरा स्थित मैदान में दो दिवसीय शहीद तिलका मांझी ट्रॉफी-2025 फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को शुरू हुआ। इस टूर्नामेंट में कोल्हान के तीनों जिले से कुल 16 टीमें भाग ले रही है। टूर्नामेंट का उद्घाटन ईचागढ़ विधायक सविता महतो, सामाजसेवी ज्योति सेनापति और ज़िप सदस्य लक्ष्मी सरदार ने किया। टूर्नामेंट का पहला मैच कोहिनूर स्पोर्टिंग बालीनगर और बम बम भोले के बीच खेला गया। इस टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण का केंद्र दक्षिण अफ्रीका, घाना, युगांडा और आइवरी कोस्ट के फुटबॉल खिलाड़ी रहे जो विभिन्न टीमों की ओर से मैच में हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को खेला जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को आमंत्रित किया गया है। इसके आयोजन में कमेटी के मुख्य संरक्षक सह आरकेएफएल के सीओओ शक्तिपद सेनापति, मुख्य संयोजक मो अख्तर हुसैन, संयोजक शुशेन मार्डी, रविंद्र मंडल, मो करीम, अध्यक्ष लालमोहन महतो, उपाध्यक्ष शिवनंदन किस्कू समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## प्रमंडलीय पान तांती समाज कल्याण समिति का वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां के आकर्षिणी मंदिर परिसर में कोल्हान प्रमंडलीय पान तांती समाज कल्याण समिति खरसावां-कुचाई का मिलन समारोह सह वार्षिक वनभोज का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमंडलीय पान तांती समाज के केंद्रीय अध्यक्ष मोतीलाल दास व केंद्रीय महासचिव हरीश चंद्र भांज ने दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वही समाज की एकता, संस्कृति व प्रपम्परा की रक्षा समेत विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा की गई। श्री दास ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों व विसंगती ने हमारे समाज को पान और तांती में बाँट दिया है। जबकि पान और तांती दोनों एक ही जाति एक ही समाज और एक ही संस्कृति परम्परा का पालन करते है। इस दौरान मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष मोतीलाल दास,महासचिव हरीश चंद्र भांज,केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद भांज, प्रवक्ता जगदीश दास,निरंजन तांती, दिलीप तांती,देवीलाल तांती,परमेश्वर तांती,अर्जुन मलिक,नागेंद्र तांती,भैरव दास,लालू तांती,दुलाल स्वामी, राहुल तांती,विश्वनाथ तांती,आकाश तांती,दुर्गा चरण तांती,शिल्पा दास, बबीता तांती,लक्ष्मी तांती, प्रतिमा तांती,सुमित्रा तांती आदि समाज के लोग उपस्थित थे।

## जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमशेदपुर एफसी का मुकाबला एफसी गोवा से आज

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी रविवार को शाम 7~30 बजे अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग 2024-25 मुकाबले में एफसी गोवा की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जमशेदपुर एफसी 17 मैचों में 10 जीत, एक ड्रा और छह हार से 31 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। रेड माइनर्स का पहला लक्ष्य आगामी मुकाबला जीतकर एफसी गोवा को पीछे छोड़ना होगा, जो 17 मैचों में नौ जीत, छह ड्रा और दो हार से 33 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है। वहीं, गौर्स को जीत लीग लीडर्स मैरिनर्स (18 मैचों में 40 अंक) के करीब ले जाएगी। इसके अलावा कोच खालिद जमील के रेड माइनर्स के पास जीत से एफसी गोवा पर लीग डबल करने का मौका है, क्योंकि उन्होंने 17 सितंबर, 2024 को रिवर्स फिक्सचर में मैनोलो मार्कुएज के गौर्स को 2-1 से हराया था। जमशेदपुर एफसी जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपने पिछले पांच घरेलू मैचों में अपराजित (चार जीत व एक ड्रा) हैं। हालांकि वो इनमें से किसी भी मैच में क्लीन शीट दर्ज करने में विफल रही है। इस तथ्य को जानकर गौर्स उत्साहित होंगे, जिन्होंने इस सीजन में 17 मुकाबलों में 32 गोल किए हैं। उन्होंने अपने पिछले दो आईएसएल मैचों में क्लीन शीट रखकर डिफेंसिव मजबूती दिखाई है। रेड माइनर्स के मुख्य कोच खालिद जमील ने इस मुकाबले से माकूल नतीजे की उम्मीद जताई है। गौर्स के स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज ने कहा, जमशेदपुर एफसी के खिलाफ खेलना बहुत मुश्किल है। हम इस मैच में ढीले नहीं पड़ सकते हैं क्योंकि उनका सीजन शानदार रहा है।

## विधायक ने चांडिल व नीमडीह में सदस्यता अभियान को कार्यकर्ताओ संग किया मंथन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** शुक्रवार को चांडिल प्रखंड के एक होटल व नीमडीह प्रखंड के फारेस्ट डाक बांगला मे सदस्यता अभियान को लेकर विधायक सविता महतो व झामुमो जिला संयोजक सदस्य नें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में झामुमो जिला संयोजक मंडली ने यथाशीघ्र सदस्यता अभियान को लेकर निर्देश दिए। इस दौरान ईचागढ विधायक सविता महतो ने पदाधिकारीग व कार्यकर्ताओ को सदस्यता अभियान चलाने को लेकर केद्रीय समिति का निर्देश को पालन करने की बात कही। इसी क्रम में उन्होंने कहा आगामी 5 फ़रवरी को कुकड़ू में 11 बजे व ईचागढ़ प्रखंड में 2 बजे बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर झामुमो जिला संयोजक सदस्य गुरूचरण किस्कू, चारूचांद किस्कू, सुधीर महतो, काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, सुधीर किस्कू, कृष्णा किशोर महतो, हरिदास महतो, पशुपति महतो, शंकर सिंह सरदार, बैद्यनाथ टुडू, दिनबंधु महतो, दिलीप किस्कु, धर्मु गोप, हरेकृष्ण सिंह सरदार, सुदामा हेंब्रम, अर्जुन सिंह मुंडा, सुनील सिंह, टिंकू महतो, पतित दास, समर भुईया आदि दोनों प्रखंड के झामुमो कार्यकर्त उपस्थित थे।

## 23 छात्रों को जुस्को स्कूल साउथ पार्क में ग्रेजुएशन सेरेमनी अवार्ड 2025 से किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क में कक्षा 12वीं सत्र 2024-25 के निवर्तमान छात्रों का वार्षिक ग्रेजुएशन समारोह शनिवार को कदमा के कुडी महंती ऑडिटोरियम में रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि में जेईएम फाउंडेशन के प्रशासक ए एफ मैडन और जेईएम फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रबंधक जीजू थॉमस शामिल हुए। विद्यालय की प्रधानाचार्य मिली सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए पिछले पंद्रह वर्षों में छात्रों की सुखद यादों को ताज़ा किया। अपने संबोधन में जीजू थॉमस ने कहा कि छात्रों को प्रतिस्पर्धी मानसिकता के साथ तैयार होना चाहिए और लंबे समय तक टिके रहने के लिए खुद को उन्नत करना चाहिए, क्योंकि स्कूल से स्नातक होने के बाद का जीवन आसान नहीं होगा। ए एफ मैडन ने स्नातकों को बधाई दी और उन्हें बड़े सपने देखने और आसमान को छूने का लक्ष्य रखने को कहा।

**इस अवसर पर से सीनियर सेकेंडरी के छात्रों को प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया :**

**प्रिंसिपल अवॉर्ड फॉर आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट**

कुशल दिव्यम - 12डी और तेगवीर सिंह 12 डी।

**प्रिंसिपल अवॉर्ड फॉर डायनेमिक लीडरशीप**

सत्यम कुमार - 12ए , स्नेहा सिंह- 12ए, श्रेया सिंह- 12डी और सुवर्णा श्रुति- 12डी।

**प्रिंसिपल अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंट परफॉर्मेंस**

मोरिसा मोनाल - 12सी, प्रसिद्धि गुप्ता- 12सी, इमरान वकील - 12ए और अभिषेक झा- 12बी।

कार्यक्रम का समापन निवर्तमान विद्यालय अध्यक्ष स्नेहा सिंह एवं विद्यालय कप्तान श्रेया सिंह के समापन भाषण के साथ हुआ।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## भीड़ की त्रासदी है

**अंततः** साबित हो गया कि महाकुंभ प्रयागराज में 'त्रासद हादसा' हुआ। भीड़ के कारण भगदड़ मची। भगदड़ वैसी ही थी, जैसी इतिहास में दर्ज हैं और हम कई बार देख-सुन चुके हैं। जिंदगी एक भी बेहद अमूल्य है, वह किसी भी सूरत में कुचली नहीं जानी चाहिए। यह अक्षम्य मानवीय अपराध तय होना चाहिए। मौत निश्चित और अपरिहार्य है, लेकिन मौत वह होनी चाहिए, जो नियति ने तय की हो। क्या महाकुंभ की त्रासदी को भी नियति मान लिया जाए? महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालु पुण्य कमाने गए थे और अब भी जा रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने भी उन्हें 'पुण्यात्मा' माना है, वे पूर्णतः आस्थामय थे, लिहाजा पवित्र संगम घाट से 200 मीटर की दूरी तक पहुंच गए थे। फिर उनकी आस्था अधूरी क्यों रही? शायद यही नियति हो! बहरहाल भगदड़ मची और सोते, विश्राम करते भक्त भीड़ की कुचलियों तले फंस गए। कुचलन के कारण 30 मौतें हो गई, 60 घायल हुए। उनमें से 36 लोग अब भी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। महाकुंभ की यह त्रासदी विश्व भर के मीडिया में छाई है। बड़े-बड़े अखबारों में सुर्खियां, विश्लेषण छापे जा रहे हैं कि भारत इतने व्यापक स्तर पर भीड़ का प्रबंधन करने में नाकाम रहा। सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या कुंभ जैसे अपरिमित जन-आयोजन भारत में किए जाने चाहिए? भारत के सुरक्षाकर्मी भीड़ को नियंत्रित कर रहे थे अथवा महज अपीलें जारी कर रहे थे? अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भारत-विरोधी अभियान-सा छिड़ गया लगता है। बेशक भगदड़ें होती रही हैं, धार्मिक स्थलों पर ज्यादा हुई हैं, लिहाजा ऐसी त्रासदियों को भी नियति माना जाए। दुनिया भर में भयानक और वीभत्स हत्याएं भी की जाती रही हैं। यह एक निरंतर अपराध है। कुंभ या किसी भी जन-सैलाब के दौरान भगदड़ और बर्बर हत्याओं को मीडिया में 'बैनर सुर्खियों' के तौर पर छापा जाता रहा है। कई दिनों तक विश्लेषण भी प्रकाशित किए जाते रहे हैं, लेकिन अलजाइमर की बीमारी दुनिया भर में मौतों की 7वीं सबसे बड़ी और तय कारण है, लेकिन उसकी खबर एक कोने में छपती है। कई बार तो नजरअंदाज भी कर दिया जाता है। सड़क दुर्घटनाओं में सालाना लाखों मौतें होती हैं, लेकिन इन्हें भी सुर्खियां नहीं बनाया जाता। कोरोना महामारी की खबर तब तक एक कोने में, अंदर के पन्नों पर, छपती रही, जब तक भारत में मौतों का आंकड़ा निरंतर और भयावह नहीं हो गया। दरअसल भारत एक संकरा और भीड़-भाड़ वाला देश है। आबादी करीब 145 करोड़ है और निरंतर बढ़ रही है। गौरतलब है कि भारत में 9 शहर ऐसे हैं, जिनकी आबादी 70 लाख से ज्यादा है। करीब 46 शहर ऐसे हैं, जिनकी आबादी 10 लाख से अधिक है। इन शहरों के पास ऐसे मैदान भी नहीं हैं, जहां 5 लाख या भीड़ को एक जगह संभाल लिया जाए। देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहां एक दिन में 8-10 करोड़ लोगों की भीड़ जमा हो सके और कोई हादसा भी न हो। हमारे रेलवे स्टेशनों पर इतनी भीड़ हो जाती है कि अक्सर भगदड़ के आसार बनते रहते हैं। फिर महाकुंभ में करोड़ों की भीड़ के प्रबंधन और नियंत्रण के दावे क्यों किए गए? पुण्य स्नान के लिए लोगों को आमंत्रण क्यों दिया जाता रहा? बेशक मेला क्षेत्र 4000 हेक्टेयर में फैला है। यह अभूतपूर्व है। सुरक्षाकर्मी 70,000 से अधिक तैनात किए गए हैं, लेकिन स्नान की होड़ में भीड़ उनके निर्देशों को भी नहीं मानती। दरअसल भारत के ज्यादातर लोग धर्म-भीरू हैं, आस्तिक आत्माएं कम हैं, लिहाजा भक्त 10-15 किलोमीटर पैदल चलते रहे, धक्के खाते रहे, संघर्ष करते रहे, क्योंकि उन्हें 'अमृत स्नान' करना था। बहरहाल महाकुंभ की त्रासदी पर न तो इंजीनियर बनें और न ही राजनीतिक विद्वेष फैलाएं। हमें भीड़-तंत्र के विज्ञान को समझना होगा, नहीं तो त्रासदियां भी अपरिहार्य ही रहेंगी।

> महाकुंभ की त्रासदी को भी नियति मान लिया जाए? महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालु पुण्य कमाने गए थे और अब भी जा रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने भी उन्हें 'पुण्यात्मा' माना है, वे पूर्णतः आस्थामय थे, लिहाजा पवित्र संगम घाट से 200 मीटर की दूरी तक पहुंच गए थे। फिर उनकी आस्था अधूरी क्यों रही? शायद यही नियति हो! बहरहाल भगदड़ मची और सोते, विश्राम करते भक्त भीड़ की कुचलियों तले फंस गए। कुचलन के कारण 30 मौतें हो गई, 60 घायल हुए। उनमें से 36 लोग अब भी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। महाकुंभ की यह त्रासदी विश्व भर के मीडिया में छाई है। बड़े-बड़े अखबारों में सुर्खियां, विश्लेषण छापे जा रहे हैं कि भारत इतने व्यापक स्तर पर भीड़ का प्रबंधन करने में नाकाम रहा। सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या कुंभ जैसे अपरिमित जन-आयोजन भारत में किए जाने चाहिए? भारत के सुरक्षाकर्मी भीड़ को नियंत्रित कर रहे थे अथवा महज अपीलें जारी कर रहे थे? अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भारत-विरोधी अभियान-सा छिड़ गया लगता है। बेशक भगदड़ें होती रही हैं, धार्मिक स्थलों पर ज्यादा हुई हैं, लिहाजा ऐसी त्रासदियों को भी नियति माना जाए।

### विश्व की तीसरी सबसे बड़ी वैज्ञानिक और तकनीकी जनशक्ति भी हमारे यहां

# वैज्ञानिकों पर भरोसे के मामले में भारत दूसरे नंबर पर

> तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत में वैज्ञानिकों एवं उनके रिसर्च वर्क के प्रति आम आदमी का विश्वास और सम्मान कायम है। अंतराष्ट्रीय जर्नल नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकशित नए अध्ययन के अनुसार मिस्र के बाद 68 देशों में भारत को वैज्ञानिकों पर भरोसे के मामले में दूसरे पायदान पर है। मिस्र शीर्ष पर है. उसके बाद भारत, नाइजीरिया, केन्या और ऑस्ट्रेलिया को रखा गया है। इसी तरह अमेरिका को बारहवें जबकि ब्रिटेन को 15वें स्थान पर रखा गया है

**यह** भारतवासियों के लिए खुशी की खबर है, साथ ही विश्व पटल पर सम्मान की बात भी है। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत में वैज्ञानिकों एवं उनके रिसर्च वर्क के प्रति आम आदमी का विश्वास और सम्मान कायम है। अंतराष्ट्रीय जर्नल नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकशित नए अध्ययन के अनुसार मिस्र के बाद 68 देशों में भारत को वैज्ञानिकों पर भरोसे के मामले में दूसरे पायदान पर है। मिस्र शीर्ष पर है. उसके बाद भारत, नाइजीरिया, केन्या और ऑस्ट्रेलिया को रखा गया है। इसी तरह अमेरिका को बारहवें जबकि ब्रिटेन को 15वें स्थान पर रखा गया है। वहीं इन 68 देशों में अल्बानिया सबसे निचले पायदान पर है। यह अध्ययन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की विक्टोरिया कोलोग्ना और ज्यूरिख यूनिवर्सिटी के नील्स जी मेडे के नेतृत्व में 169 संस्थानों के 241 शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम द्वारा किया है। इसमें बाथ विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ भी शामिल थे। इस सर्वेक्षण में शोधकर्ताओं ने 71,922 लोगों से उनकी राय ली है।

दरअसल, वैज्ञानिक समाज में महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं। यह वैज्ञानिक ही हैं जिन्होंने मानव की जिंदगी को साल दर साल आसान ही बनाया है लेकिन क्या आम जनता भी विज्ञान और वैज्ञानिकों पर भरोसा करती है जो हमारे भविष्य को आकार दे रहे हैं, इन्हीं सवालों के जबाव ढूंढने के लिए शोधकर्ताओं ने भारत सहित 68 देशों में आम लोगों पर एक सर्वेक्षण किया था। सुखद बात यह रही कि इसमें सामने आया कि दुनिया के अधिकांश लोग अब भी वैज्ञानिकों पर भरोसा करते हैं। महिलाओं और बुजुर्गों का वैज्ञानिकों पर भरोसा पुरुषों और युवाओं से कहीं ज्यादा है। इसके साथ ही शहरी, शिक्षित और आर्थिक रूप से समृद्ध लोग वैज्ञानिकों पर अधिक विश्वास करते हैं। निष्कर्ष कुछ चिंताजनक पहलुओं को भी उजागर करते हैं। वैश्विक स्तर पर महज 42 फीसदी लोग मानते हैं कि वैज्ञानिक दूसरों के विचारों पर ध्यान देते हैं।



कुछ लोगों को यह भी लगता है कि वैज्ञानिक प्राथमिकताएं हमेशा उनकी प्राथमिकताओं से मेल नहीं खाती। अध्ययन के नतीजे दर्शाते हैं लोगों का वैज्ञानिकों पर भरोसा मजबूत है. फिर भी इसे बनाए रखने के लिए कुछ चुनौतियां हैं। ऐसे में इस भरोसे को कायम रखने के लिए शोधकर्ताओं ने सिफारिश की है कि वैज्ञानिकों से बात करनी चाहिए और उनकी राय लेनी चाहिए। अध्ययन में यह भी सामने आया है कि आमतौर पर भारतीय वैज्ञानिकों की काबिलियत और समाज कल्याण में उनके योगदान को सकारात्मक रूप से देखते हैं। अध्ययन इस बात को भी दर्शाता है कि विज्ञान के प्रति भारतीयों की मजबूत आस्था है। 78 फीसदी लोगों ने माना कि वैज्ञानिक महत्वपूर्ण शोध करने में सक्षम हैं। वहीं 57 फीसदी लोग वैज्ञानिकों को ईमानदार मानते हैं। इसी तरह 56 फीसदी का विचार है कि वैज्ञानिक समाज की भलाई के बारे में सोचते हैं। हालांकिए 42 फीसदी लोग ऐसे भी हैंए जिन्हें लगता है कि वैज्ञानिक दूसरों की बातों पर ध्यान देते हैं। इसी तरह ज्यादातर ;83 फीसदी लोगों का मानना है कि वैज्ञानिकों को अपना काम जनता के साथ साझा करना चाहिए। हालांकि 23 फीसदी लोगों का मानना है कि वैज्ञानिकों को विशिष्ट नीतियों को बढ़ावा देने से बचना चाहिए, जबकि 52 फीसदी का मानना है कि वैज्ञानिकों को नीति निर्माण में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए।

**वैज्ञानिक अप्रोच से ही देश का समुचित विकास संभव :** किसी भी देश का विकास वहाँ के लोगों के विकास के साथ जुड़ा हुआ होता है। इसके मद्देनज़र यह ज़रूरी हो जाता है कि जीवन के हर पहलू में विज्ञान.तकनीक और शोध कार्य अहम भूमिका निभाएं। विकास के पथ पर कोई देश तभी आगे बढ़ सकता है जब उसकी आने वाली पीढ़ी के लिये सूचना और ज्ञान आधारित वातावरण बने और उच्च शिक्षा के स्तर पर शोध तथा अनुसंधान के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों। इसमें दो राय नहीं है कि भारतीय वैज्ञानिकों का जीवन और कार्य प्रौद्योगिकी विकास तथा राष्ट्र निर्माण के साथ गहरी मौलिक अंतःदृष्टि के एकीकरण का शानदार उदाहरण रहा है। लेकिन कुछ तथ्य ऐसे भी हैं जो इशारा करते हैं कि भारत आज विश्व में वैज्ञानिक प्रतिस्पर्द्धा के क्षेत्र में कहाँ ठहरता हैघ् भारत की अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में क्या स्थिति हैघ् आखिर क्यों भारत शोध कार्यों के मामले में चीनए जापान जैसे देशों से पीछे हैघ् ऐसी कौन.सी चुनौतियाँ हैं जो अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में भारत की प्रगति के पहिये को रोक रही हैंघ् इस दिशा में क्या कुछ समाधान किये जा सकते हैं. यूनेस्को के अनुसारए ज्ञान के भंडार को बढ़ाने के लिये योजनाबद्ध ढंग से किये गए सृजनात्मक कार्य को ही रिसर्च यानी अनुसंधान एवं डेवलपमेंट यानी विकास कहा जाता है।

**अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां :** इंडियन साइंस एंड रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंडस्ट्री रिपोर्ट के अनुसार भारत बुनियादी अनुसंधान के क्षेत्र में शीर्ष रैंकिंग वाले देशों में शामिल है।विश्व की तीसरी सबसे बड़ी वैज्ञानिक और तकनीकी जनशक्ति भी भारत में ही है। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद ;बैप्त्द्ध द्वारा संचालित शोध प्रयोगशालाओं के ज़रिये नानाविध शोधकार्य किये जाते हैं। भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी देशों में सातवें स्थान पर है। मौसम पूर्वानुमान एवं निगरानी के लिये प्रत्युष नामक शक्तिशाली सुपरकंप्यूटर बनाकर भारत इस क्षेत्र में जापानए ब्रिटेन और अमेरिका के बाद चौथा प्रमुख देश बन गया है। नैनो तकनीक पर शोध के मामले में भारत दुनियाभर में तीसरे स्थान पर है।

दृष्टि कोण

# शिया पंथ-इस्लाम पंथ का बढ़ता विवाद

**पिछले** दिनों कश्मीर में शिया पंथ के लोगों को लेकर इस्लाम पंथ के पैरोकारों में एक मामला तूल पकडने लगा था। उस पर चर्चा करने के लिए शिया पंथ और इस्लाम पंथ के मूल विवाद को जान लेना जरूरी है। दरअसल हजरत मोहम्मद (सल्ल) के पैरोकारों के दो अलग-अलग पंथ कर्बला के युद्ध के बाद ही बन गए थे। एक इस्लाम पंथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ, जिसके पैरोकार मुसलमान कहलाए जाने लगे और दूसरा शिया पंथ के नाम से प्रसिद्ध हो गया। इसे इतिहास का दुर्योग ही कहा जाएगा कि दोनों हजरत मोहम्मद साहिब में ईमान रखते हैं, लेकिन उसके बावजूद एक दूसरे के सामने आ जाते हैं। शिया पंथ के अनुयायी हजरत मोहम्मद को तो मानते हैं, लेकिन उसके बाद उनका रास्ता मुसलमानों/इस्लाम पंथियों से अलग हो जाता है। इस्लाम पंथ के अनुयायी हजरत मोहम्मद के देहावसान के बाद के चार खलीफाओं यानी अबू बकर, उमर, उस्मान और अली (इन चार खलीफाओं को वे राशिदुन खलीफा कहते हैं) के अस्तित्व को स्वीकारते हैं और उसके बाद उत्तराधिकारी की परम्परा को समाप्त मान लेते हैं। लेकिन शिया पंथ के लोग पहले के तीन खलीफाओं को मान्यता नहीं देते। वे हजरत मोहम्मद के बाद हजरत अली को ही मान्यता देते हैं। चौथे खलीफा हजरत अली, हजरत मोहम्मद (सल्ल) के दामाद थे। उनकी किसी मुसलमान ने मस्जिद में नमाज पढ़ते हुए हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं, उनके बेटे हसन को भी कहा जाता है जहर देकर मरवा दिया था। इसके बाद भी बस नहीं, उनके बचे हुए बेटे हुसैन को कर्बला के मैदान में धोखे से बुलाकर परिवार सहित हत्या कर दी गई थी।

इस प्रकार पूरा वंश ही समाप्त कर दिया गया ताकि उत्तराधिकार का मसला ही बंद हो जाए। मुसलमानों के इस अमानुषिक आचरण के विरोध में, कर्बला में हुए इस नरसंहार के बाद शिया पंथ के नाम से एक नया पंथ शुरू हो गया। अंग्रेजी में शिया पंथ का अनुवाद ही 'अली की पार्टी' किया जाता है। देखते ही देखते, आज का ईरान और ईराक इस्लाम पंथ को छोडक़र शिया पंथ का अनुयायी हो गया। इस्लाम पंथ को मानने वाले दुनिया के दूसरे देशों में भी बहुत से इस्लाम पंथी बाद में शिया पंथ के अनुयायी हो गए, लेकिन ईरान और ईराक को छोडक़र अन्य स्थानों पर वे अल्पमत में ही हैं। इस्लाम पंथ और शिया पंथ के शिष्यों में विवाद की जड़ में कर्बला का वह युद्ध बहुत महत्वपूर्ण पड़ाव है। शिया पंथ के लोग कर्बला की उस घटना को हर साल दुनिया भर में याद करते हैं। उसकी याद में ताजिया निकालते हैं। अली के बेटे हुसैन को जब मुसलमानों ने मारा, तो उनके कष्ट को अनुभव करने के लिए शिया पंथी अपने शरीर पर कोड़े मारते हुए लहूलुहान हो जाते हैं। इतना ही नहीं, 'हा हुसैन, हम न हुए' के नारे लगाते हैं। यानी उन्हें अफसोस है कि उस अमानवीय नरसंहार के वक्त हम कर्बला के मैदान में नहीं थे। यदि हम वहां होते तो जरूर न्याय की इस लड़ाई में अपनी जान दे देते। जाहिर है मुसलमानों को शिया पंथियों का हर साल का यह प्रदर्शन और रुदन चुभता है। कोई भी कौम अपने इतिहास के अंधेरे पक्ष का सामना नहीं करना चाहती। वह यह भी नहीं चाहती की शिया पक्ष बार बार उसका प्रदर्शन करके उसे चिढ़ाए। लेकिन शिया पंथ की तो शुरुआत ही कर्बला के उस मैदान से होती है, अतः वह उसे कैसे भूल सकता है? यही कारण है कि अनेक स्थानों पर कर्बला युद्ध का वह ऐतिहासिक दिन आज भी शिया पंथियों और मुसलमानों के बीच में एक बार फिर कर्बला का मैदान बन जाता है। दोनों पक्षों में दंगा हो जाता है जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली जाती है। पाकिस्तान ने तो सारी हदें तोड़ दी हैं। वहां तो शिया इबादतखानों (शिया पंथी भी अपने इबादतखानों को मस्जिद ही कहते हैं) पर बाकायदा बम विस्फोट किए जाते हैं ताकि शिया पंथी किसी स्थान पर एकत्रित न हो सकें। शिया पंथ के अनुयायियों और मुसलमानों में विवाद का एक दूसरा कारण भी है। शिया पंथ के लोग ताजिए के नीचे से अपने बच्चों को निकालते हैं। उनका मानना है कि इससे बच्चों को हजरत हुसैन का आशीर्वाद मिल जाता है और वे जीवन में रोगों से मुक्त रहते हैं। इसी प्रकार वे ताजिया पर चढ़ावा शीरनी, शर्बत इत्यादि भी चढ़ाते हैं। यही चढ़ावा श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में दिया जाता है।

इन सभी कारणों से मुसलमान, ताजिए की तुलना मूर्तिपूजा से करते हैं। उनके अनुसार ताजिया एक प्रकार से हजरत हुसैन का प्रतीक ही है। मूर्ति भी प्रतीक ही होती है। मूर्ति पर भी चढ़ावा चढ़ाया जाता है और प्रसाद बंटता है। इस्लाम में न तो प्रतीक रूप में मूर्ति की अनुमति है और न ही मूर्ति पूजा की। लेकिन इस्लाम पंथ को मानने वाले यह नहीं सोचते कि वे इस्लाम का कर्मकांड, शिया पंथ पर कैसे लाद सकते हैं? न्याय के लिए जिस प्रकार का युद्ध कर्बला के मैदान में लड़ा गया था, क्या उनके पास इतिहास का कोई ऐसा गौरवशाली क्षण है। हिंदुस्तान के बारे में दुनिया भर के शिया पंथियों का एक नरम कोना है। जिस समय मुसलमान हजरत अली के परिवार को बेरहमी से मार रहे थे और दुनिया के बाकी लोग महज तमाशा देख रहे थे, उस समय मोहयाल ब्राह्मणों का एक वर्ग हुसैन के पक्ष में मुसलमानों से लड़ा था। न्याय की इस लड़ाई में अनेकों मोहयाल ब्राह्मणों ने भी बलिदान दिया था।

कुछ अलग

## हिंदी लेखक प्रा. लि. कंपनियां

**जीवन** के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। हिंदी साहित्य भला परिवर्तन की इस क्रांति से कैसे अछूता रह सकता है, सो यहां भी लिखने के कारखाने खुल गए। फैक्ट्रियां चल निकलीं, अनेक लेखकों ने प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियां बना डालीं। वहां हर तरह के माल का उत्पादन होने लगा। एक ही लेखक से कविता, कहानी, व्यंग्य, उपन्यास, आलोचना, फिल्म, खेल, महिला, बालोपयोगी तथा रसोईघर से सम्बन्धित सामग्री अब ली जा सकती है। लेखक एक है, नाम अनेक हैं। अनेक लेखक तो ऐसे भी निकले जिन्होंने अखबारों की आवश्यकता को देखते हुए समसामयिक राजनीतिक सामग्री के अलावा ज्योतिष, रहस्य-रोमांच, विज्ञान तथा ब्रह्माण्ड से सम्बन्धित विषयों पर भी लिखा। प्रा. लि. कम्पनियों का उद्भव और विकास ज्यादा पुराना नहीं है। पहले के लेखक बेवकूफ थे। वे बड़ा क्लासिक व स्तरीय साहित्य मिशनरी रूप में लिखते रहे। अब न तो कोई महाकाव्य लिखता है और न ही कोई खण्डकाव्य। जिन कार्यों में मेहनत होती है, उसे छोड़ कर शार्टकट अपनाए गए तथा कम समय में स्थापित होने की ललक बढने लगी। यह कम्पनियां उद्भव के साथ ही विकसित हो गईं। प्रारम्भ में इस क्षेत्र में वे लोग आए जो सभी विषयों पर लिखा करते थे। वे महापुरुषों के अनमोल वचन तथा चुटकले तक भी लिख लेते थे-अतः उन्हें अपने अकेले नाम के अलावा दूसरे नामों की जरूरत हुई। उन्होंने घर के सदस्यों के नामों से तथा अन्य पैर नेम्स से लिखना शुरू किया। समाचार-पत्रों व पत्रिकाओं के सम्पादकों को बड़ी सुविधा हो गई। उन्हें व्यर्थ की माथाफोड़ी नहीं करनी पड़ी। वे लोग इन कम्पनियों से प्राप्त माल को सम्पादित (ट्रेड मार्का) समझकर सीधे ही प्रेस में देते रहे और ये प्रा. लि. एक लेखकीय कम्पनियां चल पड़ीं। इनके विकास में उन सम्पादकों ने योगदान दिया, जो स्वयं भी लेखक थे। उन्होंने एक-दूसरे को माल की सप्लाई शुरू की तो वे असली लेखक उजडने लगे जो लेखन को बड़ी गंभीरता व मेहनत के साथ अपनाए हुए थे। इन कम्पनियों के प्रचलन से छोटे लेखक बरबाद होने लगे तथा कम्पनियों में निर्मित माल की खपत बढने लगी। इनका उद्भव और विकास रचनाओं के मिलने वाले पारिश्रमिक से भी हुआ। आजकल छोटे-बड़े सभी पत्र प्रकाशित रचनाओं पर अपने लेखकों को पारिश्रमिक देने लगे हैं। इसका प्रभाव भी लेखन कम्पनियों पर पड़ा। यही नहीं, इनके संचालकों ने नए लेखकों से सस्ती दरों पर उनका माल खरीदना तथा पत्र-पत्रिकाओं को महंगी दर पर बेचना प्रारम्भ कर दिया है। इन कम्पनियों की सफलता के पीछे जो सबसे बड़ा कारण रहा, वह था, पारिश्रमिक का आदान-प्रदान। तू मेरी छाप-मैं तेरी छापूं। इसके अलावा सम्पादकों ने लेखकों से बारगेनिंग करके भी प्राइवेट कम्पनियों के कारोबार को फूला-फलाया। इस व्यवस्था में लोग शनैः शनैः इधर-उधर से मारकर भी लिखने लगे और सांठ-गांठ के आधार पर छपने लगे। छद्म लेखन व महिला लेखन को इस दिशा में प्रोत्साहित किया गया तथा नकली लोग नाम व दाम बटोरने लगे। इस व्यवसाय में उन लोगों की रुचि बढ़ति गई, जो तनिक भी मीडिया से जुड़े हुए थे। स्वायत्तशासी संस्थाओं के जन सम्पर्क अधिकारी, बैंकों के राजभाषा अधिकारी, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कार्यक्रम अधिशाषी समन्वयक।

देश दुनीया से

## भारत की कूटनीति से पस्त हुआ कनाडा

**बड़े** बेआबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले, बहुत निकले मेरे अरमान मगर फिर भी कम निकले'। मिर्जा गालिब की यह पंक्ति कनाडा के वजीरे आजम 'जस्टिन ट्रूडो' पर सटीक बैठ रही है। वोट बैंक की सियासत में नाबिना होकर कनाडा की सत्ता पर काबिज रहने की हसरत में ट्रूडो अपनी गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी से भारत की सरेआम मुखालफत कर बैठे। अपनी सियासी जमीन को मजबूत करने के लिए ट्रूडो ने कनाडा को भारत विरोधी चरमपंथ की दारुल हुकूमत बना डाला। कनाडा की खूफिया एजेंसियों तथा विदेशी ताकतों के इशारे पर बिना किसी पुख्ता सबूत के भारत पर कई बेतुके इल्जाम लगा दिए थे। कनाडा में शरण ले चुके आतंकियों की हलाकत के लिए भी भारत को ही जिम्मेदार ठहरा दिया। कनाडा की खूफिया एजेंसी 'कम्युनिकेशन सिक्योरिटी एस्टैब्लिशमेंट' ने अपने मुल्क को खतरा पैदा करने वाले ईरान, चीन, रूस व उत्तर कोरिया जैसे देशों की फेहरिस्त में भारत को भी शामिल कर लिया। लेकिन ट्रूडो को जब भारत की कूटनीतिक हैसियत का एहसास हुआ, तब तक देर हो चुकी थी। वैश्विक मंचों पर भारत की मुखालफत का नतीजा यह हुआ कि ट्रूडो को कनाडा के वजीरे आजम पद से इस्तीफा देना पड़ा।



दरअसल जस्टिन ट्रूडो को भारत विरोधी हिकारत भरा नजरिया अपने वालिद व कनाडा के साबिक वजीरे आजम 'पियरे ट्रूडो' से विरासत में मिला है। स्मरण रहे कि अपनी सियासी पकड़ मजबूत करके सत्ता हासिल करने के लिए मालदीव के सदर मोहम्मद मुइज्जु ने भी 'इंडिया आउट' का नारा देकर भारत विरोधी राग अलापा था, मगर मुइज्जु भली भांति जानते थे कि मालदीव के लोकतंत्र को महफूज रखने के लिए तथा वहां की अर्थव्यवस्था को गुलजार करने में हिंदोस्तान का खुसूसी किरदार है। हिंदोस्तान की सैन्य सलाहियत व आर्थिकी से भी मुइज्जु मुखातिब थे। मुइज्जु के भारत विरोधी बयानों के रद्देअमल में जब भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बायकॉट किया तो वहां के अर्थतंत्र का तवाजुन बिगडने लगा। नतीजतन मालदीव की सत्ता हासिल करने के बाद मुइज्जु के सुर व लहजा दोनों बदल गए। मालदीव का सदर बनने के बाद भारत विरोधी बयानों से यूटर्न लेकर मोहम्मद मुइज्जु हिंदोस्तान की शरण में आ गए ताकि भारत व मालदीव के रिश्ते बेहतर रहें तथा कर्ज के बोझ में डूब चुके मालदीव की आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सके। सन 2022 में श्रीलंका को आर्थिक संकट से निकालने में भारत ने अहम योगदान दिया था। सितंबर 2024 में श्रीलंका के राष्ट्रपति बनते ही वामपंथी 'अनुरा कुमारा दिसानायके' भी भारत की शरण में पहुंचे। श्रीलंका की मौजूदा प्रधानमंत्री 'हरिनी अमरसूर्या' ने दिल्ली विश्वविद्यालय से ही शिक्षा प्राप्त की है। अतः श्रीलंका के हुक्मरान भी भारत की अहमियत से मुखातिब हैं। अपने बारूद की ताकत से कायनात का तवाजुन बिगाडने की सलाहियत रखने वाले अमेरिका, फ्रांस, इजरायल व रूस जैसे ताकतवर मुल्क भी भारत की कूटनीति व सैन्य ताकत का लोहा मानते हैं। मगर पिछले नौ वर्षों से कनाडा की सत्ता पर काबिज रहने के बावजूद जस्टिन ट्रूडो भारत की विदेश नीति व कूटनीतिक ताकत को भांपने में नाकाम रहे। चार लाख से अधिक भारतीय छात्र कनाडा के शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करते हैं। दीगर मुल्कों की निस्बत भारतीय छात्रों का ये आंकड़ा बहुत अधिक है।

कनाडा के शिक्षण संस्थानों की अर्थव्यवस्था को गुलजार करने में भारतीय छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कनाडा के शिक्षक वर्ग का रोजगार भी भारतीय छात्रों की महंगी फीस पर ही निर्भर करता है। कनाडा की मइशत को वहां के लाखों भारतीय प्रवासी लोग अपनी मेहनत से मजबूत कर रहे हैं। मगर विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था में शुमार भारत कनाडा की किसी भी चीज पर निर्भर नहीं है। हालात ये हैं कि कनाडा के तालीमी इरादों की तरफ भारतीय छात्रों का बढ़ता रुझान काफी हद तक कम हो रहा है। ट्रूडो की हुकूमत में कनाडा के हिंदू धर्मस्थलों पर भारत विरोधी स्लोगन लिखे गए। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' का अपमान किया गया। भारत की दिग्गज सियासी लीडर व साबिक वजीरे आजम इंदिरा गांधी के कत्ल का सरेआम जश्न मनाया गया। सनातन धर्म के जज्बातों को भडक़ाने तथा लोगों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने की कारकर्दगी पर भी ट्रूडो के लब-ए-इजहार पर खामोशी थी। कनाडा की सरजमीं पर भारत विरोधी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की आजादी करार दिया गया। हालांकि ट्रूडो के भारत विरोधी बयानों से कनाडा की आवाम भी खफा थी। अपने ही सियासी दल में विरोधी सुर उठने लगे थे। चरमपंथ व कट्टरवाद की हिमायत जस्टिन ट्रूडो के सियासी करियर पर कुठारघात साबित हुई। भारत विरोधी अलगाववादी ताकतों से ट्रूडो की रफाकत ने कनाडा की सियासी हरारत को इस हद तक बढ़ा दिया जिसका विकल्प ट्रूडो का इस्तीफा ही था। खुद को कनाडा की सियासत का चतुर खिलाड़ी समझने वाले जस्टिन ट्रूडो भारत की डिप्लोमेटिक स्ट्राइक के आगे अनाड़ी साबित हुए। लिहाजा विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत को अस्थिर करने का ख्वाब देखने वाली देशी व विदेशी ताकतों को भारत की कूटनीति से पस्त हुए कनाडा व मालदीव जैसे मुल्कों से सबक लेना होगा।

विश्व को अमन का पैगाम देने वाले बुद्ध, महावीर, नानक व महात्मा गांधी जैसे महापुरुषों की कर्मभूमि रहा भारत एटमी कूवत से लैस मुल्क व विश्व की चौथी सैन्य ताकत तथा पांचवीं अर्थव्यवस्था की हैसियस रखता है। अलबत्ता भारत अपने राष्ट्रीय हितों व स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं करेगा। बहरहाल जस्टिन ट्रूडो के दौरे हुकूमत में कनाडा के गुलिस्तां में चरमपंथ के जो जहरीले शजर उगे हैं, उनमें अमन के गुल नहीं खिलेंगे। अतः भारत को 'शठे शाठ्यम समाचरेत' नीति से ही जवाब देना होगा, ताकि हिंदोस्तान का राष्ट्रवादी संकल्प व इकबाल हमेशा बुलंद रहे। भारत विरोधी विचारधारा कनाडा की सियासत में गहरी पैठ बना चुकी है। दोनों मुल्कों के बिगड़े ताल्लुकात एक मुद्दत तक खुशहाल नहीं हो सकते।

आप का नजरीया

## बस अब और नहीं

**कैडर** की समीक्षा में सुक्खू सरकार के दरवाजे पर राष्ट्रीय प्रशासनिक सेवाओं का प्रवेश, जरूरत और सुविधा के ऊपर निर्भर कर रहा है। प्रशासनिक सफर की कहानी में यूं तो वर्षों से ब्यूरोक्रेसी की राष्ट्रीय पहचान इंगित होती रही है, लेकिन राज्य के अपने सरोकार मिट्टी के लालों से कहीं अधिक फलीभूत होते हैं। सरकार की मशीनरी में कितना बोझ, कितना वित्तीय दबाव है, इसकी एक परख वर्तमान सरकार के फैसले से हो रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि अब राष्ट्रीय प्रशासनिक कैडर में 'बस अब और नहीं' की स्थिति है। हिमाचल के प्रशासनिक ढांचे में 153 आईएएस अधिकारियों की भागीदारी अब ऐसी सीमा रेखा बना चुकी है, जहां काम का बंटवारा और राज्य कैडर का संतुलन बहुत कुछ कहता है। प्रयास धूमल सरकार ने भी किए थे। बतौर मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने हिमाचल के फलक पर प्रदेश कैडर के प्रशासनिक अधिकारियों के दायित्व और अधिकार बढ़ाने के अलावा सचिवालय की कार्यसंस्कृति को मांजने और फेंटने का प्रयत्न भी किया था, लेकिन सरकारों की ग्रंथियां स्थानांतरण नीति पर बेहाल रहती हैं। कैडर जो भी हो, इसके इस्तेमाल की निपुणता ही आखिर में साबित होती है। प्रदेश में कई आईएएस, आईपीएस, एचएएस और एचपीएस अधिकारी ही नहीं, बल्कि तमाम टेक्नोक्रेट भी सरकारों के प्रदर्शन को चार चांद लगाते आए हैं। कई ऐसे डाक्टर मिल जाएंगे, जो डिस्पेंसरी तक को श्रेष्ठ बना देते हैं और कई ऐसे भी होते हैं जो मेडिकल कालेज तक को नरक बना देते हैं। अगर एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष स्थानांतरण नीति व इसके नियम स्थापित हो जाएं, तो सुशासन का कारवां शिमला से निकलकर पांगी, सिरमौर और किन्नौर तक सकुशल पहुंच जाएगा, वरना कई जिलाधीश सिर्फ सत्ता की धूप सेंकते मिल जाएंगे। ऐसे पुलिस अधिकारी भी बढ़ गए हैं जो मात्र वीआईपी ड्यूटी में ही चमकते हैं। ऐसे में प्रदेश सचिवालय की फाइलों से ट्रांसफर की नोटिंग गायब कर दी जाए, तो कई अधिकारी लौहपुरुष और पुरुषार्थ के मसीहा बन जाएंगे, वरना राजधानी की प्रशासनिक चुगलियां अक्सर सरकारों के कानों को कच्चा कर देती हैं। सरकारी कार्यसंस्कृति का मूल्यांकन अब कहां होता है और इसलिए भी कि हर जनप्रतिनिधि को अपने आजू-बाजू सिर झुकाए अधिकारियों की फौज चाहिए। ऐसे एमएलए मिल जाएंगे जो जनता में रौब जमाने के लिए रोज अधिकारियों की अदालत सजाते हैं। कुछ इसी तरह का अभिप्राय भाजपा के जनमंच कार्यक्रम से भी निकला, जहां दफ्तर की रूटीन सार्वजनिक मंच की तलाशी हो गई और कई जनप्रतिनिधियों का शगल सिर्फ अधिकारियों को दुत्कारने का हो गया। अधिकारियों और कर्मचारियों को कर्मयोगी बनाने से पहले उनके कर्म की परिभाषा को स्थानांतरण के खौफ से दूर करना होगा, लेकिन नीति और नियमों की परिपाटी में सचिवालय कैडर को भी राज्य में तकसीम करना पड़ेगा। इस दिशा में जब सुक्खू सरकार जिस तरह और जिस गति से जिला कैडर समाप्त करती हुई, सभी को राज्य सेवा के परिदृश्य में खड़ा कर रही है, साहसिक व प्रशंसनीय है। इसी तर्ज पर सचिवालय कैडर को रिवर्स करके इन्हें भी राज्य स्तरीय करना होगा।

# तेतरिया, लेम्बोईया में सरस्वती पूजा को लेकर कि जा रही है विशेष तैयारी

## लगभग 14 लाख की लागत से किया जा रहा है साज सज्जा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड मुख्यालय के नोनगांव पंचायत के तेतरिया, लेम्बोईया में सरस्वती पूजा को लेकर भव्य तैयारी की जा रही है। लगभग 14 लाख की लागत से भव्य पंडाल एंव आकर्षक लाइटिंग से साज सज्जाई जा रही है। इसके अलावे विभिन्न प्रकार के आकर्षक दृश्य बनाया जा रहा है। जो मनोरम होगी। सरस्वती संगम क्लब तेतरिया के अध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि तेतरिया में मां वैष्णो देवी के थीम पर पुजा पंडाल बनाया जा रहा है। जो लगभग 60 फ़ीट का गगन चूम्बी पंडाल का निर्माण कि जा रहा है। जिसकी तैयारीयां लगभग पुरी हो चुकी है। साथ ही काई प्रकार के आकर्षक लाइटिंग से सजावट की जा रही है और भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है। संगम क्लब के पंडाल का निर्माण कोलकाता के कारीगरों के द्वारा बनाया जा रहा है। वहीं लेम्बोईया में एल एच एम स्मृति संघ लेम्बोईया के द्वारा भी भव्य आकर्षक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। स्मृति संघ के अध्यक्ष कौलेश्वर दांगी ने बताया कि यहां पुरानी कीला के थीम पर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें शिव तांडव का दृश्य देखने को मिलेगा। यहां के पंडाल का निर्माण लेम्बोईया ग्राम निवासी विपिन कुमार के नेतृत्व में स्थानीय कलाकारों के द्वारा ही किया जा रहा है। साथ ही रास्ते में अलग-अलग लाइट से सजावट की जा रही है। इसके अलावे प्रखंड के विभिन्न स्थानों में सरस्वती को लेकर अनेकों-अनेक प्रकार के पंडाल का निर्माण करते हुए आकर्षक बनाने में जुड़े हैं। ज्ञात हो कि पत्थलगड़ा प्रखंड में सरस्वती पूजा महाउत्सव के जैसा मनाई जाती है। चतरा जिला के पत्थलगड़ा प्रखंड सरस्वती पूजा को लेकर काफी चर्चित बन गया है। सरस्वती पूजा को लेकर पत्थलगड़ा प्रखंड जिले में आकर्षण का केंद्र बना रहता है। सरस्वती पूजा में यहां दूर दराज से काफी लोग पहुंचते हैं और यहां की दृश्य को देखकर आनंद लेते हैं।

# लगातार दूसरे दिन प्रशासन ने अवैध बालू भंडारण को किया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने एसडीओ के आदेशानुसार गिद्धौर थाना के सहयोग से (कटघरा)रामनगर सियारी जंगल से 28सौ सिएफटी अवैध बालू भंडार को शनिवार को जब्त किया है।छापेमारी अभियान में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव अवर निरीक्षक रंजय कुमार सिंह सिआई प्रमोद कुमार सिंह चौकीदार अजय कुमार मौजूद थे।इन्होंने बतलाए की इस तरह से अवैध तरीके से बालू भंडारण करने वाले माफियाओं के प्रति करवाई होते रहेगी। अदि माफिया नहीं सुधरते हैं। तो शक्ति से कानूनन कार्रवाई होगी। किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा।यदि सूचना मिलती है तो अगले दिन भी बालू भंडारण जप्त किया जा सकता है।गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर अवैध बालू जब्त किया गया है।और अंचल कार्यालय गिद्धौर लाया गया है।इस तरह करवाई से अवैध बालू भंडारण करने वाले माफियाओं में हड़कंप मचा है। छापामारी अभियान में प्रखंड प्रशासन के साथ-साथ सशस्त्र बल के जवान व कर्मि भी मौजूद थे।

# संत रैदास जयंती मनाने को लेकर किया बैठक



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर नगर में संत रैदास जयंती मनाने को लेकर शनिवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने संत रैदास जयंती धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया।साथ संचालन कमिटी का गठन किया। जिसमें नरेश राम को अध्यक्ष, बुधन राम को उपाध्यक्ष, कैलाश राम सचिव, रामोतार राम को कोषाध्यक्ष व खेमन राम को उपकोषाध्य का मनोनयन किया गया। बैठक शिक्षक सुरेंद्र दास के अध्यक्षता में हुई। बैठक में संदीप दास, दिलीप दास, योगेश्वर दास, सुबोध दास, सतेंद्र दास समेत अन्य मौजूद थे।

# 2 एकड़ में लगे अफीम के फसल को पुलिस और वन विभाग टीम ने किया नष्ट



**चतरा/हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस और वन विभाग ने अफीम के खिलाफ अभियान चलाते हुए शनिवार को करीब 3 बजे वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के सरदम एवं सजनी गांव में 2 एकड़ में लगे अफीम की फसलों को ट्रैक्टर से जोत कर नष्ट कर दिया है। यह अभियान प्रखण्ड वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार के निर्देश पर किया गया। अभियान में सब इंस्पेक्टर विधायक यादव, वनकर्मी कपिलदेव कुमार मेहता, विवेक कुमार के अलावा कई जिला बल के जवान शामिल थे।

# बीडीओ व सीईओ ने प्रखंड के मेराल पंचायत का किया दौरा, पाए गए स्कूलों में लटके ताले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगडा :** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के मेराल पंचायत के लिए बीडीओ कलिंदर साहू व अंचलाधिकारी उदल राम दौरा किया। उसके दौरान उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेराल तला लटका पाया गया। वहां से कुछ दूरी पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेराल के बगल में स्थित मध्य विद्यालय मेराल में निरीक्षण में सिर्फ दो शिक्षक राकेश कुमार और दिनेश्वर दांगी उपस्थित पाए गए। और अन्य 5 शिक्षक ब्रह्मदेव नारायण कुशवाहा, आदर्श कुमार, कुलजीत दांगी, अखिलेश्वर कुमार सुमन, वीरेंद्र कुमार महतो, अनुपस्थित पाए गए ।प्रातः 9:20 तक मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय में कोई भी छात्र उपस्थित नहीं थे। वही क्षेत्र भ्रमण के दौरान गीता पीढ़ी विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया जिसमें दोनों शिक्षक और छात्र-छात्राएं भी उपस्थित पाए गए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान डीएमएफटी फंड से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र जोरी का भी निरीक्षण किया गया। लेकिन इस कार्य में किसी तरह से कमी नहीं पाया गया। गुणवत्तापूर्ण व संतोषजनक कार्य पूर्ण पाया गया। साथ ही निर्माणधीन आंगनबाड़ी केंद्र मेराल का भी निरीक्षण किया गया, जिसका कार्य अभी तक पूर्ण नहीं पाया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान अंचल अधिकारी ऊदल राम एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कलिंदर साहू, द्वारा मेराल पंचायत के सुदूर वर्ती गांव बहेरा, चोपिया, जोरी, आदि गांवों में जरूरत मंद एवं वृद्ध व्यक्तियों को कंबल वितरण गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान अंचलाधिकारी उदल राम व जिला परिषद रामसेवक भगत उपस्थित थे।

# सिंघम बन गैरमजूरुआ भूमि पर उतरे सीओ गौरव कुमार राय

- ➲खाता 52 प्लॉट 191 गैरमजूरुआ भूमि पर बने होटल को किया गया खाली
- ➲गैरमजूरुआ भूमि को अपने कब्जे कर, लगेगा सरकारी बोर्ड
- ➲खाता 36प्लॉट 739 रकबा 7 एकड़, बिरहोर बंदोबस्त भूमि को कराया गया खाली, चलेगी जेसीबी
- ➲सीओ के सिंघम स्टाइल कार्य करने से ग्रामीणों में है हर्ष
- ➲खाता 2 प्लॉट 76/77 रकबा 52 एकड़ भूमि को भी सिंघम सीओ से खाली कराने की मांग
- ➲जितने भी गैरमजूरुआ भूमि को कब्जा कर रखा गया है उसे अविलंब अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा : सीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय इन दिनों सिंघम स्टाइल में उतर कर गैरमजूरुआ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर क्षेत्र वासियों को दिल जीत लिया है। क्षेत्र वासी इन दिनों इनके कार्यों से बहुत खुश और काफी प्रसंशा करने में लगे हैं। इधर सिंघम बने अंचलाधिकारी सिमरिया के मुर्वे गांव के रेलवे साइडिंग के निकट खाता नंबर 52 प्लॉट नंबर 191 रकबा 01 एकड़ 19 डिसमिल में बनाए गए होटल को निर्देशित कर अविलंब खाली करवा लिया गया है। वहीं उक्त गैरमजूरुआ भूमि में कल रविवार को जेसीबी चला कर सरकारी बोर्ड लगाएगा जाएगा। साथ हीं उक्त खाता 52 प्लॉट 1125 में दिए गए अंचल से बंदोबस्ती भूमि को 17 लाभुको के बीच रविवार को 34 एकड़ भूमि को मापी कर भूमि हीन लाभुको को सौंप दिया जाएगा। साथ हीं खाता 36 प्लॉट 739 रकबा 7 एकड़ भूमि रोल में जेसीबी चला कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। और सरकारी भूमि पर बोर्ड लगाया जाएगा। इस तरह अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय के कार्यों से क्षेत्रवासी जहां बहुत खुश हैं और बहुत प्रशंसा कर रहे हैं वहीं गैरमजूरुआ भूमि पर किए गए अतिक्रमण कारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय से बात करने पर उन्होंने कहा कि मैं एक सरकारी सेवक हूं जनता के लिए कार्य करने आया हूं जहां जनता द्वारा शिकायत मिलेगी या गैरमजूरुआ भूमि को कब्जा कर रखा गया है वहां मैं स्वत जाकर अतिक्रमण मुक्त करूंगा। मैं किसी का नहीं सुनूंगा। इस लिए गैरमजूरुआ भूमि पर जितने लोग अतिक्रमण कर रखे हुए हैं वे स्वत छोड़ दें अन्यथा हमारा जेसीबी वहां बोलेगा। आगे कहा कि खाता 2 प्लॉट 76/77 रकबा 52 मौजा बकचौमा में भी आगे की कारवाही जारी है सभी को नोटिस दे दी गई है। नोटिस के के माध्यम से यदि लोग कागजात अंचल में जमा नहीं करेंगे तो उस पर प्रशासन का जेसीबी चलेगा।

# यूथ कांग्रेस के अगुवाई में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन, शामिल हुए विधायक, यूथ कांग्रेस हमारी ताकत : रामचंद्र सिंह



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को प्रखंड के बेतला स्थित एनआईसी भवन में यूथ कांग्रेस प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह के अगुवाई में झारखंड युवा कांग्रेस प्रदेश कार्यकारणी का बैठक किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह शामिल हुए। इस दौरान बैठक में संगठन को और मजबूती देने पर चर्चा हुई। मौके पर सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि यूवा कांग्रेस की जोश हमारी ताकत बनकर उभरीं है। कहा 2024 के विधानसभा चुनाव में हमारे सहयोगी दलों ने पल्ला बदला तो यूवा कांग्रेस की मेहनत और परिश्रम से विधानसभा की दहलीज पर एक बार फिर कायम हैं । उन्होंने कहा कि आज झारखंड में कांग्रेस संगठन की मजबूती यूथ कार्यकर्ताओं की देन है जो संविधान विरोधी ताकतों को ध्वस्त करने में जुट गई है, अगामी लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी को देश के अगले प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले लिया है। इस दौरान विधायक ने यूथ कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक के उपरांत केचकी संगम पर वनभोज का आयोजन किया गया। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष उरांव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नसीम अंसारी समेत लातेहार और मनिका विधानसभा से कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ महागठबंधन के नेता, कार्यकर्ता समेत हजारों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# सर्पदंश से 15 वर्षीय युवक अचेत, रेफर

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के दिरीदाग ग्राम में शनिवार को सर्पदंश से एक युवक अचेत हो गया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विशाल सिंह 15 वर्ष पिता लक्ष्मण सिंह ग्राम दिरीदाग थाना बालूमाथ निवासी अपने घर के बाहर खेल रहा था। जहां एक विषैला सांप ने उसे काट लिया। जिससे वहां अचेत हो गया ।घटना के बाद परिजनों द्वारा विशाल को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

## स्वयंसेवक शिक्षक को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवक शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 जनवरी दिन शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी सभागार,लातेहार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गौतम कुमार साहू, जिला शिक्षा अधीक्षक सह सचिव, जिला साक्षरता समिति, लातेहार ने किया।कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप प्रजापति ने उल्लास प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, लातेहार मनीष प्रधान, जिला साधन समूह के सदस्य पवन कुमार यादव, गजेन्द्र राम (लेखा सहायक, क्क्ष्ट लातेहार), सुनील प्रजापति (प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, लातेहार), रंजन कुमार परसही, गुड़िया देवी (चटनाही), नरेश उरांव (प्रेरक, तरवाड़ीह), तथा अन्य अनुदेशक और स्वयंसेवक शिक्षक उपस्थित थे।

# विद्या भारती विद्यालय एसवीएम लातेहार द्वारा वार्षिकोत्सव मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विद्या भारती विद्यालय एसवीएम लातेहार द्वारा वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन, न्यू पुलिस लाइन टाउन हॉल, लातेहार में मुख्य अतिथि गोपाल उपाध्याय, विद्यालय जमीनदाता दिनेश महलका, रितेश महलका, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, सचिव नरेंद्र पांडे, जिला संघचालक अनिल ठाकुर, सहसचिव सुधांशु दुबे, और विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया।अतिथि परिचय व सम्मान के बाद विद्यालय के सचिव नरेंद्र पांडे ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय के विकास को जानने के लिए वार्षिकोत्सव में आना चाहिए। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम विद्यालय के इतिहास और वर्तमान को जान सकते हैं। 1984 से संचालित धर्मपुर स्थित विद्या भारती के विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर है। यहां के छात्र-छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं,चाहे वह सरकारी सेवा हो या व्यवसाय।मुख्य अतिथि गोपाल उपाध्याय ने विद्यालय की विकास यात्रा के बारे में लातेहार की जनता और अभिभावकों को अवगत कराया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे ने कहा कि यह विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार भी प्रदान करता है, जिससे एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। यह वार्षिकोत्सव कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी की देखरेख में संपन्न हुआ,जिसमें उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक और सह पाठ्यक्रम उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें ÷बम बम भोले नृत्य, हिंदू जगाने आए हैं नृत्य, असमिया नृत्य की भूरी भूरी प्रसंसा किया गया तथा कक्षा नवम के भैया- बहनों ने नाटक धर्म की रक्षा के लिए फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह की बलिदान की धटना ने लोगों को भाव विह्वल कर दिया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सह सचिव सुधांशु दुबे द्वारा मंच संचालन रेनू गुप्ता व रंगमंच कार्यक्रम संगीत आचार्य दीपक कुमार दास, रेणु गुप्ता, रजनी नाग, मधु, गीता, शील्पा, उपासना, नीलम, रुबी आदि दीदी जी के देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य सभी अभिभावक वृंद,नगर के प्रमुख गणमान्य नागरिक राजमनी प्रसाद, पंकज सिंह, बलिराम सिंह, राजधानी यादव, रितेश महलका, कोशल कुमार पाण्डेय, विवेक कुमार, राजबलम शर्मा आदि उपस्थित थे।

# आदिम जनजाती के लोगों ने डीलर पर घोर धांधली करने का लगाया आरोप



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखंड में डीलरों की मनमानी जोरों पर है। एक ऐसे ही मामला दुरूप पंचायत के पुरानडीह, बालामहुआ के आदिम जनजाति समुदाय अंतर्गत बृजिया लोगों के साथ हो रही है। जहाँ ग्रामीणों ने डीलर पर घोर धांधली का आरोप लगाया है।ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें राशन अपने गाँव में मिल तो जाता है, परन्तु मानक के अनुरूप नहीं रहता है. जहाँ अंत्योदय अन्न योजना (Y) पीला कार्ड के तहत 35 किलोग्राम चावल मुफ्त, 1 किलोग्राम नमक मुफ्त, 1 किलोग्राम चना दाल व 1 किलोग्राम चीनी 27 रु की दर से राशन मिलना होता है, परन्तु डीलर के द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जाता है. राशन वितरण के समय डीलर द्वारा बिना कोई नाप तौल के चावल व 40 रु प्रति किलोग्राम की दर से चीनी मुहैया कराया जाता है. जो नियम के बिरुद्ध है. और तो और हर माह चीनी, नमक, व दाल भी नहीं मिल पाती है. यही नहीं ग्रामीणों ने यह भी बताया कि 35 किलोग्राम चावल का जो बोरा रहता है वह हाथ से सिलाई किया हुआ रहता है. वहीं बहुत से बोरे आधे ही भरे होते हैं. ग्रामीणों ने इस गंभीर मामले को लेकर लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से मदद की गुहार लगायी है।

**क्या कहते हैं जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी?**

इस सम्बन्ध में जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा से दूरभाष से संपर्क करने पर उनके द्वारा सिर्फ मामले की जानकारी मांगी गयी. कोई ठोस विचार नहीं मिल सका. जो चिंता का विषय है।

# छात्रों की उर्जा को सही दिशा में लगाना है : एसपी सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में शनिवार को प्राथमिक कक्षाओं के लिए अभिभावक-शिक्षक संगो?ठी का आयोजन किया गया।मौके पर संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हर एक बच?चे मे एक नैसर्गिक प्रतिभा होती है। उस प्रतिभा को पहचानना है। उन्होंने कहा कि छात्रों की उर्जा को सही दिशा मे लगाना है। नयी शिक्षा नीति की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अब कक्षा पांच व आठ में छात्र अनुर्तीण होते हैं, तो उन्हें प्रमोट नहीं किया जायेगा। उन्हें दो महीना का समय दिया जायेगा और फिर से उनकी परीक्षा ली जायेगी, अगर वे उसमें उर्तीण होते हैं तो उन?हे अगली कक्षा में प्रवेश दिया जायेगा। श्री सिंह ने बाल वाटिका के बच्चो पर अधिक शैक्षणिक दवाब नहीं देने की अपील अभिभावकों से की। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र अगर भाषा व संख्यात्मक ज्ञान अर्जित कर लेते हैं तो उन्हें आगे की कक्षाओं में अधिक परेशानी नहीं होगी। प्राचार्य ने अपार कार्ड की जानकारी दी और कहा कि कई छात्रों के अभिभावकों ने गलत जानकारी दी है, इस कारण ऐसे बच्चों का अपार कार्ड नहीं बन पा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आधार कार्ड में गलतियों को सुधरवाने के लिए वे विद्यालय में शिविर लगाने का प्रयास करेगें ताकि बच्चों के अभिभावकों को भटकना नहीं पड़े। उन्होने छात्रो के अभिभावकों से नियमिति स्कूल फीस जमा करने की अपील की।अन्य शिक्षकों ने भी विद्यालय की गतिविधि व नयी शिक्षा नीति की जानकारी दी। मौके पर अभिभावकों ने भी अपने सुझाव दिया। उन्होंने विद्यालय व अभिभावकों के बीच संवाद को मजबूत करने पर बल दिया। कई अभिभावकों ने समय पर जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया।पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस?य आशीष टैगोर, शिक्षक अगस?त कुमार, अविश कुमार, अतुल कुमार, अर्चना, आभा मिंज, सालू के अलावा अभिभावक राजूनाथ प्रसाद, रंजन कुमार, अरविंद प्रसाद, मनीष सिन्हा, दीपा टैगोर व करूणा सिंह आदि मौजूद थे।

# कुकिंग प्रतियोगिता में हुंडरू प्रथम व नावागढ़ को द्वितीय स्थान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** संसाधन केंद्र लातेहार के प्रांगण में शनिवार को प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संकुल से चयनित रसोइयों ने भाग लिया और विभिन्न व्यंजन बनाए। राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय हुंडरू की रसोईया उषा देवी को प्रथम स्थान और मध्य विद्यालय नावागढ़ की रसोईया सुनीता देवी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता को प्रशस्ति पत्र एवं शाल देकर सम्मानित किया गया, वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी रसोइयों को भी शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पुरी, बीपीओ मनीष प्रधान, लेखापाल गजेंद्र राम, पंकज कुमार सिंह, राजेश कुमार, नित्यानंद पांडे, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, अली अख्तर, चंद्रिका यादव, कायनात परवीन, बलराम सहित कई कर्मी उपस्थित थे।विजेता रसोइया उषा देवी को प्रथम स्थान मिलने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव, शिक्षक संजीव कुमार, चंद्र प्रमोद कुमार पांडेय, अध्यक्ष कुसमी देवी, उपाध्यक्ष रीना देवी, संयोजिका प्रमिला देवी, संतोष कुमार मेहता, विजेंद्र उरांव, जितेंद्र उरांव, शांति देवी सहित पूरे विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी और प्रसन्नता व्यक्त की।

# सांसद सामूहिक विवाह उत्सव - 2025 आज, सात वचनों के बंधन में बंधेंगे 101 जोडा दूल्हा-दुल्हन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मेहँदी लगा के रखना, डोली सजा के रखना, लेने तुझे ओ गोरी, आएँगे तेरे सजना....। अमूमन दूल्हे अपने दुल्हन को लेने अपने यार, रिश्तेदार, परिवार और अपनों के साथ जाते हैं। हिंदुस्तान में एकल शादियों का प्रथा रहा है। लेकिन हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अनूठी पहल की है और सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 का हजारीबाग में आयोजन करा रहें हैं। यह आयोजन आज है और इसमें 101 ऐसे परिवार की बेटियों का सामूहिक विवाह ग्रैंड अंदाज में होने जा रहा है जो इस प्रकार की शादी शादी की परिकल्पना भी खुद से करने की नहीं कर सकते थे। लेकिन हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ऐसे परिवार की बेटियों के लिए फरिश्ता बनकर आए और अब शादी शादी की तर्ज़ पर न सिर्फ़ इन 101 जरूरतमंद बेटियों का सामूहिक विवाह करवा रहें हैं बल्कि उन्हें इलेक्ट्रिक स्कूटी और अन्य गृहस्थ और दैनिक दिनचर्या के जरूरत के सामान भी भेंट करने जा रहें हैं साथ ही एक अभिभावक और भाई के रूप में वे हमेशा इनके सुख- दुःख के सहभागी बनने का संकल्प भी लेंगे। 101 दूल्हों के सजे- धजे 101 गाड़ियों से बारात निकालने की तैयारी और बारात के दौरान आज मेरे यार की शादी है... सहित अन्य गीतों पर झूमने के लिए हजारों बाराती भी शामिल होने को आतुर दिख रहें हैं । सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 के विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम को दुल्हन की तरह सजाया गया है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल सिर्फ 101 जोड़ो का सामूहिक विवाह ही नहीं करा रहें हैं बल्कि इसे एक उत्सव का रूप दे रहें हैं। शादी से पूर्व सभी चयनित 101 दूल्हों और दुल्हनों के ठहराव का सुव्यवस्थित इंतजाम उन्होंने कराया है, ताकि शादी पूर्व निर्धारित समय और कार्यक्रम के मुताबिक संभव हो सके। दूल्हा पक्ष और दुल्हन पक्ष के लोगों के लिए विशेष पास का इंतजाम किया गया है। सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 में चयनित सभी जोड़ों का उनके अपने घर मेंहदी और हल्दी की रस्म अदायगी हुई और अब बस विवाह मंडप में सात फेरे लेने और डोली उठने की देर है । विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम (कर्ज़न ग्राउंड) का विशाल मैदान नैना भी राम शादी मंडपों में तब्दील हो चुका है। शहनाइयों की गूंज सदाएं दे रही हैं। चहुंओर उल्लास का वातावरण है। इस सामूहिक विवाह के आयोजक सांसद मनीष जायसवाल, उनके परिवारजन, उनकी टीम और बीजेपी कार्यकर्ता जिस शिद्दत से इस आयोजन को लेकर जुटे हैं उससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सभी 101 जोड़ें उनके अपने परिवार से हैं। विवाह स्थल पर सभी मंडपों को एक तरीके से सजाया गया है और साजो सामान भी यहां रखा गया है। इस वैवाहिक मंगलचारण के लिए कोलकाता के यूनिक म्यूजिकल फेरे के लिए प्रख्यात राघवेंद्र कुमार गौतम उर्फ राघव पंडित और उनकी टीम के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सैकड़ों पंडितों का समूह तैयार है। 50 हज़ार से अधिक मेहमान इस सामूहिक विवाह के साक्षी होंगे। एक विशाल जनसमूह के समक्ष खुले आसमां के नीचे सूर्य की किरणें रोशनी देंगी और 101 जोड़े अग्नि को साक्षी मानकर एक- दूजे का दामन थामेंगे और सात फेरों के सातों वचन की कसमें खाएंगे। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा यह दूसरा सामूहिक विवाह होगा जो हजारीबाग की धरती पर अनोखा, अविस्मरणीय, अभूतपूर्व और ऐतिहासिक पल को समेटे दर्शनीय एवं अलौकिक अनुभूति का सुखद एहसास लोगों को कराएगा। यहां सामूहिक भोज की भी व्यवस्था होगी जिसमें बाराती और शराती दोनों पक्षों के लोग लजीज व्यंजनों का स्वाद जमकर उठा पाएंगे । इधर सामूहिक विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम में सामूहिक विवाह से पूर्व गणेश पूजन- वंदन शनिवार को किया गया साथ ही विवाह स्थल में तैयारी पूर्ण कर ली गई। इस सामूहिक विवाह में दो दिव्यांग कन्याओं के लिए व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई है। इनके मंडप में इलेक्ट्रिक स्कूटी की जगह इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल रखा गया है। मैदान में कई आकर्षक सेल्फी पॉइंट बनाए गए है जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है ।

**आंसू थमाना नहीं होगा आसान, जब सांसद करेंगे 101 बहन- बेटियों का कन्यादान**

वह पल बड़ा ही भावुक होगा और आंसू थमना आसान नहीं होगा। किसी पिता या भाई के लिए एक बेटी- बहन को विदा करना आसान नहीं होता। यहां तो हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 में 101 बहन- बेटियों का कन्यादान कर उन्हें एक साथ विदा करेंगे। विदाई का पल सबसे भावुक पल होगा जब मैदान में उपस्थित लोगों के आंख आंसू से छलक उठेंगे ।

## थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी सरस्वती पूजा को लेकर शनिवार को दारू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न पूजा समितियों के अध्यक्ष, स्थानीय स्कूलों एवं संस्थानों के संचालक उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे दारू अंचल अधिकारी राम बालक कुमार ने पूजा समितियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा और विसर्जन के समय अश्लील गानों के बजाने पर रोक होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि व्हाट्सएप ग्रुप में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट शेयर न करें, अन्यथा ग्रुप एडमिन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद ने पूजा समितियों से अपील की कि वे अपने स्वयंसेवकों (वालंटियर) का चयन करें और विसर्जन के दौरान बच्चों पर विशेष निगरानी रखें, ताकि कोई मादक पदार्थ का सेवन न करे। साथ ही, उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर यह भी कहा कि सूर्यास्त से पहले ही विसर्जन अनिवार्य रूप से पूरा कर लिया जाए। थाना प्रभारी मदन मुंडा ने कहा कि पूजा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होनी चाहिए। उन्होंने जनता से अपील की कि यदि उनके क्षेत्र में कोई भी अप्रिय घटना घटती है, तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## कस्तूरबा विद्यालय में बैठक संपन्न, नामांकन को लेकर की गई चर्चा

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में सत्र 2025 - 26 के लिए नामांकन को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बरही किशोर कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। मौके पर नामांकन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें कक्षा छः, सप्तम एवं कक्षा नवम के रिक्त सीटों की संख्या बताई गई। बताया गया कि कक्षा छः में कुल 75 सीटों के लिए नामांकन होना है, जिसमें एसटी बच्चियों के लिए 02 , एससी 10, ओबीसी 33, माइनॉरिटी 11, बीपीएल 19 का नामांकन लिया जाना है। कक्षा 9वी में कुल 08 सीट रिक्त है जिसमें एससी 01, ओबीसी 5, माइनॉरिटी 01, बीपीएल 01 के लिए सीटों में नामांकन होना है। नामांकन के लिए अनाथ एकल अभिभावक क्षिजीत अत्यंत गरीब, नक्सल प्रभावित क्षेत्र की बच्चियों का प्राथमिकता के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। बैठक में बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, वार्डन रोशनी वाड़ा, बीपीएम अरुण कुमार, लेखापाल फराह अतहर व प्रखंड के सभी सीआरपी बीआरपी उपस्थिति हुए। नामांकन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2025 रखा गया है।

## सरस्वती पूजा में फूहड़ व भड़काऊ गाना पर रहेगा पाबंदी : बीडीओ

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही नगर भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो के अध्यक्षता में सरस्वती पूजा को लेकर डीजे संचालक एवं पूजा समितियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अंचलाधिकारी अमित किस्कू एवं उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा शामिल हुए। बैठक में बसंत पंचमी पर होने वाली सरस्वती पूजा पर बरही में विधि व्यवस्था बनाए रखने व शांतिपूर्ण माहौल में पूजा आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर मौजूद लोगों ने भी अपने अपने सुझाव दिए। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने पूजा के दौरान अश्लील गानों से दूरी बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की अपील की, और प्रतिमा विसर्जन जुलूस को जीटी रोड पर ना निकालने की बात कही। अंचलाधिकारी अमित किस्कू ने कहा कि सभी पूजा कमेटी को 5 फरवरी के रात 8 बजे तक प्रतिमा का विसर्जन करना है। अफवाह फैलाने वालों एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। साथ ही कहा कि पूजा को लेकर बरही में 1 फरवरी से लेकर 7 फरवरी तक निषेधज्ञा लागू की गई है। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव, साउंड संचालक व सदस्य लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ अंचल में पंजी-2 में छेड़छाड़ की जाँच तेज

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 14 सितम्बर 2025 को पंजी-2 छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया था,जिसमे विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय में राजस्व कागजातों में हेरफेर करने के आरोप में प्रधान लिपिक धन्मेंद्र कुमार को उपायुक्त नैंसी सहाय ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। धन्मेंद्र कुमार पर राजस्व कागजात पंजी-2 में छेड़छाड़ कर गैरकानूनी जमाबंदी कायम करने का गंभीर आरोप है। सीसीटीवी फुटेज में धन्मेंद्र कुमार के साथ शैलेंद्र कुमार सिंह और विजेंद्र कुमार सिंह नामक अन्य दो व्यक्तियों की भी संदिग्धगता दर्शाई गई थी। मौजा बादी खरना, थाना संख्या 227, खाता संख्या 21, प्लॉट संख्या 76, रकबा 43 डी पर अवैध रूप से नई जमाबंदी दर्ज करने का प्रयास किया जा रहा था। उपरोक्त घटना क्रम पर आज शनिवार को एसडीएम राजेश्वर प्रसाद व डीएलएओ ने आज आरोपियों के समक्ष इस मामले पर गहनता से जाँच करते हुए निर्देश देते हुए कहा कि उपरोक्त जमीन सम्बन्धी खरीद-बिक्री के दस्तावेज जमा करें और अंचलाधिकारी को जाँच कर जानकारी साझा करने का निर्देश दिया गया। दूसरी मामले में पूर्व में फर्जी प्रज्ञा केंद्रों द्वारा राजस्व चोरी की घटना पर विष्णुगढ़ थाने द्वारा सायबर सेल को इस मामले में छानबीन कर हुए राजस्व के घाटे की लिखित जानकारी माँगी गई है।

## विष्णुगढ़ थाने में सरस्वती पूजा को लेकर शान्ति समिति की बैठक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ थाना प्रांगण में शनिवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास एवं संचालन विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सपन महथा ने किया। उक्त बैठक में अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी के द्वारा दिशा निर्देश देते हुए बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार डीजे पर पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा। इस मौके पर थाना प्रभारी सपन महथा ने कहा कि सरस्वती पूजा 3 फरवरी 2025 को है,हरसंभव प्रयास हो कि 4 फरवरी 2025 को माँ सरस्वती की प्रतिमा को पूरे विधिविधान से विसर्जित करें,और जो क्लब 5 तारीख को प्रतिमा का विसर्जन करेंगे उसकी सूचना थाना में दें। अभिभावकों से आग्रह होगा अपने नाबालिग बच्चो को बाइक या कोई वाहन ना दें जिससे हो रही दुर्घटना से आपके बच्चे बचेंगे,वाहन चलाते समय अगर कोई पकड़ा जाता है,तो उसका चालान कटना तय है। जनप्रतिनिधियों से भी अपील है,अपने-अपने पंचायतो में क्लबो के साथ बैठक कर उन्हें उपरोक्त बातों से अवगत कराएं ताकि पूजा हर्षोल्लास से गुजरे और सामाजिक सौहार्द बना रहे।विधिवयवस्था बनाये रखने को लेकर मैंने विष्णुगढ़ के तमाम पंचायतो में पुलिस अधिकारियों को तैनात कर दिया है,जिसकी सूचना जारी कर दी गई है। आप सबो से विनम्र



निवेदन है,कि किसी प्रकार की घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय थाना को सूचित करें, सोशल मीडिया में किसी प्रकार की अफवाह ना फैलाए जाने पर थाने को सूचित करें, विसर्जन जुलूस के दौरान अश्लील एवं भड़काऊ गाने बजाने पर प्रतिबंध है, जुलूस के दौरान अनुज्ञप्ति में विहित समय एवं रूट का अनुपालन किया जाएगा एवम प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उपस्थित सभी लोगों ने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार को मनाने का निर्णय लिया। मौके पर पूर्व झामुमो जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव,जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्र,गुरु प्रसाद साव,रामजन्म राय, प्रभु गंझू,अजय मिर्धा,रामचंद्र यादव, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, धानेश्वर यादव,भीखन रविदास, छोटी शर्मा, तापेश्वर रजक, बिनोद सोरेन, कुँवर हांसदा, रफीक आलम, उत्तम कुमार महतो, छोटीलाल बेसरा, यूसुफ खान, खलील अंसारी, समेत प्रखंड अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कल्याणकारी योजनाओं तथा म्यूटेशन के मामले को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शनिवार को बड़कागांव अंचल एवं प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण आज शनिवार को किया। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे। अंचल और प्रखंड कार्यालय के कार्यों की जांच अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय का भ्रमण कर उपस्थिति पंजी, सामान्य रोकड़ पंजी, नामांतरण(म्यूटेशन),एनटीपीसी हेतु अर्जित भूमि का नामांतरण,भू लगान, भंडार कक्ष,कैशबुक, आवंटन पंजी, म्यूटेशन आदि भूमि से संबंधित अन्य मामलों की गहनता से जांच की। जांच के क्रम में कैश बुक,सीएल पंजी,जन शिकायत आदि महत्त्वपूर्ण पंजियों के अद्यतन करने का निर्देश दिया। लगान परिशोधन पोर्टल में आए शिकायतों का तेजी से निष्पादन करने को कहा साथ ही लगान के वसूली लक्ष्य के अनुरूप करने का निर्देश दिया। एलए एक्ट के तहत आने वाले कंपनियों से संबंधित म्यूटेशन के कार्यों में गंभीरता बरतने का निर्देश दिया। 15वें वित्त के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन पर कार्य करने को कहा। उन्होंने इस वित्तीय वर्ष प्राप्त आवंटनों के अनुरूप राशि के खर्च को पूर्ण करने का निर्देश दिया। अंचल और प्रखंड कार्यालय के कार्यों की जांच अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय का भ्रमण कर भूमि हस्तांतरण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, जिला से आए पत्रों के कंप्लायंस,कैशबुक, आवंटन पंजी एवं भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की। जांच के क्रम में कैश बुक,सीएल पंजी, जन शिकायत आदि महत्त्वपूर्ण पंजियों को अद्यतन करने का निर्देश दिया। प्रखंड कार्यालय में आगत निर्गत पंजी, सूचना अधिकार पंजी, अंकेक्षण पंजी, वाहन लॉग बुक, जनशिकायत पंजी, पेंशन पंजी, सर्विस बुक,सैरात पंजी एवं बंदोबस्त पंजी की अद्यतन स्थिति आदि की जांच उपायुक्त द्वारा की गई। उपायुक्त कार्यालय से आए पत्रों के कंप्लायंस की जानकारी ली। उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में कर्मियों के कार्यों की ली जानकारी उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपस्थित सीओ और बीडीओ से कार्यालय में कर्मियों की वर्तमान संख्या की जानकारी ली। उपायुक्त ने सीओ एवं बीडीओ को कर्मियों के साथ नियमित समीक्षा बैठक करने एवं आने क्षेत्र का नियमित भ्रमण कर तत्संबंधी कार्यों की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित प्रखंड और अंचल के सभी विभागीय पदाधिकारी,कर्मी व अन्य मौजूद रहे।

## बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने केंद्रीय बजट पर दी सकारात्मक प्रतिक्रिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने केंद्रीय बजट पर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे विकासोन्मुखी और जनहितकारी बताया। विधायक मनोज यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए गठबंधन की सरकार सशक्त, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। विधायक मनोज यादव ने कहा कि यह आम आदमी का बजट है। यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में नंबर एक पहुंचने में सहायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाया गया ये बजट, एक दूरदर्शी बजट है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार साबित होगा। आत्मनिर्भर भारत का यह बजट स्वतंत्रता के 100वें वर्ष के नए भारत की नींव बनेगा। इस बजट में देश के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में यह बजट भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक सिद्ध होगा। यह बजट गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के आर्थिक विकास को गति देने वाला है और आम जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। विधायक मनोज यादव ने कहा कि बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, जिससे न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने सरकार द्वारा किए गए बजटीय प्रावधानों की सराहना करते हुए कहा कि इससे गांवों और शहरों के बीच का विकास का अंतर कम होगा। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और किसानों के लिए बजट को लाभकारी बताते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में दी जाने वाली सहायता से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। साथ ही, नए स्टार्टअप और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए की गई घोषणाएं युवाओं के लिए एक उज्ज्वल भविष्य की दिशा में



महत्वपूर्ण कदम हैं। बरही विधायक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर इस बजट को धरातल पर उतारने के लिए प्रभावी कदम उठाने होंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि यह बजट जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा और देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## कस्तूरबा विद्यालय में बैठक संपन्न, नामांकन को लेकर की गई चर्चा



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में सत्र 2025 - 26 के लिए नामांकन को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बरही किशोर कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। मौके पर नामांकन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें कक्षा छः, सप्तम एवं कक्षा नवम के रिक्त सीटों की संख्या बताई गई। बताया गया कि कक्षा छः में कुल 75 सीटों के लिए नामांकन होना है, जिसमें एसटी बच्चियों के लिए 02 , एससी 10, ओबीसी 33, माइनॉरिटी 11, बीपीएल 19 का नामांकन लिया जाना है। कक्षा 9वी में कुल 08 सीट रिक्त है जिसमें एससी 01, ओबीसी 5, माइनॉरिटी 01, बीपीएल 01 के लिए सीटों में नामांकन होना है। नामांकन के लिए अनाथ एकल अभिभावक क्षिजीत अत्यंत गरीब, नक्सल प्रभावित क्षेत्र की बच्चियों का प्राथमिकता के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। बैठक में बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, वार्डन रोशनी वाड़ा, बीपीएम अरुण कुमार, लेखापाल फराह अतहर व प्रखंड के सभी सीआरपी बीआरपी उपस्थिति हुए। नामांकन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2025 रखा गया है।

## एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2025 क्षेत्रीय राउंड का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2025 क्षेत्रीय राउंड का आयोजन रांची में किया गया। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड के प्रमुख इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थानों से लगभग 80 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता काफी प्रतिस्पर्धात्मक रही, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट जानकारी का प्रदर्शन किया, जिनमें प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और समकालीन घटनाएं शामिल थीं। दिन के अंत में, एनआईटी जमशेदपुर की टीम, जिसमें शम्यक और अनुराग शामिल थे, ने क्षेत्रीय राउंड में पहला स्थान प्राप्त किया। एक्सएलआरआई जमशेदपुर के अनिकेत और चिराग ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि आईआईटी आईएसएम धनबाद के रोहन और




हर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को उनकी शानदार प्रदर्शन के लिए 30,000 का पुरस्कार राशि दी गई, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान की टीमों को क्रमशः 20,000 और 10,000 प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त, चौथे से छठे स्थान पर आने वाली टीमों को ?4,000 का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) और रेड (कोल माइनिंग) के सीईओ अनिमेष जैन ने क्विज के महत्व को समझाते हुए कहा, जीत और हार खेल का हिस्सा हैं। इलेक्ट्रॉन क्विज का आयोजन करके हमारा लक्ष्य राष्ट्र की ऊर्जा और बौद्धिक विकास को प्रेरित करना है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शैक्षिक और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता की ओर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस जीत के साथ, शीर्ष दो टीमें– एनआईटी जमशेदपुर और एक्सएलआरआई जमशेदपुर अब एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2025 के राष्ट्रीय सेमी-फाइनल में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आगे बढ़ेंगी, जो 27-28 फरवरी 2025 को नोएडा में आयोजित किया जाएगा।

एनटीपीसी की बौद्धिक प्रतिभा को बढ़ावा देने और युवा पीढ़ी को विचारशीलता और नवाचार में संलग्न करने की प्रतिबद्धता रांची में आयोजित इलेक्ट्रॉन क्विज के क्षेत्रीय राउंड में स्पष्ट रूप से नजर आई। प्रतिभागियों ने इस आयोजन के लिए एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड और प्रसिद्ध क्विज मास्टर केएम प्रशांत, जीएम (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन), एनटीपीसी का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने क्विज को रोमांचक और सुगम तरीके से आयोजित किया और प्रतिभागियों को अपनी क्षमताओं और ज्ञान का परीक्षण करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया।

**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
Emali - jhumriltelayamunicipalcouncil@gmail.com

झुमरी तिलैया नगर परिषद् **गणतंत्र दिवस, 2025** के अवसर पर सभी नगरवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए यह अपील करती है कि :-

- ❖ शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग करें एवं हेल्प लाईन (मोबाईल) नं0 89876 58581 पर साफ-सफाई व अन्य विषयों पर शिकायत दर्ज करवाये।
- ❖ सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें।
- ❖ नियमित रूप से होल्डिग टैक्स (Holding Tax), वाटर यूजर चार्ज (Water User Charge) सहित अन्य करों का भुगतान करें एवं जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।
- ❖ व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालक ट्रेड़ अनुज्ञप्ति (Trade Licence) आवश्य लें, साथ ही ससमय नवीनीकरण करावायें।
- ❖ शहर में सभी प्रकार के विज्ञापन प्रदर्शित करने के पूर्व नगर परिषद् से अनुमति लेना अनिवार्य हैं
- ❖ धर्मशाला, विवाह भवन / बैंक्वट हॉल, लॉज, हॉस्टल संचालक नगर परिषद् से अनुज्ञप्ति (Licence) लें, साथ ही ससमय नवीनीकरण करावायें।

**सफाई अपनाओ**
**बीमारी भगाओ**

**प्रशासक**
**झुमरी तिलैया नगर परिषद्**

ज्ञापांक 4071
दिनांक 24/01/2025

# रामगढ़ में सभी ने बजट को बताया बेहतर

## बारह लाख के आय तक टैक्स जीरो करना केंद्र सरकार का ऐतिहासिक कदम : अमित साहू



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ सदस्य अमित साहू ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यवर्गीय व्यवसायियों को राहत पहुंचाते हुए ऐतिहासिक निर्णय लिया है। बारह लाख रुपए के आय तक टैक्स को जीरो करना। बहुत ही ऐतिहासिक एवं दूरदर्शिता निर्णय है। और साथ ही साथ यह आम बजट भारत के किसानों के आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक और सार्थक प्रयास है। आने वाले दिनों में किसानों एवं मध्यवर्गीय व्यवसायियों के लिए यह बजट मिल का पत्थर साबित होगा।

## गरीब किसान एवं मध्यमवर्ग तथा देश के हर वर्ग का सर्वांगीण विकास का है ये बजट : दिनेश करमाली



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी के बड़कागांव मंडल महामंत्री दिनेश करमाली ने शनिवार को भारत कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट कि सराहना करते हुए कहा कि यह बजट बेहद शानदार है। इस बजट मे ना केवल आयकर के भार को कम किया गया है बल्कि आम लोगो के लिए नये अवसर प्रदान किये है चाहे वो उच्च शिक्षा का क्षेत्र हो या स्वास्थ्य सुविधा, रोज़गार हो या पर्यटन, ऊर्जा हो या लघु व मध्यम उद्योग। यह बजट हर किसी के लिए खास है।भारतीय अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना इस सरकार का संकल्प है। यह बजट बेहद सुकून देने वाला है। अब आम आदमी अपने परिवार के लिए ओर ज्यादा सुविधाएं मुहया करा सकता है कृषि क्षेत्र और व्यापार के लिए लोन सुविधा को ओर भी सरल सुगम किया गया है। इससे निश्चित ही देश की अर्थ व्यवस्था में काफी बदलाव आएगा। देश के गरीब किसान एवं मध्यमवर्ग तथा देश के हर वर्ग का सर्वांगीण विकास का बजट है।

## बजट में मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात : मनीष जायसवाल



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को लोकसभा में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि बजट में 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय को कर मुक्त करने का निर्णय अभिनंदनीय है। उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जो समृद्धि के नए आयाम स्थापित किए हैं,निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में किया गया यह निर्णय मध्यम वर्ग की आशाओं और आकांक्षाओं को उड़ान देने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देने वाले इस क्रांतिकारी कदम के लिए हजारीबाग लोकसभा वासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार-अभिनंदन। सांसद मनीष जायसवाल ने इस बजट को दुनिया में तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला तथा देश के गरीब, युवा, किसान और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित बजट बताया जिससे सभी वर्ग का विकास संभव होगा और देश आगे बढ़ेगा।

## मोदी सरकार 3.0 का यह बजट समावेशी विकास को सुनिश्चित करेगा : राजीव पामदत



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यह बजट सभी नागरिक के राहत के लिए उत्तम प्रबंध वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा किया गया है । बजट में सभी वर्गो को लेकर संजीदगी दिखाई देती है। किसान गरीब मध्यम वर्ग महिला और बच्चों की शिक्षा मौसम और स्वास्थ्य से लेकर स्टार्टअप इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट तक हर क्षेत्र को समाहित करता है बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का रोड मैप है। कृषि की नई योजना से 1.7 करोड़ किसानों को लाभ होगा।ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का अवसर पैदा होंगे। फाइव एलीकेशन के साथ किसानों की आमदनी बढ़ाने मे मिलेगी मदद प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना शुरू इस योजना में 100 जिले होंगे शामिल । किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए 5 लाख तक का कर्ज मिलेगा । 5 वर्षीय कपास मिशन से कपास की उत्पादकता बढ़ेगी । और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। लेदर स्कीम से 22 लाख व्यक्तियों को मिलेगा रोजगार। भारत को भारत को वैश्विक खिलौना केंद्र बनाने के लिए नई योजना। सूक्ष्म उद्यम के लिए क्रेडिट कार्ड योजना ।पहले वर्ष में 10 लाख कार्ड जारी होंगे। भारत में फुटवियर और लेदर क्षेत्र पर भी नजर फॉक्स प्रोडक्ट स्कीम शुरू होगी। एमएसएमई के लिए नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन की करेंगे स्थापना। सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के साथ साथ अगले 5 साल में सरकारी स्कूलों में 50000 अटल टिंकरिंग लैब खुलेंगे । गांव के सरकारी माध्यमिक स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रॉडबैंड से जुड़ेंगे ।राष्ट्रीय भी विनिर्माण मिशन का होगा स्थापना मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने के लिए मिशन।कौशल प्रशिक्षण के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र खोले जाएंगे । आईआईटी में क्षमता का विस्तार। शिक्षा के लिए ए आई उत्कृष्टता केंद्र खोले जाएंगे 500 करोड रुपए का प्रावधान मेडिकल शिक्षा के लिए अगले 5 साल में 75000 सीटें जोड़े जाएंगे अगले साल मेडिकल की 10000 सिटीज बढ़ाए जाएंग ।इस वर्ष में 200 डे केयर कैंसर केंद्र खोलेंगे । वर्ष 2025 26 का बजट शहरी विकास के लिए एक लाख करोड़ का अर्बन फंड । अनुसंधान एवं नवाचार पहलो के लिए 20000 करोड़ रूपया का आवंटन। पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए ज्ञान भारतम मिशन की शुरुआत। एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियां होंगे शामिल । एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन की होगी शुरुआत। एयर कार्गो के लिए भंडार ग्रह की सुविधा ।अगले सप्ताह नया आयकर विधायक प्रस्तुत करने का प्रस्ताव। केवाईसी को सरलीकरण किया जाएगा। 100 से अधिक कानून को गैर आपराधिक बनाने के लिए जन विश्वास विधेयक। मेडिकल उपकरण सस्ते होंगे। 36 जीवन रक्षक दवाएं से कस्टम ड्यूटी हटेगी। भारतीय डाक भुगतान बैंक की सेवाओं का विस्तार गांव तक होगा। पीएम गति शक्ति पोर्टल से निजी क्षेत्र को मिलेगा डाटा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टैक्स छूट 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख तक की छूट दी गई।12 लाख रुपए तक

## बजट घोषणा में देश के मध्यम वर्ग के लिए बहुत बड़ी राहत : सीएमए सुबोध कुमार उपाध्याय



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीएमए सुबोध कुमार उपाध्याय ने शनिवार को प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना आठवां बजट पेश किया है। इस बजट में सरकार ने नई कर व्यवस्था में करदाताओ के लिए इनकम टैक्स मे बहुत बड़ी राहत का एलान किया है। न्यू टैक्स रेजिम मे 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वही वेतनभोगी कर्मचारियों को 75000 रुपये के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ 1275000 रुपये तक कोई टैक्स नहीं लगेगा। अभी इसपर 83200 रुपया टैक्स आता है जो अगली बार नहीं लगेगी। वर्तमान नई कर ब्यवस्था मे वेतनभोगी कर्मचारियों को 775000 रुपये तक कोई टैक्स नहीं लगता है एवं अन्य को 700000 रुपये तक। बजट मे स्लैब रेट 4 लाख तक कोई टैक्स नहीं वही 4 - 8 लाख 5त्न, 8- 12 ख्ड्डद्ध 10त्न, 12- 16 लाख 15त्न,16- 20 लाख 20त्न, 20- 24 लाख 25त्न, 24 लाख (उपर) 30त्न, और वर्तमान मे स्लैब रेट 3 लाख 0, 3- 7 लाख - 5त्न, 7- 10 लाख - 10त्न, 10- 12 लाख - 15त्न,12- 15 लाख - 20त्न, 15 लाख (ड्डश्च1द्ध) - 30त्न हैं। ओल्ड टैक्स रेजिम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सीनियर सिटिजन को ञ्जष्ठस् /ह्य 194ड्ड मे लिमिट को 50000 रुपये से बढ़ाकर 100000 रुपये किया गया है। ये बचत को बढायेगा। इसके अलावा सरकार डायरेक्ट टैक्स कोड बिल अगले हफ्ते लानेवाली है।

## यह बजट कारोबारियों को अधिक पूंजी जुटाने में करे गी मदद - मानिक चंद जैन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बजट 2025 में व्यापार जगत, एमएसएमइ सेक्टर और छोटे उद्यमियों को समर्थन देने के लिए कई अहम फैसले लिए हैं. इन घोषणाओं का उद्देश्य व्यापार को आसान बनाना, फंडिंग बढ़ाना और रोजगार के नए अवसरों को उत्पन्न करना है. एमएसएमइ सेक्टर के लिए लोन गारंटी लिमिट बढ़ीछोटे और मध्यम उद्योगों एमएसएमइ को वित्तीय सहायता देने के लिए लोन गारंटी की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दी गई है. इससे कारोबारियों को अधिक पूंजी जुटाने में मदद मिलेगी।सूक्ष्म उद्यमों के लिए कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड5 लाख रुपये तक की लिमिट वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड सूक्ष्म उद्यमियों के लिए जारी किए जाएंगे, जिससे छोटे व्यापारियों को आसान फंडिंग का लाभ मिलेगा। इनकम टैक्स का स्लैब को चेंज करने से माध्यम वर्ग के व्यापारी को टैक्स में राहत मिलेगा

## विकासोन्मुखी और दूरदर्शी बजट, जिससे होगा सभी वर्ग का उत्थान, हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था होगी मज़बूत : रंजन चौधरी



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अंतरिम आम बजट पेश किया। मोदी सरकार के तीसरे मौजूदा कार्यकाल का या पहले अंतरिम बजट था। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि यह बजट हिंदुस्तान की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करने वाला, आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने वाला एक अत्यंत ही दूरदर्शी बजट हैं जिसमें गरीब, युवा, वृद्ध, मध्यमवर्ग, किसान और नारी शक्ति के उत्थान के साथ सर्ववर्ग के जीवनस्तर को ऊंचा उठाने का सकारात्मक प्रयास किया गया है। रंजन चौधरी ने इस साहसिक और जनकल्याणकारी बजट की स्वतंत्र कंठ से सराहना की और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार भी व्यक्त किया ।

## सौहार्द पूर्ण सरस्वती पूजा करने को लेकर उरीमारी ओपी में हुई शांति समिति कि बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी ओपी परिसर में शनिवार को आगामी सौहार्द पूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा करने को लेकर उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम के नेतृत्व में शांति समिति कि बैठक कि गई। वहीं इस शांति समिति कि बैठक में उरीमारी क्षेत्र के सभी गणमान्य लोग शामिल हुए??। वहीं इस बैठक में ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि लोग आपसी प्रेम और सहयोग के साथ पुजा त्योहार मनाये।सरस्वती पूजा शांति पूर्वक मनाने की अपील करते हुए पूजा के अवसर पर डीजे नहीं बजाने व पूजा स्थल पर सिर्फ भक्ति गीत बजाने और नियमों का पालन करने पर जोर दिया।ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने यह भी कहा कि पूजा व विसर्जन जुलूस में डीजे नहीं बजाने। पूजा के दौरान धार्मिक विद्वेष फैलाने वाला गाना बजाने पर



डीजे को जब्त कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर सख्ती से पेश आएगी पुलिस। पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं खुद सभी पूजा पंडालों का भौगोलिक स्थिति जानने के लिए सभी पंडालों का दौरा करुंगा। प्रशासनिक अधिकारियों ने पूजा के दूसरे दिन प्रतिमा विसर्जन करने पर बल दिया। साथ ही किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना तत्काल थाना को देने को कहा गया। वहीं इस बैठक ओपी के एएसआई सीताराम सिंह, संजय यादव, सुनील कुमार मरांडी, विस्थापित नेता दशई मांझी, झामुमो केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, झामुमो नेता संजय करमाली, झामुमो नेता गणेश गंझू,सुरज बेसरा, विंध्याचल बेदिया,पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, उपमुखिया सतीश कुमार, मांझी हडाम सीताराम किस्कू, बिनोद सोरेन, नंदलाल बेदिया,लक्ष्मण बेदिया, जीतेन्द्र यादव, आंनद कुमार, रविन्द्र सोरेन,नंन्द किशोर करमाली आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पतरातु मे राष्ट्रीयव्यापी बाबा साहब अंबेडकर सम्मान मार्च निकला गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में पार्टी द्वारा चलाई जाए रही राष्ट्रव्यापी बाबा साहब अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन पतरातू ब्लॉक मोड़ स्थित बाबा साहब के प्रतिमा से माल्यार्पण कर ग्राम साँकूल स्थित बाबा साहब की प्रतिमा तक निकाली गई।जिसमें बाबा साहब के सम्मान में कांग्रेस में मैदान में बाबा साहब का अपमान नहीं सहेग हिंदुस्तान,अमित शाह इस्तीफा दो,बाबा साहब अमर रहे,भारतीय संविधान जिंदाबाद जय बापू जय भीम के नारे लगे वहीं प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने बताया कि बाबा साहब सम्मान मार्च आज पूरे देश के सभी जिलों एवं प्रखंडों में कांग्रेस जनो एवं बाबा साहब के अनुनायियों द्वारा आक्रोश में किया जा रहा है। ज्ञात हो कि विगत दिनो देश



के गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष अमीत शाह द्वारा सदन में बाबा साहब पर अभद्र टिप्पणी की गई थी जिसका हम विरोध करते हुए पूरे देश में बाबा साहब के सम्मान में सम्मान मार्च कर रहे हैं जिस तरीके से भाजपा एवं आरएसएस द्वारा बार-बार बाबा साहब,संविधान और आरक्षण पर हमला किया जा रहा है आज आवश्यकता है कि देश की जनता को संविधान बचाने हेतु जागरूक किया जाए और सड़कों पर उतरकर इसका पूर जोर विरोध किया जाए सम्मान मार्च में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी चमन लाल,रूचन पांडे,प्रेम विश्वकर्मा, सुरेंद्र राम,लखन राम, डॉ. केके शर्मा, बबीता सिंह, खुशबू देवी, मिथिलेश सिंह,अनिल सिंह,मोहम्मद सरफराज, इकबाल हुसैन रामकुमार राम,मुकेन्द्र सिंह,मथुरा राम,वीरेंद्र राम,बिरजू राम,राजू राम विश्वनाथ कुमार,दिनेश दास,मो.माहताब,शिवा करमाली सहित सैकडो लोग शामिल थे।

## श्री श्याम प्रभु के आगमन के पूर्व सारी तैयारियां जोर-शोर से हो रही है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री श्याम प्रभु के आगमन के पूर्व सारी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है ।सभी श्याम भक्त पूरी भक्ति और शक्ति के साथ इस कार्य में जुटे हुए हैं। रामगढ़ फुटबॉल ग्राउंड में विशाल पंडाल की तैयारी शुरू हो गई है, भोजन भंडारे के लिए भी विशाल पांडाल तैयार किया जा रहा है कार्यालय कक्ष बनाया जा रहा है जिसमें आगंतुकों का स्वागत हो सकेगा। इस विशाल पंडाल की तैयारी दून टेंट के द्वारा की जा रही है पंडाल में हजारों भक्तों के बैठने की व्यवस्था होगी। फुटबॉल ग्राउंड के किनारे किनारे अलग-अलग स्टॉल भी लगाए जाएंगे जहां चाय पानी के अलावा बहुत सारी वस्तुएं आपकी पसंद के अनुरूप बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। विशाल पार्किंग स्पेस उपलब्ध कराया गया है। पूरे भारतवर्ष से हजारों श्याम भक्तों के आने की उम्मीद है। भक्तों के



लिए ठहरने की विशेष व्यवस्था की जा रही है। फूलों के सिंगर के लिए बाहर से कलाकार बुलाए गए हैं। कलश यात्रा, निशान यात्रा ,नगर भ्रमण सुंदरकांड पाठ, श्याम ज्योति पाठ एवं बाहर से आए हुए ?? कलाकार भगवान के भजनों को गुणगान कर भक्तों के दिलों में आस्था की गंगा बहाएंगे। रामगढ़ की धरती पर यह कार्यक्रम में ऐतिहासिक होगा जिसका सपना बरसों से संजोया गया है। 7 तारीख को 2ः00 बजे से प्रभु का दर्शन होगा, एवं पट खुल जाएंगे।

## डीजे साउंड बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध, सौहार्दपूर्ण तरीके से सरस्वती पूजा मनायें : थाना प्रभारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रजरप्पा थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता चितरपुर अंचलाधिकारी दीपक मिंज ने किया, पूजा को लेकर चितरपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत एवं दुलमी प्रखंड के कई पंचायत से लोग शांति समिति की बैठक में भाग लिए उक्त बैठक में रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा की विद्यादायिनी देवी मां सरस्वती की पूजा संपन्न शांतिपूर्ण तरीके से किया



जाए थाना प्रभारी ने कहा कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार पूजा स्थलों पर गया इस मौके पर पूरे क्षेत्र में विद्या की देवी मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना करें और मूर्ति विसर्जन के दौरान जुलूस के दौरान शामिल ग्रामीण नशा का सेवन से दूर रहें , सरस्वती पूजा अर्चना को लेकर शांति समिति में पहुंचे विभिन्न पंचायत दर्ज़नों प्रतिनिधियों द्वारा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारगी के साथ मनाने पर विचार विमर्श दिया इस मौके पर उदय प्रसाद यादव अखिलेश सिंह अशोक सिंह संजय कुमार सिंह विकास कुमार, मुखिया राजीव कुमार मेहता,उप मुखिया उमाशंकर महतो अयोध्या प्रसाद वर्मा हरिदास महतो सुलेमान अंसारी बशीर अंसारी प्रकाश करमाली प्रकाश रंजन महतो बैजनाथ ओहदार, मच्छिंद्र महतो विभिन्न पंचायत के कई प्रतिनिधि शामिल थे।

## पतरातू प्रखंड में सात करोड़ की लागत से सात सामुदायिक भवन का निर्माण होगा : महेंद्र महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातु :** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पतरातू प्रखंड के अंतर्गत सात करोड़ की लागत से सात सामुदायिक भवन की निर्माण के लिए वित्तीय एवं तकनीकी स्वीकृति जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। इस सामुदायिक भवन में विवाह मंडप,कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र,जिम कक्ष,महिलाओं के लिए सिलाई कटाई सेंटर,सुलभ शौचालय साथ ही यह सामुदायिक भवन सोलर आधारित मल्टीप्लेक्स सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। ज्ञात हो कि पूर्व सांसद जयंत सिन्हा जी के पहल पर इस योजना की शुरुआत हुई थी जो रामगढ़ जिले के प्रत्येक पंचायत में यह सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना है। पतरातू प्रखंड में जिन पंचायत में यह योजना अभी तक नहीं आया है उन पंचायत के लोगों से आग्रह करना चाहता हूं कि एक आवेदन विधायक रोशन लाल चौधरी जी से अनुशंसा कराकर उपायुक्त रामगढ़ के यहां जमा करें। इस सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 25 से 30 डिसमिल जमीन की जरूरत पड़ती है। जिन पंचायत में यह सामुदायिक भवन निर्माण किया जाना है। वह पंचायत है कटिया बस्ती,हरिहरपुर, सांकी, बारीडीह, पटेल नगर,लबगा, कुसें। निविदा की सारी प्रक्रिया पूरी होते ही विधायक रोशन लाल चौधरी से इन सभी सामुदायिक भवनों का शिलान्यास कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## कुंभ मेला में दिवंगत पुण्यार्थियों के लिए सिटीजन स्कुल परिवार ने की शोक सभा, रखा दो मिनट का मौन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** महाकुंभ प्रयागराज में पुण्यार्थियों के आसामयिक निधन पर सिटीजन पब्लिक स्कुल परिवार द्वारा शोकसभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एक अन्य कार्यक्रम में विद्यालय संसद का गठन किया गया।इसमें हेड गर्ल, हेड व्यायज क्लास मॉनिटर,स्काउट गाइड,ब्रास बैंड के कमांडर, सफाई, स्पोर्ट्स, अनुशासन आदि विषयों के जिम्मेदार विद्यार्थियों का चयन, सुचना अधिकारी, प्राथमिक चिकित्सा,प्रभारी आदि को नेम प्लेट और बैज पहनाकर जिम्मेवारी सौंपी गई।कार्यक्रम में स्काउट गाइड के राज्य प्रशिक्षक हजारीबाग के शत्रुँजय पाठक भी मौजूद थे।हेड ब्याय मो. तस्लिम और हेड गर्ल अंतरा सिंह को भी नेम प्लेट और स्टिकर दिया गया।प्राचार्य उदय शंकर भट्टाचार्य द्वारा सभी को पद एवं कर्तव्य का शपथ दिलाया गया।

## शनिचरा बाजार में एनके रोलेक्स सर्कस का डीसी व एसपी ने किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार द्वारा रामगढ शहर के बाजारटांड़ में लगे एनके रोलेक्स सर्कस के कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान डीसी ने कहा कि सर्कस आज भी लोगों के मनोरंजन का साधन है।पिछले कई दशकों से सर्कस ने लोगों का मनोरंजन किया है। पहले तो इसमें तरह-तरह के जानवर भी हुआ करते थे। लेकिन अब एक से एक कलाकार लोगों का मनोरंजन करते हैं। रामगढ़ शहर में सर्कस में मौत का कुआं भी लगा है, जो लोगों को भाएगा। एसपी अजय कुमार ने कहा कि बीते कई दशकों में सर्कस ने अपनी एक अलग ही पहचान बना रखी है। सर्कस नाम सुनते ही न सिर्फ बच्चों में बल्कि युवाओं और बुजुर्गों में भी एक अलग उत्साह दिखाई देता है। सर्कस देखने के लिए लोग पूरे परिवार के साथ आते हैं। दो घंटे तक पूरे परिवार का मनोरंजन कलाकार करते हैं। सर्कस के कुछ कार्यक्रमों का लुत्फ भी अधिकारियों ने उठाया। इस मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, पूर्व वार्ड सदस्य संजीत कुमार सिंह और छोटू सिंह, भाजपा नेता रंजन फौजी उर्फ छोटन सिंह, महेश चौधरी, सुबोध सिंह, पिंकू कुमार, ऋषिकेश सिंह, सर्कस के मैनेजर एमएस रहमान उर्फ हैप्पी, करण देव राय, रूपेश सिंह आदि मौजूद थे।

## भुरकुंडा ओपी के जवान ने नशे में धुत होकर राजेश सिन्हा के साथ किया दुर्व्यवहार, कार्रवाई कि हुई मांग



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नशे में धुत एक सिपाही ने पुलिस स्टेशन में घुसने से पहले ही एक नागरिक को बाहर निकालने कि धमकी देकर पुलिस स्टेशन से बाहर निकाल देता है। मामला रामगढ़ जिला के भुरकुंडा ओपी का है। जहां भुरकुंडा पटेल नगर निवासी राजेश सिन्हा को भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार ने फोन कर थाने में बुलाया। थोडी देर बाद राजेश सिन्हा थाना पहुंचते हैं तो वहां पहले से मौजूद एक सिपाही उनके साथ दुर्व्यवहार कर थाना से बाहर निकाल देता है या। जबकि राजेश सिन्हा उक्त सिपाही से बारम्बार कह रहे हैं कि उनको बड़ा बाबू ने फोन कर बुलाये है। मिलने कि बात पर सुन उक्त सिपाही ने आगबबूला होकर कहा कि बाहर निकलता है या खिंच कर बाहर निकाले। वहीं उन्होंने कहा कि भुरकुंडा ओपी द्वारा लगातार लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। वहीं राजेश सिन्हा ने पत्र कि छायाप्रति पुलिस महानिदेशक रांची, पुलिस उप महानिरीक्षक हजारीबाग, एसडीपीओ पतरातु को संप्रेषित किया है।

## गुणवत्तापूर्ण बीज मिलने से उनकी पैदावार में वृद्धि होगी सुधीर मंगलेश



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी आत्मा विभाग के तत्वावधान में दुलमी प्रखंड के कृषि भवन में मुग बीज वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश थे, जिन्होंने सैकड़ों किसानों के बीच मुग बीज का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि मुग की खेती मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और किसानों की आमदनी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सरकार की यह पहल किसानों को उन्नत बीज और तकनीकी सहायता प्रदान करके कृषि क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम में आत्मा विभाग के अधिकारी, और स्थानीय किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में, मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अनुपमा टोपनो सहायक तकनीक प्रबंधक आफ़ताब अहमद सहायक तकनीक प्रबंधक अर्पण शर्मा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी जार्ज टुडू आदि।

## स्वदेशी जागरण मेले का उद्घाटन किया गया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को रामगढ़ सिद्धू कानू मैदान में स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में भव्य मेले का शुभ उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संयोजक स्वदेशी जागरण मंच अमरेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी कुंटू बाबू इस्कॉन के स्वामी उत्तम ओझा जिला संयोजक पंचम चौधरी जिला सहसंयोजक नेपाल महतो प्रोफेसर पिंकी कुमारी कैलाश चंद्र शाह प्रोफेसर आलोक सिंह बृजेश पाठक नरेश कुमार नीरज पाठक प्रेम गुप्ता , सत्यजीत चौधरी और स्वदेशी जागरण मंच के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस भव्य मेले के उद्घाटन कार्यक्रम के संचालन करता जयप्रकाश बादल जी रहे।

## पतरातू में कांग्रेस का बाबा साहब सम्मान मार्च, अमित शाह के बयान पर आक्रोश



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में पार्टी द्वारा चलाई जाए रही राष्ट्रव्यापी बाबा साहब अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन पतरातू ब्लॉक मोड़ स्थित बाबा साहब के प्रतिमा से माल्यार्पण कर ग्राम साँकूल स्थित बाबा साहब की प्रतिमा तक निकाली गई 7जिसमें बाबा साहब के सम्मान में कांग्रेस में मैदान में,बाबा साहब का अपमान -नहीं सहेगा हिंदुस्तान,अमित शाह इस्तीफा दो ,बाबा साहब अमर रहे,भारतीय संविधान जिंदाबाद जय बापू जय भीम के नारे लगे7वहीं प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने बताया कि बाबा साहब सम्मान मार्च आज पूरे देश के सभी जिलों एवं प्रखंडों में कांग्रेस जनो एवं बाबा साहब के अनुनायियों द्वारा आक्रोश में किया जा रहा है। ज्ञात हो कि विगत दिनो देश के गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष अमीत शाह द्वारा सदन में बाबा साहब पर अभद्र टिप्पणी की गई थी 7जिसका हम विरोध करते हुए पूरे देश में बाबा साहब के सम्मान में सम्मान मार्च कर रहे हैं7 जिस तरीके से भाजपा एवं आरएसएस द्वारा बार-बार बाबा साहब, संविधान और आरक्षण पर हमला किया जा रहा है 7आज आवश्यकता है कि देश की जनता को संविधान बचाने हेतु जागरूक किया जाए और सड़कों पर उतरकर इसका पूर जोर विरोध किया जाए7 सम्मान मार्च में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्री चमन लाल रूचन पांडे प्रेम विश्वकर्मा सुरेंद्र राम लखन राम डॉ. केके शर्मा बबीता सिंह खुशबू देवी मिथिलेश सिंह अनिल सिंह मोहम्मद सरफराज , इकबाल हुसैन रामकुमार राम मुकेन्द्र सिंह मथुरा राम वीरेंद्र राम बिरजू राम राजू राम विश्वनाथ कुमार दिनेश दास मो. माहताब ,शिवा करमाली सहित सैकडो लोग शामिल थे

# नवजवान एकता फाउंडेशन ने मनाया अपना 15वां वर्षगांठ, पूर्व मेयर समेत कई लोगों ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** नवजवान एकता फाउंडेशन का 15 वां वार्षिक समारोह झरिया स्थित संस्था के प्रांगण मे हर्सोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान ए पाक की तिलावत एवं संस्था का झंडा फहरा कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित धनबाद के पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथियों में मानव अधिकार प्रोटेक्शन झारखंड प्रदेश के महासचिव मुख्तार अहमद, चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान, मधुमिता एडू मेड फाउंडेशन के संस्थापक गोपाल भट्टाचार्य, जीवन फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद सद्दाम हुसैन, डॉ मनोज कुमार सिंह, पूर्व पार्षद प्रिय रंजन, एखलाक अहमद आदि को नवजवान एकता फाउंडेशन द्वारा पुष्पगुच्छ, मोमेंटो एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।वहीं सभी अतिथियों ने नवजवान एकता फाउंडेशन के कार्यो की प्रसंशा की और पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही हर संभव संस्था को सहयोग करने का वादा किया। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा संस्था में अध्यनरत उत्तीर्ण आए विद्यार्थियों को प्रशित पत्र देकर उन्हें पुरस्कृत किया गया। साथ ही संस्था से जुड़े सभी सदस्यों की भी हौसला अफजाई की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता नवजवान एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष शाहनवाज खान ने की जबकि संचालन का कार्य अधिवक्ता मो. शाबीर ने किया। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था के सचिव मो शाहनवाज खान, मीडिया सलाहकार हाजी ज़मीर आरिफ, निजाम खान, मो इसराफिल, ग्यासुद्दीन, मो इकबाल, मो आज़ाद, मो जफर, मो नसीमुद्दीन, मो जाकिर, मो सलीम, मो कल्लु, मो इमरान, मो खालिद, मो शमशेर, मो बंटी, मो मुस्तकीम, मो अलमगीर सहित नवजवान एकता फाउंडेशन की पुरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## अभिकर्ता व्यवसाय संगठन एलआईसी धनबाद शाखा 1 के बैनर तले मना स्वाभिमान दिवस कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** अधिकता व्यवसाय संगठन के बैनर तले शनिवार को भारतीय जीवन बीमा निगम धनबाद शाखा 1 बरटांड़ में स्वाभिमान दिवस कार्यक्रम सह चुनाव का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में धनबाद शाखा के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं इस कार्यक्रम में आगामी चुनाव को लेकर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शाखा के जोनल प्रेसिडेंट ने बताया कि 24 जनवरी 1945 को तत्कालीन बीमा अभिकर्ता शमशेर अली ने अंग्रेज़ सरकार के खिलाफ धरना दिया था हालांकि इस कार्यक्रम को 24 जनवरी को ही मनाना था लेकिन कुछ अपरिहार्य कारणों से देर हो गई। आज के इस दिन को हम सब एक प्रतिरोध दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि 23 फरवरी को एक भव्य कार्यक्रम जिसमें एक आम सभा साथ ही चुनाव करवाने की प्रक्रिया जाएगी जिसमें राष्टीय अध्यक्ष एवं धनबाद सांसद भी मौजूद होंगे। डिवीजन अध्यक्ष सूर्यकांत सिंह, सचिव संजय निकुंभ जोनल अध्यक्ष सीएलआईए कन्वेनर विनोद कुमार दुबे, दिनेश उपाध्याय विनोद ठाकुर, विशाल कुमार जैन, कमलेश सिंह, सशांक पांडे, राहुल देव,दिलीप कुमार, पंकज कुमार सिंह, अमर कुमार महतो, शैलेन्द्र कुमार, मिडिया प्रभारी धीरज शर्मा समेत सैकड़ों अभिकर्ता उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**शुद्धि-पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् ई–अल्पकालीन् निविदा संख्या– 23/2024-25/RWD/CHATRA, दिनांक– 05.10.2024, जिसके अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि – 15.10.2024 थी, जिसका P.R. No. 338204 Rural Work Department (24-24)_D है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.02.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 15.02.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 17.02.2025 अपराह्न 03. 30 बजे।
4. अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR 345621 Rural Work Department (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

## असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के नि : शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर में संदिग्ध मरीज की पुष्टि



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने चास प्रखंड के भतुआ गांव में एक महत्वपूर्ण कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य लोगों को कैंसर के बारे में जागरूक करना और समय पर स्क्रीनिंग के माध्यम से इसका निदान करना था। इस आयोजन में निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग भी की गई, जिससे सैकड़ों लोगों को फायदा हुआ। कार्यक्रम में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के विशेषज्ञ चिकित्सक ने कहा की कैंसर जैसे घातक रोग के प्रति जागरूकता और समय पर निदान से ही इसे मात दी जा सकती है। हमारा उद्देश्य गांव-गांव में इस जागरूकता को फैलाना है ताकि लोग इस बीमारी से बचाव के उपायों के बारे में जान सकें। इस कार्यक्रम में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने समुदाय आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट के माध्यम से लोगों का निःशुल्क परीक्षण किया जिसमें कुछ संदिग्ध मरीज की पुष्टि की गई और उन्हें इलाज हेतु उचित परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्थानीय निवासियों को मुक्त दवाइयों का भी वितरण किया गया।

## झामुमो महानगर कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिनांक 1 फरवरी को धनबाद विधानसभा अंतर्गत बैंक मोड़ एसी मार्केट में झारखंड मुक्ति मोर्चा महानगर कार्यालय का उद्घाटन झामुमो केंद्रीय महासचिव सह राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त विनोद पांडे ने फीता काट कर कार्यालय का उद्घाटन किया। वही विनोद पांडे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए आगामी 4 फरवरी को झामुमो स्थापना दिवस के लिए सभी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि शहर के बीचों बीच कार्यालय होने से पार्टी कार्यकर्ताओं को ओर मजबूती मिलेगी। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय, केन्द्रीय मीडिया पैनलिस्ट नीलम मिश्रा, जिला अध्यक्ष लखी सोरेन सचिव मन्नू आलम, उपाध्यक्ष अजय रवानी मुकेश सिंह, समीर रवानी, महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान, सचिव अबू तारिक, प्रवक्ता आकर रवानी, मिहिर दत्ता, टिंकू सरकार, वकील दास, बंटी सिंह, रामू मंडल, फरीद मलिक, महादेव हांसदा, सुमित महतो, बीस सूत्री सदस्य राजू प्रमाणिक, विष्णु विश्वकर्मा, अल्पसंख्य अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, गंगाधर कुम्हार, कृष्णा यादव एवं सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बजट बिल्कुल निराशाजनक : ब्रजेंद्र



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और ए आईसीसी के सदस्य ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार के द्वारा जो बजट पेश किया गया है, वह जनता के आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है। पूरे देश में इस बजट को निराशाजनक ही कहा जा रहा है। जो दिहाड़ी मजदूर का काम करते हैं उनके लिए कुछ भी नहीं है। बजट देखने से लगता है कि केंद्र सरकार राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार किया है। झारखंड और बंगाल के लिए कुछ भी नहीं दिया है क्योंकि वहां भाजपा की सरकार नहीं है। किसानों के लिए भी जो कुछ सोच रहे थे उनके अनुरूप बजट पेश नहीं किया गया है। एक तरह से कहा जाए तो इस बजट से बहुत ज्यादा उत्थान होना नहीं है।

## अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाला बजट : उदय



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने संसद में पेश किए गए केंद्र सरकार के आम बजट की सरहाना की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह बजट आम जनता के हित में हैं जिसमे सभी वर्ग का ध्यान रखा गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने टैक?सपेयर्स के लिए बड़ी छूट का ऐलान करते हुए कहा कि अब 12 लाख की सालाना इनकम पर कोई भी टैक?स नहीं देना होगा। कैंसर और गंभीर बीमारियों की दवा को भी सस्ता करने का ऐलान बजट में किया गया है। सरकार ने 36 जीवनरक्षक दवाओं को बेसिक कस्टम ड्यूटी से पूरी तरह छूट देने का ऐलान किया है। इसका फायदा उन मरीजों को मिलेगा जो कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों की दवाएं खरीदते हैं। वित्त मंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर कस्टम ड्यूटी 5त्न करने की बात कही है। खास कर टीवी और मोबाइल फोन के ओपन सेल और अन्य कंपोनेंट्स पर बेसिक कस्टम ड्यूटी में कमी की गई है, जिससे इनके दाम घट सकते हैं। कुल मिला कर यह बजट आम लोगों के हित का बजट है।

## उपायुक्त ने लिया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगामी 4 फरवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने शनिवार को शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।इस क्रम में उन्होंने आयोजकों को मुख्यमंत्री का बरवाअड्डा हवाई अड्डे पर स्वागत करने, मुख्यमंत्री के साथ मंच पर उपस्थित रहने वाले, कार्यक्रम के समापन के बाद मुख्यमंत्री को बरवाअड्डा हवाई अड्डे पर विदाई देने वाले व्यक्तियों की सूची प्रशासन को उपलब्ध कराने को कहा।मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह के अलावा अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



## डीएवी मॉडल स्कूल में पीटीएम एवं आशीर्वाद समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** धनबाद के प्रतिष्ठित स्कूल डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में पीटीएम के साथ-साथ कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद समारोह कर विदाई दी गई।इस अवसर पर यज्ञ एवं हवन कर बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस शानदार कार्यक्रम का आयोजन एवं सफल संचालन कक्ष 11वीं के छात्र- छात्राओं के द्वारा किया गया तथा उनके सम्मान में आकर्षक नृत्य एवं मन-मोहक संगीत प्रस्तुत किए गए।विदाई समारोह के अवसर पर कुछ बच्चों ने दो साल बिताए गए समय के अनुभव को सांझा किया,जिससे उपस्थित सभी भावुक हो गए।स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप शानदार दिख रहे हैं, हम अलविदा अलविदा कह रहे हैं और दूसरी ओर आपके पंख इतने मजबूत हो चुके हैं कि हमारी महिमा स्थापित करने के लिए बाहरी दुनिया में उड़ान भर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों में हर सपने को पूरा करने की सभी संभावनाएं विद्यमान है,परंतु एक अच्छा नागरिक बनना पहला कर्तव्य होना चाहिए।इस विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत किए गए नृत्य एवं संगीत में सर्वश्रेष्ठ नर्तकी का पुरस्कार रूपसा एवं नर्तक मयंक सिंह को दिया गया। वहीं दूसरी ओर श्रेष्ठ गायिका का पुरस्कार मयूराक्षी को दिया गया। दो वर्षो तक श्रेष्ठ अनुशासन का पालन करने के लिए इमरान तथा बेस्ट स्पोर्ट्स पर्सन का पुरस्कार मयंक को देकर सम्मानित किया गया। मास्टर डीएवी मोहित कुमार एवं मिस डीएवी अद्रिका को घोषित किया गया तथा बेस्ट स्पीकर का पुरस्कार ज्योति कुमारी को दिया गया।विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को प्यार की निशानी के तौर पर स्मृति चिह्न दिया गया वहीं दूसरी ओर पैरेन्ट-टीचर मीट में यूनिट 2 एवं अर्धवार्षिक की उत्तर पुस्तिका बच्चों के अभिभावक को दिखाने के बाद,उन्हीं को सौंप दिया गया। अभिभावक उत्तर पुस्तिका पाकर तथा अपने बच्चों का विकास देखकर बहुत खुश हुए।

## उपायुक्त ने किया नवनिर्मित प्रेस क्लब भवन का निरीक्षण



**बिजली, पानी कनेक्शन शीघ्र लेने का दिया निर्देश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने आज नवनिर्मित प्रेस क्लब भवन का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने नवनिर्मित प्रेस क्लब भवन के ग्राउंड फ्लोर से लेकर चौथे फ्लोर तक, फ्लोरिंग, सीलिंग, फॉल्स सीलिंग, मीटिंग हॉल, रूम, इलेक्ट्रिकल फिटिंग, सेनेटरी फिटिंग, डाइनिंग हॉल, किचन, टॉयलेट्स, फायर फाइटिंग सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर पैनल, अंडर ग्राउंड पार्किंग इत्यादि का निरीक्षण किया।निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने प्रेस क्लब भवन में बिजली कनेक्शन एवं पेयजल कनेक्शन लेने की प्रक्रिया शुरू करने, फायर सेफ्टी सिस्टम, लिफ्ट तथा अन्य इलेक्ट्रिकल उपकरणों को चलाकर जांच कर लेने, भवन की साफ सफाई एवं जल निकासी सुचारू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि निरीक्षण के क्रम में कुछ त्रुटियां उजागर हुई है। उसे शीघ्र दुरुस्त करने का निर्देश दिया है।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा के साथ जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, नगर निगम के अभियंता, भवन प्रमंडल के अभियंता, धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा, महासचिव अजय प्रसाद, वरीय उपाध्यक्ष शशी भूषण राय, उपाध्यक्ष बलवंत कुमार, सचिव संजय चौरसिया, चंदन पॉल, नवीन राय, राम मूर्ति पाठक, प्रतिक पोपट, आशिष अंबष्ट, शैलेश रावल, नितेश चौरसिया के साथ जनसंपर्क कार्यालय के प्रधान लिपिक अमित कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement very Short Notice 2nd Call**
**e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/58/24-25**
**Dated 31.01.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of road- Deer-Park (on Ranchi-Muri road ), ramdera to Jharkhand More road upto Muri including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details , Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Ranchi in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 45 Days |
| 3- | Tentative Length | 08.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 20,000/- (Rupees Twenty Thousand ) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operatin g Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no-120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 04.02.2025, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 13.02.2025, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 14.02.2025, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10 | PR No | 336274 Road (24-25) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
PR 345629 (Road)24-25*D Road Construction Department,Ranchi

## अतिक्रमण मुक्त करने को ले कर अंचलाधिकारी को सौपा आवेदन

**मरकच्चो (कोडरमा):** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो ब्लॉक चौक पर सरकारी जमीन को जबरन अतिक्रमण करने को ले भुवनेश्वर प्रसाद यादव ने अंचलाधिकारी को एक आवेदन देकर उक्त जमीन से अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है । आवेदन में उन्होंने कहा है कि मौजा मरकच्चो थाना नंबर 141 खाता संख्या 1817 प्लॉट संख्या 1729 रखवा लगभग 1 एकड़ है। जो सर्वे खतियान के अनुसार बिहार भूदान यज्ञ कमेटी हजारीबाग के नाम से दर्ज है। उक्त जमीन पर लगभग 10 डिसमिल पर वासुदेव पंडित पिता स्वर्गीय पुनीत पंडित ग्राम नवादा थाना मरकच्चो जिला कोडरमा के द्वारा 29 जनवरी 2025 से घर बनाना प्रारम्भ किया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**शुद्धि-पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् ई–अल्पकालीन् निविदा संख्या– 20/2024-25/RWD/CHATRA, दिनांक– 13.09.2024 (ग्रुप सं॰–09), जिसके अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि – 25.09.2024 थी, जिसका **P.R. No. 335836 Rural Work Department(24-24)D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 04.02.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 11.02.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 13.02.2025 अपराह्न 03. 30 बजे।
4. अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR 345616 Rural Work Department (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची**

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना**

1) भवन निर्माण विभाग में निबंधित संवेदक को सूचित किया जाता है कि राँची स्थित Dismantling of State Hanger Building at Hinoo, Ranchi को तोड़कर स्थल से हटाने हेतु नीलामी मुहरबन्द लिफाफे द्वारा दिनांक 08.02.2025 को 3. 00 बजे अपराह्न तक इस कार्यालय में प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 08.02.2025 को 3.30 बजे अपराह्न में आपके समक्ष/आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति में खोली जायगी।
2) प्रत्येक नीलामी देने वाले को नीलामी के साथ भवन निर्माण विभाग का निबंधन प्रमाण–पत्र, जी०एस०टी० निबंधन प्रमाण पत्र एवं जी०एस०टी० रिर्टन, पैन कार्ड, आधार कार्ड, विगत तीन वर्षो का आयकर रिर्टन, उपायुक्त/आरक्षी अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (एक वर्ष तक की तिथि का), संलग्न करना होगा।
3) प्रत्येक नीलामी देने वाले को निलामी की राशि की 5% (पाँच प्रतिशत) राशि का अग्रधन राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवा निर्गम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा/किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की Fixed Deposit (छः माह के लिए वैध) के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
4) नीलामी के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामीदाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के नाम से जमा कर देना होगा। ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया) का बना होना चाहिए एवं मुख्य शाखा राँची के नाम से भुगतेय होना चाहिए।
5) नीलामी की न्यूनतम राशि क्रमशः रूपये 4,05,800/–(चार लाख पाँच हजार आठ सौ) मात्र होगी।
6) आदेश की तिथि से पन्द्रह दिनों के अन्दर भवन को तोड़ने एवं भवन सामग्री रबीश (कचरा) आदि को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि लौटायी जा सकेगी, अन्यथा यह जब्त कर ली जायेगी।
7) भवन को तोड़ते समय यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेवारी विभाग की नहीं होगी, बल्कि नीलामीदाता की होगी।
8) नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति भवन के नीलामी के पूर्व किसी भी कार्य दिवस को निरीक्षण कर सकते हैं।
9) बिना कारण बताये नीलामी को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
10) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल सं०–1, राँची

PR 345655 Building (24-25)_D

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(जिला योजना)**
**e-Mail:- dpohazaribagh@gmail.com**

**अल्पकालीन ईच्छा की अभिव्यक्ति**

जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग अन्तर्गत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग में Fire Fighting System को चालू करने एवं AMC कार्य का सम्पादन करने हेतु विभिन्न शर्त्तों के साथ अल्पकालीन ईच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/फर्म दिनांक–15.02.2025 के अपराह्न 12:00 बजे तक निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा किया जाना है एवं दिनांक–15.02.2025 के अपराह्न 02:00 बजे प्राप्त निविदाओं को समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा के नियम एवं शर्त्तें, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी, Scope of Work (Annexure-1) आदि समाहरणालय, हजारीबाग के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त
हजारीबाग

PR 345606 Planning and Development(24-25)#D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :– **RDSPL/SD/HZB/37/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB /37/01//2024-25 | केरेडारी | केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बेलतु अन्तर्गत नव प्राथमिक विद्यालय ऊपरटोला बेलतु का चहारदिवारी, डीप बारिंग, शौचालय कक्ष एवं शेड का निर्माण कार्य। | 4085600.00 | 81800.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB /37/02/2024-25 | केरेडारी | केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बेंगबरी अन्तर्गत सरकारी मध्य विद्यालय बेंगबरी का चहारदिवारी, डीप बारिंग एवं शेड का निर्माण कार्य। | 4555400.00 | 91200.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 3. | RDSPL/SD/HZB /37/03/2024-25 | केरेडारी | केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम सिरोईया अन्तर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिरोईया का चहारदिवारी निर्माण कार्य। | 2372100.00 | 47500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4. | RDSPL/SD/HZB /37/04/2024-25 | चौपारण | चौपारण प्रखण्ड के ग्राम बच्छई में प्राथमिक विद्यालय, मलिकाना का उन्नयन कार्य। | 1700600.00 | 34100.00 | 10000.00 | 3 माह |
| 5. | RDSPL/SD/HZB /37/05/2024-25 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड के ग्राम चेचकपी में उत्क्रमित मध्य, सिझुआ में चाहरदिवारी का निर्माण। | 2762300.00 | 55300.00 | 5000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.02.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.02.2025 से दिनांक 27.02.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –28.02.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 345649 Rural Development(24-25)#D

# जलडेगा बैंक ऑफ़ इंडिया के कैशियर रामेराम इंदवार को सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया जलडेगा शाखा में कार्यरत केशियर रामेराम इंदवार के सेवानिवृत होने पर शाखा परिसर में विदाई समाहरोह का आयोजन किया गया। समाहरोह में मुख्य अथिति के रूप में सिमडेगा एलडीएम शनिश मिंज शामिल हुए वहीं विशिष्ट अथिति के रूप में सेवानिवृत बैंक कर्मी के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। समाहरोह को सम्बोधित करते हुए शाखा प्रबंधक रंजन कुमार जयसवाल ने कहा की सेवानिवृत होना हर सरकारी कर्मचारी की नियति होती है। एक बैंक कर्मी के रूप में रामेराम इंदवार ने जिस बेदाग छवि से इतने लम्बे अरसे तक बैंक में अपनी सेवा दी एवं अपने कुशल प्रबंधन से ग्राहकों के हितों का ध्यान रखा ये बैंक के हर कर्मचारी को प्रेरणा देगी। मौक़े पर शाखा प्रबंधक ने उनके उज्वल



भविष्य की कामना करते हुए जीवन के नये शुरुआत की शुभकामनायें दी। वहीं शाखा में मौजूद बैंक कर्मियों एवं ग्राहकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए उनके कार्य की भरपूर प्रशंसा की। मौक़े पर सेवानिवृत बैंक कर्मी रामेराम इंदवार को बैंक की और से मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं ग्राहकों ने भी सेवानिवृत बैंक कर्मी को उपहार देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो की बैंक कर्मी रामेराम इंदवार ने 21 अगस्त 1989 में लोहरदगा के बूटी शाखा में योगदान देकर शुरुआत की थी तब से गुमला एवं सिमडेगा के विभिन्न शाखाओं में अपनी सेवा देते रहे एवं वर्ष 2011 से सेवानिवृत होने तक जलडेगा में कार्यरत रहे। समाहरोह में बैंक कर्मी पुनीत टोप्पो, प्रेम मुर्मू, अजीत तोपनो, मधुबाला देवी, धाधु बड़ाईक बैंक बीसी अशोक बड़ाईक, दीपक साहू, सुनील साहू, शिवा समद, तुलसी बड़ाईक, संतोष मांझी, सुभाष साहू, जसवंत साहू, मोतीलाल ओहदार, बजरंग अग्रवाल, त्रिलोक साहू, अरुण नाग, अनिल साहू, संदीप साहू, जोगे बिंझीया, शिक्षक जोन बागे, नवल किशोर सिंह, विकास कुमार, रमेश राम सहित अन्य ग्राहकों की उपस्थिति रही।

# ईशा मधु बनी मिस अविराम और विक्रम बने मिस्टर अविराम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा के बी एड और डी एल एड संकाय के वर्ष 2024 के प्रशिक्षुओं के लिए फ्रेशर्स डे कार्यक्रम आरंभ का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ पारंपरिक स्वागत द्वारा किया गया जिसके उपरांत सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। सभी नवागंतुक प्रशिक्षुओं ने प्रथम चरण जो वेशभूषा और स्वयं के परिचय पर आधारित था प्रदर्शन किया जिसमें से चालीस का चयन टैलेंट शो नमक द्वितीय राउंड में किया गया,तृतीय राउंड में बीस प्रशिक्षु पहुंचे जिन्हे उनकी सशक्त पर्सनेलिटी के द्वारा अंतिम चरण प्रश्नोत्तर में भेजा गया जहां मोस्ट कॉन्फिडेंट का खिताब शुभम और प्रियंका, मोस्ट कैपेबल पर्सन सुधा, बेस्ट पर्सनालिटी सुमित, ब्यूटीफुल स्माइल रोशनी, मिस्टर अविराम विक्रम और मिस अविराम का खिताब ईशा मधु ने कड़े मुकाबले के बाद अपने नाम किया।सभी चयनित विजेताओ को सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, आफताब, ममता, शिव, शशि समेत निर्णायक मंडल में जंगबहादुर, पंकज, कुंदन, रेणुका रहे। कार्यक्रम संचालन नेवी और सुषमा द्वारा किया गया।

## लोहरदगा जिला में जीरो ड्रॉपआउट के लिए किये गये प्रयास की स्टोरी को नीति आयोग ने दिया देश में पहला स्थान



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिला में सीजनल माइग्रेशन के कारण होनेवाले ड्रॉपआउट को रोकने के लिए किये गये प्रयास की नीति आयोग ने सराहना की है। नीति आयोग ने अपने ÷नीति फ़ॉर स्टेट्स = विकसित भारत स्ट्रेट्जी प्लेटफार्म पर लोहरदगा जिला में सेकेंडरी स्कूलों में छात्र-छात्राओं के जीरो ड्रॉपआउट के लिए जिला प्रशासन की ओर से किये गये बेहतर प्रयास पर भेजी गई स्टोरी को देशभर में पहला स्थान दिया है। जिला के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने इसके लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम तथा पिरामल टीम की प्रशंसा की है। जिला प्रशासन की ओर से ग्राम पंचायत स्तर पर इसके लिए अभियान चलाया गया था, जिसका उद्देश्य सेकेंडरी स्कूलों में सीजनल माइग्रेशन के चलते आ रहे ड्रॉपआउट की समस्या को कम करना था। जिला प्रशासन तथा पिरामल टीम की ओर से इसके लिए स्वास्थ्य के कारण, गरीबी के कारण, स्कूल दूर होने के कारण, परिवार से दूर होने के कारण जैसे बिंदुओं पर रणनीति बनायी गई और सेकेंडरी स्कूलों में ड्रॉपआउट रोकने के लिए पंचायत की मदद से अभियान चलाया गया था।

## भारत सरकार के बजट में सुरक्षित समवेशी विकास, मध्यम वर्ग, किसान, युवा, नौकरी पेशा वालों को पीएम ने दिया उपहार : सुरजमोहन साहु



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 01 फरवरी 2025 को भारत सरकार के वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट सुरक्षित समावेशी विकास का वजट है। वजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा पुर्व जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहू ने कहा कि 2025 के वजट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यम वर्ग परिवार के लिये धन-लक्ष्मी की वर्षा की है। वजट में 12 लाख इनकम तक के लिये टैक्स फ्री की गई है,जिससे मध्यम वर्ग की शक्ति को मिलेगा बढ़ावा। साहू ने कहा कि पीएम मोदी ने इस वजट में देश के किसानों को भी बड़ा तोहफा दिया है। के0सी0सी0 ऋण की लिमिट 03 लाख से बढ़ाकर सीधे 05 लाख कर दी गई है जिससे देश के किसान आर्थिक रूप से और मजबुत होंगे। वही देश के पढ़े लिखे वेरोजगार युवाओं के लिये देश के मेडिकल कालेजों में 75000 सीटे इस बजट में बढ़ा दी गई है,नौकरी पेशा वाले लोगों के लिये भी यह बजट गिफ्ट है। उद्योग और स्टार्टअप के लिये नए अवसर वही खिलौना उत्पादन के क्षेत्र में भारत ग्लोबल हब बनेगा। भारत सरकार के वित्तमंत्री के द्वारा पेश किये गये 2025 के बजट में देशवासियों के दैनिक उपयोग की जाने वाले रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे जीवन रक्षक दवाईयाँ, हैंडलूम, जूते चप्पल, पर्श, बैटरी, एल0ई0डी0, टीवी, वाहन इत्यादि सस्ते होंगे। एसे सुरक्षित समावेशी विकास के बजट के लिये देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बधाई के पात्र हैं।

# कुमुदिनी अनुपम प्रसाद बनी जिलास्तरीय राजदूत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र स्थित पीएम श्री नवोदय विद्यालय की शिक्षिका कुमुदनी अनिपम प्रसाद जिला स्तरीय राजदूत बनी। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आधारशिला मानी जाने वाली प्रेरणा कार्यक्रम में भाग लेकर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा की विज्ञान शिक्षिका श्रीमती कुमुदिनी अनुपम प्रसाद लोहरदगा जिले की राजदूत के रूप में चयनित हुई हैं। इन्होंने लोहरदगा जिले के रा.चुन्नीलाल उच्च विद्यालय की छात्रा ख़ुशी कुमारी के साथ भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा वड्नगर, गुजरात में आयोजित प्रेरणा कार्यक्रम में जिला का प्रतिनिधित्व की थी। जिसे कार्यक्रम से प्राप्त प्रेरणादायक अनुभवों को जिले के सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ अनुभव को साझा करके छात्र छात्राओ के अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करेंगी। वही प्रशिक्षण से प्राप्त तमाम गतिविधि और कौशलात्मक अनुभवों को इन्होंने प्रेरणा प्रभारी अलिसा एसरन करकेट्टा के साथ साझा की। इस कार्य के लिये विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चंद्र झा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से युवा प्रेरित होंगे और वसुधेव कुटुम्बकम के साथ विविधता में एकता को बढ़ावा मिलेगा। तथा आज के युवाओं को विकसित व अतनिर्भर भारत बनाने सकारात्मक होगा। वही पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब में शिक्षिका कुमुदनी अनुपम प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से युवाओं को प्रेरित हो कर आत्मनिर्भर बनेंगे और सशक्त भारत का निर्माण होगा। वही विद्यालय के प्राचार्य, उपयुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिक्षिका को बधाई दिया है। साथ ही सूरज पाण्डेय, डी कुमार, रमेश उपाध्याय, सीमा कुमारी जायसवाल, जागेश्वर महतो, प्रफुल्ल लोमगा सहित पीएम श्री जेएनवी के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दिया है।

# किसान गोष्ठी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत डांडू करंज टोली ग्राम में किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित किसान गोष्ठी कार्यक्रम के दौरान राज्य के उद्यान व कृषि निदेशक जसवंत कुमार द्वारा किसानों को रासायनिक खाद से फसल सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए बोजोपचार, जैविक खाद, बीजामृत, जीवांश खाद, नैनो यूरिया, जीवामृत, नैनो डीएपी सहित विभिन्न तरह के जैविक खाद के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई। साथ ही बताया कि जैविक खाद से किसान फसल और जमीन का भी सुरक्षा कर सकते हैं। जैविक खाद उपयोग करने से जमीन का उर्वरा शक्ति बना रहता। साथ ही जीवाणु और किट से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। वही जिप सदस्य राधा तिर्की ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों को



खेती से आय वृद्धि कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार अनेकों तरह की योजनाएं चला रही है। जिसमे किसानों को समय पर खाद, बीज उपलब्ध कराना फसल बीमा के तहत फसल से नुकसान होने पर भरपाई करना, सिंचाई के लिये सिंचाई मशीन, डीप बोरिंग, सिंचाई कूप सहित अन्य तरह की सुविधाएं सरकार उपलब्ध करा रही है. मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार के अलावे सौरभ लोहसी, एटीएम सुमन कुमार, स्नेहलता पन्ना, प्रदान संस्था के ट्रेनर एलिस,कृषि मित्र सुनील यादव समेत सैकडों महिला पुरुष किसान मौजूद थे।

## आज़ादी के बाद का पहला ऐतिहासिक बजट, मध्यमवर्गीय आम जनता लगभग आयकर के दायित्व से मुक्त : रितेश कुमार



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि भाजपानीत मोदी सरकार ने चिर प्रतीक्षित उम्मीदों को पूरा करते हुए आयकर में 12 लाख रुपये की छूट देकर लगभग मध्यमवर्गीय आम जनता, सरकारी कर्मचारी व व्यवसायीवर्ग के चेहरे में मुस्कान लौटा दिया है। अब 12 लाख रुपये तक इन्कम करनेवालों को आयकर मुक्त कर दिया गया है। वहीं मेडिकल व इंजीनियरिंग का सीट बढ़ाना स्वागत योग्य है। साथ ही साथ लघु उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु एमएसएमई में विशेष छूट तथा महिला उद्यमियों के लिये 2 करोड़ तक लोन मुहैया करवाने तथा स्टार्ट अप हेतु 10 करोड़ की लोन राशि बढ़ाकर 20 करोड़ करने की घोषणा तथा सब्सिडी द्वारा राहत देने हेतु प्रवधान करना भी सराहनीय कदम है। हालांकि इस बार भी झारखण्ड के लिए कुछ विशेष प्रवधान नहीं करके झारखण्ड के साथ मोदी सरकार ने नाइंसाफी का काम किया है, इस कारण झारखण्ड के लोगों में थोड़ा मायूसी ज़रूर है।

## सरस्वती पूजा को लेकर छात्र छात्राओं और बच्चों में देखा जा रहा है खासा उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ज्ञान की देवी माता सरस्वती का पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र में छात्र छात्राओं और बच्चे बच्चियों के मन में उत्साह चरम पर है। वेद शास्त्र के अनुसार बताया जा रहा है.की इस बार 3 फरवरी सोमवार को बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया जायेगा। वही प्रत्येक वर्ष माघ मास के शुक्ल पक्ष पंचमी को ज्ञान की देवी माँ सरस्वती का पूजन किया जाता है। सरवस्ती पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों के छात्र छात्राएं और बच्चे बच्चियां सभी उमंग व उत्साह के साथ तैयारी में जुट गये हैं। जिसे सभी के मन मे सरस्वती पूजा को लेकर उमंग व उत्साह देखा जा रहा है।मूर्तिकारों द्वारा सरस्वती जी का मूर्ति भी बन कर तैयार कर लिया गया है। अधिकांश विद्यालय के बच्चे माता सरस्वती का प्रतिमा खरीदते नजर आये। वही मूर्तिकार बिनोद प्रजापति ने बताया कि मूर्ति निर्माण सामग्री में इस वर्ष मूल्य में अधिक वृद्धि होने के कारण बीते साल की अपेक्षा इस बार मूर्ति का दाम अधिक है। वही बैठा हुआ सरस्वती जी का मूर्ति 1200 और खड़ा प्रतिमा का मूल्य 1500 रुपैया में बिक रहा है।

## बजट में मध्यम वर्ग के लिए आयकर में बड़ी राहत : संजय सर्राफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा संसद मे प्रस्तुत बजट- 2025-26 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को पुनः संजीवनी देने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इस बजट में जनता को राहत देने के लिए कई अहम घोषणाएं की गई हैं।सबसे पहले मध्यम वर्ग के लिए आयकर में बड़ी राहत दी गई है। अब 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए स्लैब और दरों में बदलाव का प्रस्ताव दिया गया है इसके साथ ही सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए भी कई योजनाएं प्रस्तुत की हैं। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख की गई,और किसानों के लिए सस्ते कर्ज की सुविधा दी गई है। इसके अलावा,



ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अधिक बजट आवंटित किया गया है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़े कदम उठाए गए हैं। हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए सरकार ने नए अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की घोषणा की है। 36 जीवन रक्षक दवाइयां पर पूरी तरह से ड्यूटी टैक्स खत्म किया जाएगा तथा कैंसर के इलाज की दवाइयां सस्ती होगी।

## यह बजट आम नागरिकों के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा : ओम प्रकाश सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा शानदार तथा जनहित में बजट प्रस्तुत किए जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा है की यह बजट मध्यम वर्ग के साथ आम लोगों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। अनुसूचित जाति, जनजाति, महिलाएं तथा युवाओं के विकास के लिए उन्हें 2 करोड़ तक का लोन उपलब्ध कराने का प्रावधान इस बजट में किया गया है। 12 लाख तक के आय वर्ग के लोगों को टैक्स मुक्त कर मध्यमवर्ग के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता बजट की सबसे बड़ी उपलब्धि है। कृषि क्षेत्र में भी बड़ी घोषणा की गई है,उनके विकास के लिए विशेष फोकस किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा को 3 लाख से बढाकर 5 लाख किया गया है। देश के 100 जिलों में सिंचाई की विशेष प्रावधान की घोषणा की गई



है। देश के बुजुर्गों को बड़ी राहत दी गई है जीवन रक्षक दवाई की कीमत कम की गई है। पर्यटन के क्षेत्र में नए विकल्प तथा रोजगार के अवसर बनाए गए हैं। यह बजट आम नागरिकों के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। भाजपा नेता लाल नवल किशोर, अजय पंकज, देवाशीष कर, संजय बर्मन, दीपक सर्राफ, दिलीप पटनायक, परमेश्वर भगत, जितेंद्र महतो, प्रवीण जायसवाल निधिकांत प्रसाद, लक्ष्मी नारायण भगत, विनोद राय, अतुल सर्राफ, हर्षित सोनी ने भी केंद्रीय बजट को संतुलित बताते हुए वित्त मंत्री को बधाई देते हुए इसे लोकहित का सर्वश्रेष्ठ बजट बताया है।

## मुर्गी फार्म को अज्ञात लोगों ने किया आग के हवाले



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत थाना के गाराडीह निवासी महफुज अंसारी पिता सुभान अंसारी के मुर्गी फार्म को अज्ञात शरारती तत्वों ने आग के हवाले कर लगभग एक लाख 50 हजार की सम्पत्ति को पहूँचायी है क्षति। इस संबंध में महफुज अंसारी ने कैरो थाना को दिये गये आवेदन पर कानूनी कार्रवाई की माँग करते हुए कहा कि 31 जनवरी की रात्रि में अज्ञात शरारती तत्वो ने मुर्गी शेड को आग के हवाले कर दिया। रात को ही आसपास के लोगों के द्वारा सूचना देने पर घटनास्थल पहुँचते-पहुँचते 40-50 मुर्गिया आग की लपटो मे जलकर मौत हो गई थी, वही शेड भी पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गया था। हालांकि आसपास के लोगो के सहयोग से रात्रि मे ही आग की लपटो को बुझाने में काबू पा लिया गया, लेकिन तबतक देर हो चुकी थी और लगभग देढ़ लाख रुपये की अर्थिक क्षति हुई है।

# पंचायत के कार्यों को पारदर्शी बनाने के लिए वीएलई को दिया गया प्रशिक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा प्रखण्ड सभागार में पंचायती राज विभाग के तहत झारखंड पंचायती राज विभाग, CSC द्व-Governance India Ltd एवं DigiGram के संयुक्त प्रयास से ग्राम पंचायतों में सबकी योजना सबका विकास÷ अभियान 2025-2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु राज्य के 'डिजिटल पंचायत योजना' के तहत ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यरत ङ्कुस्श्चह्य (ग्राम स्तरीय उद्यमीयों) को ई- ग्राम स्वराज पोर्टल, पंचायत विकास सूचकांक, TMP ( प्रशिक्षण प्रबंधक पोर्टल ) और त्नद्गरू पोर्टल पर संकुलस्तरीय दो दिवसीय (गैर - आवासीय ) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें मास्टर ट्रेनर जिला पंचायती राज सीएससी प्रबंधक निरंजन कुमार गुप्ता ने जीपी भीएलई को ट्रेनिंग दिए, साथ में ब्लॉक मैनेजर मोहन राम नायक ने भी ट्रेनिंग दिए। वही मौजूद वीएलई दीपक चीक बड़ाईक, नरेंद्र सिंह, दिनेशवर डेहरी, राजकुमार सिंह, बलदेव साहू, विजय कुमार सिंह, बलराम सिंह, दीपक कुमार सिंह, अनुज कुजूर, सुरेंद्र राम, अर्जुन लोहरा, कल्याण गुड़िया, विलियम बागे, सालमोन समद, जीतेन्द्र प्रसाद, रंजीत बड़ाईक, उत्तम बड़ाईक सलन तोपनो, आदि मौजूद थे।

# विकसित भारत बनाने के संकल्प को गति देगा यह बजट : रवि गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आम बजट 2025-26 पेश किया गया,बजट पर भाजपा सिमडेगा मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक बजट है 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प में यह बजट देश को गति प्रदान करेगा, बजट में गरीब युवा अन्नदाता और नारी पर फोकस किया गया है 1200000 तक की आय को टैक्स फ्री करने से मध्यम वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी, झारखंड के लिए यह बजट खास है किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 300000 से बढ़कर 5 लाख रुपए कर दी गई है इससे झारखंड के 21.5 लाख किसानों को सीधा लाभ होगा वही सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र और पोषण 2.0 योजना का




उल्लेख किया गया है जो झारखंड के लिए हम है राज्य में 38000 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र है जिन्हें लाभ मिलेगा, स्टार्टअप के लिए 10000 करोड़ का फंड की घोषणा की गई है युवाओं के लिए मेडिकल कॉलेज में 75000 सीटें बढ़ाई गई हैं रोजगार के लिए लेदर इंडस्टरीज में 22 लाख लोगों को शामिल करने की बात कही गई है, कुल मिलाकर यह बजट विकसित भारत को संकल्प करने में सहायक सिद्ध होगा इस ऐतिहासिक बजट पेश करने के लिए भाजपा सिमडेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी का आभार व्यक्त करती है।

## सेवानिवृत नर्स को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दी गई भावभीनी विदाई

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को एक साथ दो नर्स का सेवानिवृति होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.संजीत आनंद,डॉ. रंजीता कच्छप, डॉ.राजीव रंजन, डॉ.शशिकांत, डॉ. श्वेता, डॉ. बिनोद सुरीन मौजूद थे.वही सेवानिवृत्त नर्स दयमंती कुमारी व जसमनी कुजूर को शॉल ओढ़ा करते हुए चिकित्सको और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उपहार दिया गया। वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजीत आनंद ने कहा कि सरकारी कार्य मे सर्वनिवृत होना एक नियम ही है। जिसे आज हमारे ये दोनों नर्स पालन कर रहे हैं। साथ ही कहा कि जिस तरह इन दोनों ने विषम परिस्थिति में अपने कर्तव्य का निर्वहन किया वह सराहनीय है। बड़ा ही आत्मीयता के साथ मरीजों का सेवा किया उसे अन्य चिकित्सा कर्मियों को सिख लेने की आवश्यकता है। इनकी कार्य कुशलता के लिये हम सबों को सदैव इनका कमी महसूस होगा। वही डॉ.राजीव रंजन ने कहा कि चिकित्सकों का कार्य है। नर सेवा नारायण सेवा जिसे दयमंती कुमारी और जसमनी कुजूर ने अपने कार्यकाल के दौरान चरितार्थ किया। जिसे वे सराहनीय के पात्र हैं। इन्होंने हर मरीजों को परिवार का सदस्य जैसा सेवा किया जो सदैव याद रहेगा. डॉ. रंजीता कच्छप ने दोनों को शुभकामना देते हुए सफल व स्वस्थ्य जीवन का कामना किया। मौके पर दवेंद्र गिरी, मंसूर आलम, महेश कुजूर, सतीश यादव, अजय कुमार, वसीम अंसारी, कंचन कुमारी, विकास कुमार, किरण मुर्मू, सविता साहु, अमित कुमार सहित अन्य चिकित्सा कर्मी व परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

बजट में शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास पर विशेष जोर

# भारतीय युवाओं के लिए सुनहरा अवसर : प्रो. शाहिद अख्तर



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक प्रो. शाहिद अख्तर ने बजट में शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्र पर दिए गए विशेष ध्यान की सराहना की। उन्होंने कहा,इस बजट में प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलोशिप योजना के तहत 10,000 फेलोशिप्स की घोषणा की गई है, जिससे आईआईटी, आईजर्स और आईआईएससी में शोध कार्यों को नई दिशा मिलेगी। पांच वर्षों तक प्रत्येक शोधार्थी को प्रति वर्ष 2 लाख रुपये का अनुसंधान अनुदान मिलेगा, जिससे भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी नवाचार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकेगा। प्रो. अख्तर ने इस पहल को एक ऐतिहासिक कदम बताया, जिससे भारत में अनुसंधान को मजबूती मिलेगी और वैश्विक तकनीकी नेतृत्व में देश की भूमिका बढ़ेगी। इसके अलावा, उन्होंने सरकारी स्कूलों और विश्वविद्यालयों को डिजिटल कनेक्टिविटी से जोड़ने के निर्णय को क्रांतिकारी बताया। डिजिटल इंडिया मिशन के तहत हर सरकारी स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को ब्रॉडबैंड से जोड़ा जाएगा, जिससे ऑनलाइन शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। प्रो. अख्तर ने कहा कि उच्च शिक्षा में सुधार और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना भारत की युवा शक्ति को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

## सराहनीय व अद्भुत बजट : अतुल कुरलेकर



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोडस्टार के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट (बिजनेस) अतुल कुरलेकर ने कहा कि यह वास्तव में अद्भुत बजट है और इसके व्यापक दीर्घकालिक प्रभाव हैं। बजट से मध्यम वर्गीय परिवारों को निश्चित रूप से लाभ होगा और हम आर्थिक रूप से बहुत मजबूत देश की ओर बढ़ रहे हैं। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि व्यवसाय कर रहे हर व्यक्ति के लिए यह बजट लाभदायक है। कहा कि 12 लाख तक की इनकम पर कोई भी टैक्स नहीं देने से छोटे-बड़े व्यवसाईयों को काफी लाभ मिलेगा। अतुल कुरलेकर ने कहा कि बजट में स्मार्ट टीवी और स्मार्टफोन की कीमतों को लेकर बड़ा ऐलान किया गया है। अब इन प्रोडक्ट को पहले से कम कीमत में खरीद सकेंगे। वित्त मंत्री की घोषणा के मुताबिक भारत में बनने वाले यानी मेक इन इंडिया के सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान सस्ते होंगे। वित्त मंत्री ने मोबाइल फोन पर कस्टम ड्यूटी घटाने का ऐलान किया है। इसका सबसे बड़ा असल भारत में मैन्युफैक्चर होने वाले मोबाइल फोन्स की लागत पर पड़ेगा। कस्टम ड्यूटी घटने से मोबाइल फोन्स की कीमतों में भी गिरावट आएगी जिससे ग्राहकों को डायरेक्ट फायदा होगा। अब ग्राहकों को स्मार्टफोन खरीदने के लिए कम खर्च करना होगा। धनंजय सोनी ने कहा कि यह बजट मिडिल क्लास, व्यवसाय वर्ग और महिलाओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

## डेडीकेटेड अकादमी के 20वीं वर्षगांठ पर आईआईटी गुरु ई0 विनय कुमार मेहता का ऐलान

# 10वीं पास 500 छात्र-छात्राओं को देंगे फ्री कोचिंग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : पलामू के घर-घर में शिक्षा का अलख जगाने वाले, पलामू के धरतीपुत्र और आईआईटी गुरु के नाम से राज्य भर में मशहूर इंजीनियर विनय कुमार मेहता ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए दसवीं पास यानी इंटर साइंस में 500 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग देने का ऐलान कर पलामू के शिक्षा जगत में सनसनी फैला दी है। इन 500 छात्र-छात्राओं का नामांकन टेस्ट के आधार पर लिया जाएगा और इन्हें 2 वर्षों तक इंटर साइंस के फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, मैथ और इंग्लिश के पूरे सब्जेक्ट को घोलकर पिला दिया जाएगा।

ताकि वे आईआईटी, नीट सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में बैठें, तो डंके की चोट पर टॉपर में अपना स्थान बना सकें। ऐसे सभी जिलेवासी इस बात को जानते हैं कि इंजीनियर विनय मेहता द्वारा पढ़ाए हुए अभी तक हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं देश-विदेश में अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं और अच्छे पोस्ट पर नौकरी कर रहे हैं। इंजीनियर विनय कुमार मेहता कहते हैं, एक सोच किसी जगह को बदल देती है और एक आईडिया किसी की जिंदगी को बदल देती है। इसी सोच के साथ डेडीकेटेड अकादमी की स्थापना हुई थी। डेडीकेटेड अकादमी की स्थापना के 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर 500 छात्र-छात्राओं को फ्री कोचिंग देने का ऐलान करके विनय कुमार मेहता ने क्रांतिकारी कदम उठाया है। इनका कहना है कि जीवन में बेस्ट और श्रेष्ठ बनने का बेहतर माध्यम क्वालिटी एजुकेशन ही है।

पलामू का धरतीपुत्र होने के नाते और पलामू का ऋण उतारने के लिए ई. विनय कुमार मेहता ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को निशुल्क पढ़ाने का संकल्प लिया है, चाहे वह किसी भी जात, वर्ग और धर्म से हों। उन्होंने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि पलामू में बातें ज्यादा और काम काम हो रहा है। इंजीनियर विनय कुमार मेहता ने कहा कि पलामू के छात्र-छात्राओं को आईआईटी और नीट की तैयारी के लिए कोटा व दिल्ली न जाना पड़े, इसके लिए उन्होंने निःशुल्क पढ़ाने का ऐलान किया है।

## प्रतियोगिता परीक्षा के रिजल्ट में क्रांति लाना डेडीकेटेड का मुख्य उद्देश्य : पूनम पांडेय




डेडीकेटेड एकेडमी के कोर मेंबर श्रीमती पूनम पांडे ने कहा कि पिछले कई वर्षों से पलामू में डेडीकेटेड एकेडमी से शिक्षक, सहायक शिक्षक पद पर कई लोगों का चयन हुआ है। उनसे अनुरोध है कि अपने विद्यालय से केवल तीन मेधावी छात्र को निःशुल्क पढ़ने को प्रेरित करें। हम प्रतियोगिता परीक्षा के रिजल्ट में क्रांति ला देंगे। डेडीकेटेड एकेडमी 20वीं वर्षगांठ के इस अवसर पर बच्चों और अभिभावकों में खुशी की लहर है और यह शिक्षा क्षेत्र में एक नया बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि डेडीकेटेड का जैसा नाम है वैसा काम भी है। डेडीकेटेड से पढ़ कर निकले हुए छात्र देश के कोने-कोने में मिलेंगे। यहां तक की विदेश में भी यहां के छात्र अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं।

## पढ़ेगा पलामू तो बढ़ेगा पलामू : ई. विनय मेहता



आईआईटी ग्रुरु ई0 विनय कुमार मेहता ने कहा कि फ्री कोचिंग उन बच्चों के लिए है, जो मेहनत और समर्पण के साथ अपने सपनों को पूरा करने का जज्बा रखते हैं। यह सुनहरा अवसर प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए है। डेडीकेटेड एकेडमी का यह कदम समाज में शिक्षा के महत्व को समझाने और मेधावी बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एकेडमी ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष जो भी छात्र जैक, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड से मैट्रिक पास करेंगे, उन्हें फ्री कोचिंग का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस कदम से पलामू के शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव होगा। डेडीकेटेड एकेडमी के संस्थापक,निदेशक और आईआईटी गुरु से मशहूर ई. विनय कुमार मेहता ने कहा, एकेडमी का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चा, चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, वे अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचे। इस पहल के माध्यम से हम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक कदम और बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से डेडीकेटेड एकेडमी के छात्र पूरे देश और विदेश में अपना परचम लहरा रहे है। यह अवसर उन सभी बच्चों के लिए भी होगा, जो जेईई मेंस,एडवांस,नीट,एनडीए जैसे कंपटीशन परीक्षाओं की तैयारी के सोच से आए हैं। इससे पलामू के बच्चों की दशा और दिशा दोनों बदलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर प्रशासन हमारी इस पहल को साथ देगी तो पलामू में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने से कोई नहीं रोक सकता। अंत में उन्होंने कहा, पढ़ेगा पलामू तो बढ़ेगा पलामू।

## पलामू के हर घर के बच्चे को डॉक्टर-इंजीनियर व आईएएस-आईपीएस बनना डेडीकेटेड अकादमी का मुख्य लक्ष्य : डॉ. श्वेता कुमारी



डेडीकेटेड एकेडमी के उपनिदेशक और बायोलॉजी की प्रतिष्ठित शिक्षिका डॉक्टर श्वेता कुमारी ने कहा है कि डेडीकेटेड अकैडमी से पढ़े कई छात्र पिछले कई वर्षों से देश के विभिन्न जगहों पर डॉक्टर, इंजीनियर, साइंटिस्ट, शिक्षक इत्यादि बनकर देश की सेवा कर रहे हैं जो हमारे एवं पूरे पलामू के लिए गौरवान्वित होने की बात है। डेडीकेटेड एकेडमी के टीम ने बताया, यह ऐतिहासिक पहल इसलिए उठाया गया है, क्योंकि पिछले कई वर्षों से पलामू में कितने नए कोचिंग खुले और बंद हो गए, जिससे छात्रों को बहुत परेशानियां हुई और उनके साथ चीट भी किया गया। डॉक्टर श्वेता कुमारी ने कहा कि उनकी सोच है कि पलामू के हर घर का बच्चा डॉक्टर बने, इंजीनियर बने, आईएएस बने और आईपीएस बने। ऐसा होने से पलामू का नाम देश-विदेश तक फैलेगा। उन्होंने कहा कि बिहार और राजस्थान में कई ऐसे जिले हैं, जहां घर-घर के बच्चे अधिकारी बनते हैं। इसी सोच के तहत 500 बच्चों को डेडीकेटेड ने फ्री कोचिंग देने का ऐलान किया है। ताकि यहां भी हर घर का बच्चा अधिकारी बने।

# आत्मनिर्भर भारत की नई उड़ान: बजट 2025 से खुलेंगे विकास के नए द्वार : मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

**नई दिल्ली** : भारत के आर्थिक विकास और समावेशी सशक्तिकरण की दिशा में बजट 2025 एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट केवल आंकड़ों की प्रस्तुति नहीं, बल्कि देश के आर्थिक भविष्य का एक सुविचारित और ठोस ब्लूप्रिंट है। इसमें प्रत्येक वर्ग के कल्याण, आर्थिक मजबूती और सामाजिक उत्थान को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई गई हैं। मध्यम वर्ग को राहत, किसानों को समर्थन, युवा उद्यमियों को बढ़ावा और महिला सशक्तिकरण जैसे पहलुओं पर यह बजट केंद्रित है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने इस बजट को आत्मनिर्भर भारत की नई उड़ान बताते हुए इसे देश की आर्थिक स्वतंत्रता और विकास का मार्गदर्शक बताया है। मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने इस बजट को भारत के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला बताया। उन्होंने कहा,यह बजट आर्थिक सुधार, विकास और सुशासन का अद्वितीय संगम है। महिला सशक्तिकरण और उद्यमशीलता को लेकर मंच की राष्ट्रीय संयोजक और महिला विंग की प्रभारी डॉ. शालिनी अली ने बजट की सराहना करते हुए इसे महिलाओं के आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा,इस बजट में महिला उद्यमियों को बिना गारंटी के 2 करोड़ रुपये तक के ऋण की सुविधा दी गई है। यह योजना देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और महिला सशक्तिकरण को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।मंच के राष्ट्रीय संयोजक सैयद रजा हुसैन रिजवी ने एमएसएमई और स्टार्टअप्स को दी गई नई सुविधाओं की सराहना की। मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. माजिद तालिकोटी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए सुधारों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा,कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों की 36 दवाओं पर कस्टम ड्यूटी समाप्त कर दी गई है, जिससे मरीजों को महंगी चिकित्सा से राहत मिलेगी। मंच के राष्ट्रीय संयोजकों ने बजट 2025 को ऐतिहासिक और समावेशी बताया। शाहिद सईद ने कहा,यह बजट रोजगार, निवेश और नवाचार को प्राथमिकता देता है। एमएसएमई शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सुधार के साथ, यह बजट भारत को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा।

## मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है बजट : अमित शाह



**नयी दिल्ली :** बजट 2025 पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, बजट-2025 विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है। किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला और बच्चों की शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य से लेकर स्टार्टअप, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट तक, हर क्षेत्र को समाहित करता यह बजट पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप है। इस सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को को बधाई देता हूं।

# बजट में मकान मालिकों को बड़ा तोहफा, किराये की इनकम पर टीडीएस छूट की सीमा बढ़ाकर 6 लाख हुई

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को किराए पर स्रोत पर कर (ञ्ळ्ऱ्) कटौती की वार्षिक सीमा को वर्तमान 2.4 लाख रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये करने का ऐलान किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा, मैं टीडीएस की कटौती की दरों और सीमा को कम करके स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव करती हूं। इसके अलावा, बेहतर स्पष्टता और एकरूपता के लिए कर कटौती की सीमा राशि बढ़ाई जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि किराए पर टीडीएस के लिए 2.40 लाख रुपये की वार्षिक सीमा को बढ़ाकर 6 लाख रुपये किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि इससे टीडीएस के लिए उत्तरदायी लेनदेन की संख्या कम हो जाएगी, जिससे छोटे करदाताओं को छोटे भुगतान प्राप्त करने में लाभ होगा।



बजट दस्तावेज के अनुसार, आयकर अधिनियम की धारा 194-आई के अनुसार, कोई भी व्यक्ति, जो किसी निवासी को किराए के रूप में कोई आय देने के लिए जिम्मेदार है, उसे लागू दरों पर आयकर तभी काटना चाहिए, जब ऐसी किराये की आय की राशि एक वित्तीय वर्ष में 2.4 लाख रुपये से अधिक हो। इसमें कहा गया है, ÷स्रोत पर कर कटौती की आवश्यकता के लिए किराए के माध्यम से आय की इस सीमा राशि को एक वित्तीय वर्ष में 2.4 लाख रुपये से बढ़ाकर एक महीने या एक महीने के हिस्से में 50,000 रुपये करने का प्रस्ताव है।

टैक्स एक्सपर्ट का कहना है कि बजट में किया गया यह प्रस्ताव उन सभी लोगों को प्रभावित करता है जो किराया देते हैं (या प्राप्त करते हैं) और टीडीएस के अधीन हैं- चाहे वह घर का किराया हो या कार्यालयों, दुकानों या अन्य संपत्तियों का किराया हो। वार्षिक टीडीएस-ऑन-रेंट सीमा को 2.40 लाख रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये करने से, कम मूल्य के किराये के लेन-देन में टीडीएस कटौती की आवश्यकता कम होगी।

# आरपीएफ ने ऑपरेशन रेल प्रहरी के तहत दो को पकड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रेल मण्डल मे आरपीएफ के मण्डल सुरक्षा आयुक्त, पवन कुमार द्वारा आरपीएफ को यात्री सुविधा के लिए विशेष हिदयाते दी हुई है उसी क्रम मे 31.01.25 को ट्रेन संख्या 13352 एक्सप्रेस के कोच संख्या स्3 में एक महिला यात्री द्वारा छेड़छाड़ की घटना को लेकर ÷रेल मदद÷ पर शिकायत दर्ज कराई गई। सूचना प्राप्त होते ही आरपीएफ मूरी के एएसआई एम.के. जायसवाल, मेरी सहेली टीम एवं जीआरपी मुरी के एएसआई, गिरी कश्यप के साथ उक्त कोच में पहुंचे और शिकायतकर्ता से बातचीत की। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह बिना कन्फर्म टिकट के यात्रा कर रही थी और किसी अन्य यात्री के बैग पर सिर रखकर सो रही थी। झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन के पास जागने पर उसने पाया कि उसका मोबाइल फोन गायब था और आरोप लगाया कि वही व्यक्ति उसे अनुचित रूप से छू रहा था। एफआईआर दर्ज करने की सलाह देने पर वह मुरी रेलवे स्टेशन पर उतर गई और संदेह के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति को ट्रेन से उतारकर पूछताछ की गई। जांच के दौरान पता चला कि नाबालिग लड़की अपने प्रेमी के साथ घर से भागी थी। उनके पास केवल सामान्य टिकट था, जिसके कारण वे गेट के पास सो रहे थे। लड़की ने मोबाइल चोरी की शिकायत की थी, लेकिन संदेह के आधार पर उसने व्यक्ति पर छेड़छाड़ का आरोप भी लगाया। लड़की ने इस संबंध में लिखित आवेदन भी दिया। आगे की जांच में पता चला कि लड़की देव दास नामक लड़के के साथ घर से भागी थी और उसके पिता ने करों थाना, देवघर में धारा 96/137(2)/3(5) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस संबंध में मूरी आरपीएफ निरीक्षक को सूचित किया गया, जिन्होंने करों थाना प्रभारी से संपर्क किया। तत्पश्चात, करों थाना, देवघर से उपनिरीक्षक सुदामा प्रसाद आरपीएफ पोस्ट मुरी पहुंचे, तथा तमाम औपचारिकता पूरी करके दोनों को सुरक्षित रूप से सुपुर्द कर दिया गया। आरपीएफ मुरी के इस सराहनीय कार्य के लिए करों थाना, देवघर ने आभार व्यक्त किया।संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी~निरीक्षक संजीव कुमार, एएसआई एम.के. जायसवाल, स्टाफ वी.के. रजक तथा एम.के. मीना।

# बजट 2025 की 10 ऐसी खास बातें, जो खुद पीएम मोदी ने गिनाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आजादी के बाद 2024 में किसी दूसरे प्रधानमंत्री को लगातार तीसरी बार देश ने चुना. पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल को भारत के लिए महत्वपूर्ण दुनिया भी मानती रही है. मोदी 3.0 के पहले पूर्णकालिक बजट में साफ तौर पर भविष्य के भारत की झलक है. जहां टैक्स की मार नहीं है. आम आदमी के लिए ढेरों योजनाएं हैं और बिजनेस करने के लिए इज ऑफ डूइंग हैं. बजट के बाद खुद पीएम मोदी ने भी बजट को ऐतिहासिक बताया. समझिए बजट क्यों है ऐतिहासिक...

**लोगों की जेब भरने वाला बजट**-अब 12 लाख रुपये तक की कमाई पर कोई इनकम टैक्स नहीं लगेगा. यानी अगर आपकी सालाना आय 12 लाख तक है, तो आपको टैक्स नहीं देना होगा. इसके अलावा, स्टैंडर्ड डिडक्शन जोड़कर यह लिमिट 12.75 लाख तक हो जाती है.

**शिप बिल्डिंग पर जोर**-वर्तमान में टन भार कर स्कीम केवल समुद्र में जाने वाले जहाजों के लिए उपलब्ध है. देश के जल परिवहन को बढावा देने के लिए मौजूदा टन भार कर स्कीम के लाभों को भारतीय जलयान अधिनियम, 2021 के तहत पंजीकृत अंतर्देशीय जलयानों के लिए विस्तारित करने का प्रस्ताव किया गया है. इससे देश में जल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा.

**50 टूरिस्ट टेस्टिनेशन पर होटल बनेंगे**-देश में शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को राज्यों की भागीदारी से चैलेंज मोड माध्यम से विकसित किया जाएगा. इसके लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए जमीन की व्यवस्था राज्य करेंगे. उन स्थलों के होटलों को इंफ्रास्ट्रक्चर एचएमएल में शामिल किया जाएगा.

**50 टूरिस्ट टेस्टिनेशन पर होटल बनेंगे**-देश में शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को राज्यों की भागीदारी से चैलेंज मोड माध्यम से विकसित किया जाएगा. इसके लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए जमीन की व्यवस्था राज्य करेंगे. उन स्थलों के होटलों को इंफ्रास्ट्रक्चर एचएमएल में शामिल किया जाएगा.



**पांडुलिपि के लिए मिशन**- शैक्षणिक संस्थानों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहकर्ताओं के साथ पांडुलिपि के सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण और संरक्षण के लिए ज्ञान भारतम मिशन शुरू किया जाएगा. इसमें 1 करोड़ से अधिक पांडुलिपियों को शामिल किया जाएगा. इसे सभी तक सुलभ कराने के लिए राष्ट्रीय डिजिटल संग्रह स्थापित किया जाएगा.

**100 जिलों में सिंचाई**- बजट में राज्यों की भागीदारी से 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना% का ऐलान किया गया है. इसमें देश के ऐसे 100 जिलों को शामिल किया जाएगा, जहां फसल की कम उत्पादकता है, कम फसलों की बुआई होती है और औसत से कम ऋण किसान लेते हैं. इस योजना के जरिए किसानों की कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के साथ ही सिंचाई की सुविधा के सुधार पर खास ध्यान दिया जाएगा.

**किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट**- बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ा दी गई है. अब 3 लाख रुपये की सीमा को बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है. इससे 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी के काम से जुड़े लोगों को फायदा होगा.

**सभी स्लैब में टैक्स में कमी**- बजट में वित्त मंत्री ने हर स्लैब में टैक्स में कमी की है. अगर आप सालाना 12 लाख कमाते हैं और आपने नई टैक्स रिजीम चुन रखी है, तो अब आप टैक्स के दायरे से बाहर हैं. नई टैक्स रिजीम के स्लैब बदले गए हैं. 12 से 16 लाख की इनकम पर 15 पर्सेंट, 16 से 20 लाख की इनकम पर 20 पर्सेंट और 20 से 24 लाख पर 25 पर्सेंट टैक्स लगेगा. इससे 12 लाख वाले को 80 हजार का सीधा फायदा होगा. 18 लाख वाले कमाने वाले को 70 हजार रुपये बचेंगे. 25 लाख आमदनी वाले को 1 लाख 10 हजार का फायदा होगा.

**नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन**- नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन का लक्ष्य साफ है, भारतीय प्रॉडक्ट को बढ़ावा देना. नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन राज्यों के साथ मिलकर लैंड पॉलिसी, लेबर पॉलिसी, पावर रेट्स आदि को आसान बनाकर वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने पर काम करेगी. इसमें प्राइवेट सेक्टर का भी योगदान रहेगा.

**लोन**- छोटे और मिडिल उद्योगों की लोन गारंटी को बढ़ाया गया है. इसे 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया है. अगले 5 वर्षों में 1.5 लाख करोड़ के अतिरिक्त लोन उपलब्ध होंगे. स्टार्ट-अप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दिया गया है.